जबलपुर रविवार 09 अगस्त 2026 > शक संवत 1948, श्रावण कृष्ण पक्ष एकादशी

वर्ष 32 अंक 43 मूल्य ₹ 3.00 > पेज 12 > आर.एन.आई. पंजीयन नम्बर 64561/96

www.swatantramat.com

# स्वतंत्र मत




अब हर रोज दर्पण ⏩ 3

मौसम
अधिकतम तापमान 27.8°C
न्यूनतम तापमान 24.6°C
सूर्योदय - 5.45 | सूर्यास्त - 6.47

स्वतंत्र मत में विज्ञापन देने के लिए 9589920250 पर कॉल करें * स्वतंत्र मत का अंक प्राप्त करने के लिए 9301359695 पर कॉल करें।



आदिवासी अंचल में मलेरिया का प्रकोप... ⏩ 4



डेंगू की चपेट में आईं अविका गोर, 104 डिग्री ... ⏩ 7



महाविद्यालय में भारतीय शिक्षण मंडल ..⏩ 9

# सिर्फ कानून बनाने से नहीं मिलेगा न्यायः सीजेआई

इंदौर

भारत के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत ने कहा- सिर्फ कानून बना देने से आम लोगों तक न्याय नहीं पहुंच सकता। न्याय व्यवस्था और जनता के बीच दूरी नहीं होनी चाहिए। जरूरतमंद व्यक्ति जब कानूनी मदद के लिए पहुंचे तो पहले उसकी बात सुनी जाए, उसे सम्मान मिले। जरूरतमंद की समस्या को समझा जाए। इंदौर के ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में 8 और 9 अगस्त को आयोजित पश्चिम क्षेत्रीय सम्मेलन में जस्टिस सूर्यकांत ने कहा- हर क्षेत्र की समस्या अलग होती है, इसलिए समाधान भी स्थानीय होना चाहिए। लोगों तक उनकी स्थानीय बोली में कानूनी अधिकार और मदद पहुंचानी होगी। जस्टिस सूर्यकांत ने कहा- आम नागरिक के लिए न्याय का अनुभव केवल राहत, मुआवजा, केस में बरी होने या सजा मिलने तक सीमित नहीं है। न्याय का अनुभव उससे पहले शुरू हो जाता है। आम नागरिक को न्याय देने से पहले महसूस हो कि उसकी बात सुनी गई है। उसे सम्मान मिला है। जस्टिस सूर्यकांत ने कहा- विधिक सेवा व्यवस्था का संवाद केवल बैठकों और सम्मेलनों तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि राष्ट्रीय स्तर से राज्य, जिला, तालुका और पैरा-लीगल वालंटियर तक लगातार चलना चाहिए। जस्टिस सूर्यकांत ने कहा- मध्यप्रदेश के आदिवासी परिवार, गोवा के मछुआरा समुदाय, गुजरात के प्रवासी मजदूर या मुंबई में कानूनी सहायता मांगने वाली महिला की समस्याएं एक जैसी नहीं हो सकतीं। इसलिए सभी के लिए एक जैसा समाधान भी संभव नहीं है। मुख्य

### चीफ जस्टिस बोले- स्थानीय बोली में दें कानूनी मदद




न्यायाधीश ने कहा- लीगल सर्विसेज इंस्टीट्यूशन को यह सोच बदलनी होगी कि जरूरतमंद व्यक्ति स्वयं उनके पास आए। इसके बजाय संस्थाओं को लोगों तक पहुंचना चाहिए। नई योजनाएं शुरू करना और आंकड़े बढ़ाना ही समावेशन नहीं है। लगातार यह सवाल पूछना होगा कि क्या कोई और गांव है जहां पहुंचना बाकी है। कोई और कमजोर समुदाय है, जिससे जुड़ना बाकी है। कोई दूसरी भाषा है, जिसमें कानूनी अधिकार समझाने की जरूरत है, या कोई ऐसी बाधा है जिसे हटाना जरूरी है। जस्टिस सूर्यकांत ने मध्यप्रदेश की लोकमाता अहिल्याबाई होलकर के न्याय के प्रति समर्पण का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि उनका शासन आम लोगों से सीधे जुड़ा था। अहिल्याबाई किसानों, विधवाओं और व्यापारियों से प्रतिदिन सीधे मिलती थीं। उनके और जनता के बीच कोई भेदभाव या मध्यस्थता नहीं थी। आज की विधिक सेवा व्यवस्था के लिए भी यह संदेश है कि न्याय व्यवस्था को आम नागरिक के करीब ले जाना होगा। उसकी समस्या को सीधे समझना होगा।

### न्याय में पुत्र-प्रजा में भेद नहीं होना चाहिए: मुख्यमंत्री

कॉन्फ्रेंस में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा- न्याय की भारतीय परंपरा बेहद समृद्ध और गौरवशाली रही है। शासक के लिए न्याय करते समय पुत्र और प्रजा में कोई अंतर नहीं होना चाहिए। लोकमाता अहिल्याबाई होलकर ने अपने शासन में इस आदर्श को व्यवहार में उतारकर दिखाया था। उन्होंने कहा कि अहिल्याबाई ने अपने इकलौते पुत्र की गलती पर उसे भी वही दंड दिया, जो सामान्य व्यक्ति को अपराध करने पर मिलता। गलती चाहे किसी से भी हो, न्याय सबके लिए समान होना चाहिए।

### यात्रियों से भरी बस पलटी, 7 की मौत

**चंबा।** हिमाचल प्रदेश के चंबा में शनिवार सुबह एक प्राइवेट बस पलट गई। जिससे 7 लोगों की मौत हो गई। मृतकों में तीन महिलाएं और चार पुरुष शामिल हैं। हादसे में 11 यात्री घायल हो गए। जिन्हें तीसा अस्पताल में प्राथमिक उपचार देने के बाद चंबा मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। बस सुबह 7 बजे बैरागढ़ से चंबा के लिए चली थी। बैरागढ़ से कुछ ही दूरी पर 'शर्मा कोच' बस चालुंज मोड़ के पास बेकाबू होकर पलटी, फिर 50 मीटर नीचे दूसरी सड़क पर जा गिरी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार- बस पलटते ही मौके पर चीख पुकार मच गई। अंदर फंसे लोग एक दूसरे पर जा गिरे। जेसीबी की मदद से बस को तोड़ा गया, फिर अंदर फंसे मृतकों और घायलों को बाहर निकाला गया।

### 20 दिन पहले रोकी गई अमरनाथ यात्रा

**जम्मू।** बाबा अमरनाथ की यात्रा तय समय से 20 दिन पहले रोक दी गई है। लगातार बारिश और लैंडस्लाइड के कारण रास्ते खराब हो जाने के कारण यह फैसला लिया गया। अब जो जत्थे यात्रा पर हैं, उन्हीं की यात्रा पूरी कराई जाएगी। नए जत्थे नहीं भेजे जाएंगे। अब तक 4.8 लाख से ज्यादा श्रद्धालु पवित्र गुफा के दर्शन कर चुके हैं। डिविजनल कमिश्नर कश्मीर अंशुल गर्ग ने बताया कि आईएमडी ने अगले कुछ दिनों में खराब मौसम का पूर्वानुमान जारी किया है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए 9 अगस्त से दोनों रूट पर यात्रा रोकने का फैसला किया गया है। लेकिन पारंपरिक छड़ी मुबारक कार्यक्रम के साथ इसका धार्मिक समापन होगा।

# युवाओं को 'चक्रव्यूह' में फंसा रहा सिस्टम : राहुल

## एक हजार में से सिर्फ 12 युवाओं को मिलती है परमानेंट नौकरी



प्रयागराज

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने प्रयागराज में 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम को 20 मिनट तक संबोधित किया। राहुल के साथ प्रियंका गांधी की बेटी मिराया भी रहीं। राहुल ने कहा कि भारत में करीब 40 करोड़ युवा हैं। यही देश की सबसे बड़ी ताकत हैं। चीन की चर्चा होती है, लेकिन भारत के युवाओं के सामने उसकी ताकत कुछ भी नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि परिवारों से लाखों करोड़ रुपए लिए जाते हैं और बदले में बीए-एमए की डिग्री मिलती है, लेकिन यह सर्टिफिकेट रोजगार की गारंटी नहीं देता। 1 हजार युवाओं में से केवल 12 को ही स्थायी नौकरी मिलती है। युवाओं का डेटा छीनकर बड़ी-बड़ी कंपनियों को दिया जाता है। राहुल ने कहा- एआई के जरिए कॉरपोरेट के दरवाजे भी बंद कर दिए गए हैं। इसीलिए आपको भयंकर दर्द हो रहा है। ये सिस्टम क्या है, ये सिस्टम को कौन चलाता है। हम उसकी बात करेंगे। डेटा आपका दर्द आपका दौलत इनकी, ये सिस्टम है अंबेडकर जी ने कहा था सोशल पॉलिटिकल इकोनॉमिक। अडाणी 10 साल में दूसरे सबसे अमीर बन गए हैं। ये पूरा सिस्टम चला रहे हैं। वोट चोरी होती है, वोटर लिस्ट में ब्राजील की औरतें आती हैं। हर संस्था में ये आरएसएस के प्रचारक रख रहे हैं। यूनिवर्सिटी कॉलेज में प्रचारक, पैरा मिलिट्री में प्रचारक। मोदी, भागवत, शाह और अडाणी जी के सिस्टम ने आप पर आक्रमण किया है। इस अंधेरे में आप लोगों ने लाइट जला दी। आपने वो करा जो आपके माता पिता नहीं कर पाए। वो अपने डर का सामना नहीं कर पाए, लेकिन युवाओं ने अपने डर का सामना किया और देश को बदल दिया। आपने अपनी आवाज रखी नफरत के साथ नहीं, मोहब्बत के साथ।

### डेटा के बिना एआई का कोई मतलब नहीं

राहुल गांधी ने कहा, सभी एआई की बात करते हैं, लेकिन आपके डेटा के बिना एआई का कोई मतलब नहीं है। डेटा से एआई बना सकते हैं, लेकिन एआई से डेटा नहीं बना सकते। डेटा और युवाओं की क्षमता उनकी है, लेकिन सिस्टम ने युवाओं को चक्रव्यूह में फंसा रखा है। 1000 युवाओं में से केवल 12 को स्थायी नौकरी मिलती है। युवाओं का डेटा छीनकर बड़ी-बड़ी कंपनियों को दिया जाता है। आपसे कहा जाता है कि जितनी रील देखनी है और जितनी रील बनाना चाहते हैं, बनाओ। यह 21वीं सदी का नशा है।

### स्टूडेंट के दिल में मोहब्बत होनी चाहिए

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने प्रयागराज में 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम में कहा- तो ये थी बिहार और यूपी की आवाज। अब मैंने आपसे कहा कि आपने अंधेरे में टार्च जला दी। आप सब बात समझ गए। स्टूडेंट के दिल में नफरत नहीं मोहब्बत होनी चाहिए। राहुल गांधी ने कहा कि मैंने पिछली स्लाइड में मोदी, भागवत, अडाणी की फोटो दिखाई, लेकिन आपको सिस्टम को खत्म टाटा बॉय बॉय करना है। ये सब आपको प्यार के साथ करना है। मैं आपके साथ खड़ा हूं और आगे भी रहूंगा।

### बंद पड़े हैं नौकरी के दरवाजे

राहुल गांधी बोले- आप पढ़ाई में पैसा खर्च करते हैं, लेकिन देश में नौकरी के दरवाजे बंद पड़े हैं। पहला दरवाजा बंद है- मैन्यूफैक्चरिंग का। दूसरा दरवाजा बंद है- स्टार्टअप का और तीसरा दरवाजा बंद है- सरकारी नौकरी का। आपको मेड इन चाइना, मेड इन कोरिया दिखेगा, लेकिन मेड इन इंडिया नहीं दिखेगा। जो छोटे बिजनेसमैन रोजगार दिलाते थे, वो बंद हो गए। स्टार्टअप इंडिया कहां चला गया। युवा पेपर लीक का सामना करते हैं। 150 युवा में एक युवा पास होता है। पब्लिक सेक्टर को प्राइवेटाइज कर दिया गया है।

### महिला आरक्षण को परिसीमन से क्यों जोड़ रहे

राहुल गांधी ने शनिवार को कहा कि महिला आरक्षण बिल 2023 में ही संसद से सर्वसम्मति से पास हो चुका है और कांग्रेस ने इसका पूरा समर्थन किया था। लेकिन तीन साल बाद भी कानून लागू नहीं किया गया है। राहुल गांधी ने केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू से सवाल किया कि महिला आरक्षण कानून को लागू करने में देरी क्यों हो रही है और इसे परिसीमन से क्यों जोड़ा जा रहा है। उन्होंने सरकार से 2023 में पारित कानून को बिना किसी शर्त के लागू करने की मांग की। महिलाओं को आरक्षण नहीं मिलने का मुद्दा विपक्ष उठाता रहा है और इसे पूरी तरह लागू करने की बात कहता रहा है। जबकि सरकार परिसीमन के जरिए लोकसभा सीटें बढ़ाकर इसे लागू करने की बात कह रही है।




# जो सीखेगा, वह जीतेगा

**आईआईटी दिल्ली के 57वें दीक्षांत समारोह में बोले प्रधानमंत्री**


**नई दिल्ली (वार्ता)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डेटा सेंटर, क्रिटिकल मिनरल्स, डीप सी एक्सप्लोरेशन, बैटरी, पावर स्टोरेज, एनर्जी सिक्योरिटी, इलेक्ट्रिक मोबिलिटी और क्वांटम कंप्यूटिंग जैसे अनेक क्षेत्र देश के युवाओं की प्रतिभा, नवाचार और नेतृत्व का इंतजार कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने आईआईटी दिल्ली के 57वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि भारत ऐसे समय में विकसित भारत की यात्रा पर आगे बढ़ रहा है जब दुनिया तेजी से बदल रही है और इस बदलाव के पीछे सबसे बड़ी ताकत प्रौद्योगिकी की गति है। उन्होंने कहा कि आने वाले 20-30 वर्षों की दुनिया कैसी होगी, यह निश्चित रूप से कोई नहीं कह सकता, लेकिन बदलाव के दौर में चुनौतियों के साथ नये अवसर भी पैदा होते हैं। उन्होंने कहा,दुनिया बदलेगी, प्रौद्योगिकी भी बदलेगी, उद्योग बदलेगा, पेशे भी बदलेंगे। लेकिन, इन सबके बीच मेरी बात याद रखिएगा, जो सीखेगा, वह जीतेगा। जो नयी चुनौतियों के नये उपाय खोजने का साहस रखेगा, चुनौतियां उसके लिए अवसर बन जाएंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आईआईटी से मिलने वाली डिग्री केवल परीक्षा पास करने, अच्छा सीजीपीए हासिल करने या अच्छा प्लेसमेंट पाने का प्रमाण नहीं है, बल्कि यह इस बात का प्रमाण है कि विद्यार्थी कठिन समस्याओं का समाधान करना जानते हैं। उन्होंने कहा कि जीवन में जब कोई चुनौती बड़ी लगे तो उससे घबराने के बजाय उसे छोटे-छोटे हिस्सों में बांटकर समाधान तलाशना चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश के युवाओं के सामने आने वाले वर्षों में नई तकनीकों और क्षेत्रों में काम करने के व्यापक अवसर होंगे। उन्होंने कहा कि सरकार की आधुनिक नीतियों के कारण ऐसे कई क्षेत्र युवाओं के लिए खुले हैं, जहां पहले प्रवेश के अवसर सीमित थे और देश में नये-नये क्षेत्र भी बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि विकसित भारत की यात्रा में युवाओं की भूमिका बड़ी है और देश का युवा जितना सशक्त होगा, देश उतना ही सशक्त होगा।

### चार उच्च न्यायालयों में 30 न्यायाधीश, अतिरिक्त न्यायाधीश नियुक्त

**नई दिल्ली (वार्ता)** सरकार ने मद्रास,कलकत्ता, कर्नाटक और मध्य प्रदेश उच्च न्यायालयों के लिए कुल तीस न्यायाधीशों और अतिरिक्त न्यायाधीशों की नियुक्ति की है। विधि एवं न्याय मंत्रालय की शनिवार को जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के परामर्श के बाद गोविंदराजन कृष्णस्वामी, रजनीश पथियिल, रमेश नटराजन, जीके मुथुकुमार और रामकृष्णन राजेश विवेकानन्थन को मद्रास उच्च न्यायालय में न्यायाधीश नियुक्त किया है। ये सभी अधिवक्ता से सीधे न्यायाधीश नियुक्त किये गये हैं। इसके अतिरिक्त तीन अधिवक्ताओं और सात न्यायिक अधिकारियों को इसी न्यायालय के लिए अतिरिक्त न्यायाधीश नियुक्त किया गया है। कलकत्ता उच्च न्यायालय के लिए आठ अधिवक्ताओं को अतिरिक्त न्यायाधीश बनाया गया है। इसी तरह कर्नाटक उच्च न्यायालय के लिए छह अधिवक्ताओं को अतिरिक्त न्यायाधीश के पद पर नियुक्त किया गया है। अधिवक्ता अमित लाहोटी को मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय में अतिरिक्त न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया है।

## उत्तराखंड से होगा कांग्रेस की जीत का शंखनाद : खड़गे

नई दिल्ली (वार्ता)



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने दावा किया है उत्तराखंड की भाजपा सरकार से जनता त्रस्त है और लोग बदलाव चाहते हैं इसलिए उन्हें पूरा विश्वास है कि उत्तराखंड से कांग्रेस की विजय का शंखनाद शुरू होगा और अगले विधानसभा चुनाव के बाद राज्य में उनकी पार्टी की सरकार बनेगी। खड़गे ने उत्तराखंड के हल्द्वानी में शनिवार को जनसभा को संबोधित करने के बाद सोशल मीडिया एक्स पर लिखा उत्तराखंड को देवभूमि के नाम से जाना जाता है और यह वीरों की भूमि भी है। इस पावन भूमि को मैं नमन करता हूं। कुमाऊं और गढ़वाल रेजिमेंट पूरे देश में प्रसिद्ध हैं। इसी धरती से निकले एक वीर सपूत को देश का पहला परमवीर चक्र मिला था। इसलिए उत्तराखंड के लोग गर्व से कह सकते हैं कि वे देश की रक्षा करने वाले लोगों की भूमि से आते हैं। उन्होंने कहा कि 1942 में कांग्रेस ने भारत छोड़ो का ऐतिहासिक प्रस्ताव पारित किया था और महात्मा गांधी ने देश को करो या मरो का मंत्र दिया था। आज भी देश एक ऐसे मोड़ पर खड़ा है, जहां संविधान की भावना, लोकतंत्र की मर्यादा और समाज की एकता की रक्षा की चुनौती सामने है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस हमेशा की तरह इस लड़ाई के लिए प्रतिबद्ध है और इसी विश्वास के साथ वह उत्तराखंड की जनता से आशीर्वाद और साथ मांगने वह हल्द्वानी पहुंचे। उन्होंने दावा किया कि अगले विधानसभा चुनाव के बाद उत्तराखंड में कांग्रेस की ही सरकार आएगी। श्री खड़गे ने उत्तराखंड के लोगों का आह्वान करते हुए कहा, अब तो इस तालाब का पानी बदल दो, ये कमल के फूल कुम्हलाने लगे हैं। इसका अर्थ है कि इन मुरझाए हुए फूलों को हटाकर राज्य में कांग्रेस की सरकार बनानी है और देश को आगे बढ़ाना है।

## सीआईडी की कार्यप्रणाली पर जनविश्वास नहीं : मरांडी

**रांची (वार्ता)।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने जेपीएससी और सीजीएल घोटाले को लेकर जांच कर सीआईडी को लेकर बड़ा बयान दिया है। मरांडी ने कहा कि झारखंड में जेपीएससी और सीजीएल परीक्षा घोटालों की जांच कर रही सीआईडी की सत्यनिष्ठा और कार्यप्रणाली पर अब आम जनता का रत्ती भर भी विश्वास नहीं रह गया है। मरांडी ने कहा कि यह अविश्वास निराधार नहीं है जिस सीआईडी ने सीजीएल परीक्षा धोखाधड़ी में दुर्भावनापूर्ण तरीके से जांच की पकृति ही बदल दी और अपनी नाकामी व असली दोषियों को छिपाने के लिए सारा दोष नेपाल में कोचिंग लेने वाले छात्रों पर मढ़ दिया, उससे जेपीएससी घोटाले में न्याय की उम्मीद करना पूरी तरह बेमानी है।



मरांडी ने कहा कि सीआईडी का पिछला इतिहास हमेशा से सच को दबाने और समझौता करने वाला रहा है। ऐसे में राज्य के हर युवा और नागरिक का अब सरकार से सीधा सवाल है कि अगर उसके हाथ वाकई साफ हैं और उसे किसी बात का डर नहीं है, तो वह इस पूरे महाघोटाले की निष्पक्ष जांच सीबीआई को क्यों नहीं सौंप देती?

# परिसीमन के खिलाफ सर्वदलीय बैठक में जुटे 21 सांसद

चेन्नई

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय ने शनिवार को राज्य के सांसदों की एक अहम बैठक की अध्यक्षता की। बैठक का उद्देश्य केंद्र सरकार के प्रस्तावित परिसीमन को लेकर एकजुट रणनीति तैयार करना था। हालांकि, राज्य की प्रमुख क्षेत्रीय पार्टियां द्रमुक (डीएमके) और अन्नाद्रमुक (एआईएडीएमके) बैठक में शामिल नहीं हुईं। चेन्नई के कलैवानर अरंगम में हुई बैठक में लोकसभा और राज्यसभा के करीब 21 सांसद शामिल हुए। इनमें कांग्रेस, वीसीके, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी, माकपा, एमडीएमके और इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग के सांसद शामिल थे। बैठक में शामिल नेताओं ने एक सुर में जनसंख्या के आधार पर लोकसभा क्षेत्रों का पुनर्निर्धारण करने और इससे तमिलनाडु का राजनीतिक प्रभाव कम होने पर इसका कड़ा विरोध करने की बात कही। मुख्यमंत्री विजय की अध्यक्षता में हुई सर्वदलीय बैठक में बनी सहमति पर कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम ने कहा कि संसद में तमिलनाडु का प्रतिनिधित्व किसी भी स्थिति में कम नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा, यह दलगत राजनीति से ऊपर का मुद्दा है। उन्होंने कहा कि बैठक में परिसीमन के संभावित प्रभावों पर चर्चा हुई और मांग को लेकर स्पष्ट सहमति बनी है। उन्होंने कहा, हमने परिसीमन के अलग-अलग तरीकों से पड़ने वाले प्रभावों पर चर्चा की। हम बिल्कुल स्पष्ट हैं कि लोकसभा की कुल संख्या 543 पर स्थिर रहनी चाहिए और तमिलनाडु के 39 सांसदों का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया जाना चाहिए। चिदंबरम ने बताया कि तमिलनाडु के दोनों सदनों के करीब 21 सांसद बैठक में शामिल हुए।

### परिसीमन पर तमिलनाडु में सियासी घमासान



**डीएमके-एआईएडीएमके ने बनाई दूरी**

### कांग्रेस का क्या है पक्ष?

कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम ने कहा, संसद में हमारा प्रतिनिधित्व कम नहीं किया जा सकता। जनसंख्या के आधार पर या आनुपातिक वृद्धि के आधार पर किसी भी तरह का बदलाव और परिसीमन स्वीकार नहीं किया जाएगा। हम चाहते हैं कि लोकसभा की संख्या 543 पर स्थिर रहे और राज्यों के बीच सीटों का मौजूदा बंटवारा भी बरकरार रहे। इसका मतलब है कि 543 सदस्यों वाली लोकसभा में तमिलनाडु के 39 सदस्य रहेंगे। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या वाली लोकसभा अप्रभावी लोकसभा होगी और इससे राज्य को लाभ नहीं होगा।

### डीएमके ने क्यों बनाई बैठक से दूरी?

परिसीमन के मुद्दे पर बुलाई गई राज्य के सांसदों की सर्वदलीय बैठक से प्रमुख विपक्षी दलों के दूर रहने के बीच द्रमुक ने अपने फैसले का बचाव किया है। द्रमुक के प्रवक्ता टीकेएस इलंगोवन ने कहा कि पार्टी ने बैठक का बहिष्कार इसलिए किया क्योंकि तमिलगा वेत्री कझगम (टीवीके) ने परिसीमन को लेकर अपना रुख स्पष्ट नहीं किया है। उन्होंने कहा, सवाल यह है कि परिसीमन पर उनका रुख क्या है?

# जिनसार ने मनाया विश्व स्तनपान सप्ताह, हुए विविध आयोजन

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

हितकारिणी सभा द्वारा संचालित जबलपुर इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग साइंसेज़ एंड रिसर्च (जिनसार) द्वारा 1 अगस्त से 7 अगस्त 2026 तक विश्व स्तनपान सप्ताह का उत्साहपूर्वक आयोजन किया गया। इस सप्ताह का उद्देश्य स्तनपान के महत्व, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य तथा उचित पोषण के प्रति विद्यार्थियों एवं समाज में जागरूकता बढ़ाना था। इस अवसर पर संस्थान द्वारा शैक्षणिक, जागरूकता एवं प्रतियोगितात्मक गतिविधियों की एक श्रृंखला आयोजित की गई। कार्यक्रम के प्रथम दिवस स्तनपान एवं मातृ देखभाल के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने आकर्षक एवं संदेशपरक रंगोलियों के माध्यम से स्तनपान के महत्व को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया।



**रंगोली, पोस्टर प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन, विजेता हुए पुरस्कृत**

## रंगोली प्रतियोगिता के विजेता

रंगोली प्रतियोगिता प्रथम पुरस्कार अंजलि बकोड़े, द्वितीय पुरस्कार रोशनी अहिरवार एवं तृतीय पुरस्कार मानशिखा पटेल विजेता रहे। इसी अवसर पर पोस्टर प्रदर्शन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने स्तनपान, मातृ स्वास्थ्य एवं शिशु पोषण पर आधारित उत्कृष्ट पोस्टर प्रस्तुत किए। इसी प्रकार पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार, अंतरा सिंह, द्वितीय पुरस्कार ऋषिका सोनी, तृतीय पुरस्कार वंदना सिंह विजेता रहे।

## मेडिकल कॉलेज में स्वास्थ्य शिक्षा कार्यक्रम

इसी कड़ी में 4 अगस्त को नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, जबलपुर में स्वास्थ्य शिक्षा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने गर्भवती एवं स्तनपान कराने वाली माताओं तथा उनके परिजनों को स्तनपान के लाभ, जन्म के बाद पहले छह माह तक केवल स्तनपान कराने की आवश्यकता, मातृ पोषण तथा स्तनपान के माध्यम से शिशुओं को विभिन्न बीमारियों से सुरक्षित रखने संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की।

5 अगस्त को तिलवारा में जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर आमजन को स्तनपान की सही विधियों, मातृ स्वास्थ्य की देखभाल तथा स्तनपान कराने वाली माताओं को परिवार के सहयोग के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। स्थानीय नागरिकों ने कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा कार्यक्रम की सराहना की। 6 अगस्त को स्तनपान, मातृ स्वास्थ्य, नवजात शिशु देखभाल एवं पोषण विषय पर अंतरमहाविद्यालयीन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

## प्रतियोगिता के विजेता

प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अनुश्री कॉलेज ऑफ नर्सिंग की मुस्कान, नयनसी, तनु साहू विजेता रहीं। द्वितीय स्थान जबलपुर इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग साइंसेज़ एंड रिसर्च सानिया कौसर, मंजू यादव, शिराली यादव रहीं। इसी प्रकार तृतीय स्थान प्रेमवती कॉलेज ऑफ नर्सिंग अभिषेक, वैशाली, कुंदन गुप्ता ने प्राप्त किए। इसी दिन एनएससीबी नर्सिंग कॉलेज द्वारा आयोजित रंगोली प्रतियोगिता में जिन्सार की छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम एवं द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किए।

## समूह चर्चा एवं नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता का आयोजन

विश्व स्तनपान सप्ताह के अंतिम दिवस जिन्सार में समूह चर्चा का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने स्तनपान जागरूकता, मातृ पोषण, पहले छह माह तक केवल स्तनपान, स्तनपान कराने वाली माताओं की चुनौतियाँ तथा स्तनपान को बढ़ावा देने में स्वास्थ्य कर्मियों की भूमिका जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया। इस चर्चा ने विद्यार्थियों में ज्ञान-विनिमय, तार्किक चिंतन एवं टीम भावना को प्रोत्साहित किया। इसी दिन एनएससीबी नर्सिंग कॉलेज द्वारा स्तनपान जागरूकता एवं मातृ सहयोग विषय पर नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें जिन्सार के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इनमं जॉयस दास, सानिया कौसर, दीपा कोल, सृष्टि शर्मा, वैशाली सूर्यवंशी, भूमि दुबे, निहार शर्मा, अंजलि लालपुरी ने भाग लिया। विद्यार्थियों ने स्तनपान के महत्व, माताओं को भावनात्मक सहयोग तथा स्तनपान को बढ़ावा देने में स्वास्थ्य कर्मियों की भूमिका पर आधारित प्रभावशाली नाट्य प्रस्तुति दी। उनकी प्रस्तुति को निर्णायकों एवं दर्शकों द्वारा अत्यधिक सराहा गया तथा जिन्सार की टीम ने द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किया।

## समापन अवसर पर हुए विविध आयोजन

विश्व स्तनपान सप्ताह 2026 के समस्त कार्यक्रम संस्थान की प्राचार्य प्रो. डॉ. प्रिंसी शाजी के कुशल मार्गदर्शन एवं प्रेरणादायी नेतृत्व में सफलतापूर्वक संपन्न हुए। उनके सतत सहयोग एवं प्रोत्साहन से सभी गतिविधियों का प्रभावी संचालन संभव हो सका। सप्ताह भर चले इस आयोजन ने विद्यार्थियों एवं समाज में स्तनपान, मातृ स्वास्थ्य, शिशु पोषण तथा सामुदायिक सहभागिता के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। प्रतियोगिताओं, स्वास्थ्य शिक्षा कार्यक्रमों, समूह चर्चा एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता ने इस आयोजन को अत्यंत सफल, ज्ञानवर्धक एवं यादगार बनाया।



# मेडिकल यूनिवर्सिटी के विखंडन के खिलाफ युवा कांग्रेस ने भाजपा जनप्रतिनिधियों को सौंपा ज्ञापन

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** मध्यप्रदेश मेडिकल साइंस यूनिवर्सिटी, जबलपुर के प्रस्तावित विखंडन और विश्वविद्यालय के महत्वपूर्ण कार्यों एवं अधिकारों को उज्जैन स्थानांतरित किए जाने की खबरों के बीच युवा कांग्रेस ने विरोध जताया है। जिला उपाध्यक्ष अमित सोनकर के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने पाटन विधानसभा के विधायक अजय विश्नोई को ज्ञापन सौंपकर मामले में तत्काल हस्तक्षेप करने की मांग की। अमित सोनकर ने कहा कि मेडिकल साइंस यूनिवर्सिटी की स्थापना का उद्देश्य प्रदेश में चिकित्सा शिक्षा को मजबूत करना और जबलपुर को इसका प्रमुख केंद्र बनाना था। ऐसे में इसके अधिकारों, कार्यों अथवा संरचना को कमजोर करने का कोई भी प्रयास जबलपुर सहित पूरे महाकौशल के हितों को प्रभावित करेगा। जबलपुर से महत्वपूर्ण संस्थानों के कमजोर होने अथवा अन्य शहरों में स्थानांतरित किए जाने की घटनाओं से युवाओं की चिंता बढ़ी है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के कार्यकाल में पहले डेयरी साइंस कॉलेज को जबलपुर से उज्जैन स्थानांतरित किया गया और अब मेडिकल साइंस यूनिवर्सिटी को लेकर सामने आ रही चर्चाओं ने शहर के बुद्धिजीवियों और युवाओं की चिंता और बढ़ा दी है। शहर का विधानसभा और संसद में पर्याप्त राजनीतिक प्रतिनिधित्व है। ऐसे में यहां की महत्वपूर्ण संस्थाओं के हितों की रक्षा करना निर्वाचित जनप्रतिनिधियों की नैतिक और राजनीतिक जिम्मेदारी है। युवा कांग्रेस ने जबलपुर के सभी जनप्रतिनिधियों से अपील की कि वे राजनीतिक मतभेदों से ऊपर उठकर इस मुद्दे पर एकजुट हों और जनता की सामूहिक आवाज मजबूती से रखें।ज्ञापन के दौरान रिजवान अली कोटी, बादल पंजवानी, कपिल भोजक, सागर शुक्ला, मेवालाल पटेल, रिंकू बदलानी, एजाज अंसारी, अदनान अंसारी, सैय्यद अदील अहमद, शफी खान सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# नेत्रदान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** जबलपुर इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग साइंसेज़ एंड रिसर्च के प्राचार्य प्रो. डॉ. प्रिन्सी शाजी के मार्गदर्शन में बी.एससी. नर्सिंग तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों द्वारा 08 अगस्त को विक्टोरिया हॉस्पिटल में एवरीडे हीरोज़ थीम पर नेत्रदान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का उद्देश्य रोगियों, उनके परिजनों एवं आमजन को नेत्रदान के महत्व से अवगत कराना तथा मृत्यु उपरांत नेत्रदान के लिए प्रेरित करना था। विद्यार्थियों ने स्वास्थ्य शिक्षा सत्र के माध्यम से कॉर्निया दान की प्रक्रिया, पात्रता, मृत्यु के पश्चात नेत्र प्राप्ति की प्रक्रिया तथा समय पर नेत्रदान के महत्व की जानकारी प्रदान की। जागरूकता अभियान के दौरान विद्यार्थियों ने बताया कि नेत्रदान से चेहरे की बनावट पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता तथा अधिकांश मामलों में किसी भी आयु का व्यक्ति नेत्रदान कर सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि एक नेत्रदाता दो व्यक्तियों के जीवन में दृष्टि का प्रकाश ला सकता है। साथ ही उपस्थित लोगों से अपने परिवार के सदस्यों के साथ नेत्रदान पर चर्चा करने तथा स्वयं नेत्रदान का संकल्प लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम का सफल समन्वय प्रो. अराधना धन्यबाद एवं मार्टिना पॉल द्वारा किया गया। कार्यक्रम का समापन आइए, आज ही नेत्रदान का संकल्प लें और किसी के कल को रोशन करें संदेश के साथ हुआ।

## भारत विकास परिषद ने लगाया रक्त जांच शिविर

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** भारत विकास परिषद जबलपुर शाखा द्वारा मानस चौक, लमती में नि:शुल्क रक्त जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ भारत विकास परिषद महाकौशल प्रांत के प्रांत उपाध्यक्ष नितिन पालीवाल एवं प्रांत संपर्क प्रमुख इंजी जितेंद्र कुलकर्णी ने किया।शिविर में 100 से अधिक लोगों का रक्त परीक्षण किया गया।



जांच दल में श्रआरती पटेल एवं विवेक पटेल शामिल रहे। उन्होंने उपस्थित नागरिकों के रक्त के नमूने लेकर आवश्यक जांच की तथा स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर खेरमाई जन कल्याण समिति के अध्यक्ष शिव शंकर पाण्डेय, सचिव कार्तिक अग्निहोत्री, सहसचिव मुकेश ठाकुर आदि उपस्थित रहे।

## 23 अगस्त को होगी राजपूत सभा की बैठक

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** राजपूत सभा जबलपुर द्वारा ईमलीपुरा, गोरखपुर स्थित राजपूत सभा भवन में आगामी 23 अगस्त को आमसभा का आयोजन किया गया है। आमसभा में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। आयोजकों ने समस्त राजपूत महिला एवं पुरूष समाजिक बन्धुओं से उपस्थिति की अपील की है।

## निरंतर जारी पौधारोपण अभियान

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** प्रदेश सरकार के महत्वाकांक्षी अमृत हरित महाअभियान-2026 एवं नमो हरित नगर योजना के तहत नगर परिषद शाहपुरा (भिटौनी) क्षेत्र में गत 31 जुलाई से आरंभ हुआ पौधा रोपण अभियान अनवरत गति से जारी है। अब तक इस अभियान के अंतर्गत परिसर सहित नगर के विभिन्न स्थलों पर 2900 से अधिक पौधों का रोपण किया जा चुका है, जो जिले में इस अभियान की सर्वाधिक उल्लेखनीय उपलब्धियों में से एक है। नगर परिषद अध्यक्ष शिवांगिनी विक्रांत सिंह के नेतृत्व में उपाध्यक्ष मोनिका शैलेन्द्र सिंह, नगर के वरिष्ठ पार्षदगण एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी शिशिर दुबे सहित संपूर्ण नगर परिषद टीम इस अभियान को गति देने में सतत प्रयासरत है। सफलता में पीडीएमएस जबलपुर के सोशल एक्सपर्ट बीके नामदेव की भूमिका भी विशेष उल्लेखनीय रही।

## कचरा वाहन से घर-घर पहुंचा अमृत हरित महाअभियान का संदेश

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** मप्र शासन की 'नमो हरित नगर योजना' एवं 'अमृत हरित महाअभियान-2026' को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से नगर परिषद शाहपुरा (भिटौनी) द्वारा वार्ड क्रमांक 02 में विशेष जनजागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के तहत डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण वाहन को जनजागरूकता के माध्यम के रूप में उपयोग करते हुए वार्ड की विभिन्न गलियों और मोहल्लों में नागरिकों को हरित अभियान से जुड़ी जानकारी दी गई। कचरा संग्रहण वाहन में लगाए गए लाउडस्पीकर के माध्यम से लोगों को 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान से जुड़ने का संदेश दिया गया। नागरिकों से अपील की गई कि वे अपने घर, आंगन, सार्वजनिक स्थानों तथा उपलब्ध खाली स्थानों पर पौधरोपण करें और लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल कर उन्हें वृक्ष बनने तक संरक्षित करें।

## एनएसओ छात्र संगठन ने किया अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** एनएसओ छात्र संगठन द्वारा नर्सिंग काउंसिल भोपाल पर धरना प्रदर्शन शुरू किया गया है। संगठन के संस्थापक गोपाल पाराशर ने बताया कि नर्सिंग काउंसिल भोपाल व मप्र सरकार द्वारा 2020-21,,21- 22 व 22-23 में मप्र के जिन नर्सिंग कॉलेजों को मान्यता दी गई थी, उन कॉलेजों में स्टूडेंट्स ने एडमिशन ले लिया फिर कुछ समय बाद इन कॉलेजों पर हाई कोर्ट में फर्जीवाड़े का केस चला और सैकड़ों नर्सिंग कॉलेजों को अपात्र घोषित कर दिया गया। इनमें पढ़ने वाले स्टूडेंट्स की डिग्री अधर



में लटकी हुई है। 6-7 साल गुजर जाने के बाद भी फाइनल ईयर की परीक्षा नहीं हुई है और पुराने वर्षों के परीक्षा परिणाम नहीं आ रहे हैं। और विगत 6 साल से नर्सिंग कोर्स के एस सी एस टी, ओबीसी स्टूडेंट्स को स्कॉलरशिप नहीं मिली है, छात्र बहुत परेशान हैं और अपने भविष्य को लेकर चिंतित है। लेकिन सरकार को स्टूडेंट्स के भविष्य की कोई चिंता नहीं है। इस कारण संगठन द्वारा स्टूडेंट्स के हित में से धरना प्रदर्शन शुरू किया गया है। संगठन ने धरना प्रदर्शन के साथ साथ भूख हड़ताल की चेतावनी दी है। प्रदर्शन में सुरेश, संदीप, अमित, रेखा, छाया सहित कई छात्र उपस्थित रहे।

# खाली भूखंडों के साथ नाले-नालियों के किनारे लहलहाएगी हरियाली

## एनजीटी के आदेश पर नगर निगम ने शुरू किया पौधारोपण अभियान

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** राष्ट्रीय हरित अधिकरण द्वारा पर्यावरण संरक्षण को लेकर जारी दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए नगर निगम प्रशासन ने शहर को हरा-भरा और प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए एक व्यापक पौधारोपण अभियान शुरू किया है। इस अभियान की विशेष बात यह है कि निगम द्वारा न केवल पार्कों और खाली समतल भूमियों पर पौधे लगाए जा रहे हैं, बल्कि शहर के छोटे-बड़े नालों,नालियों और फुटपाथ के किनारों पर भी सघन पौधारोपण किया जा रहा है। इस संबंध में निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने बताया कि इसका मुख्य उद्देश्य शहर के हरित दायरे को बढ़ाना तथा जल स्रोतों व नालों के आसपास के पर्यावरण को सुदृढ़ करना है। उन्होंने कहा कि नालों के किनारों पर पौधे लगाने से मिट्टी का कटाव रुकेगा तथा आसपास के क्षेत्रों में दुर्गंध व प्रदूषण से नागरिकों को राहत मिलेगी।



**चिन्हित की जा रही खाली पड़ी सरकारी जमीन**-श्री अहिरवार ने बताया कि जल स्रोतों और नालों के समीप ऐसे पौधे और छायादार पौधे लगाए जा रहे हैं जो तेजी से पनपते हैं और प्राकृतिक रूप से पानी को शुद्ध करने में सहायक होते हैं। रोपे गए पौधों की सुरक्षा के लिए ट्री-गार्ड लगाने के साथ-साथ नियमित सिंचाई और देखभाल के लिए उद्यान विभाग की विशेष टीमें तैनात की गई हैं। शहर की खाली पड़ी सरकारी भूमियों को चिन्हित कर उन्हें ग्रीन ज़ोन के रूप में विकसित किया जा रहा है, जिससे अवैध कब्जों पर भी लगाम लगेगी। नगर निगम प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे इस जन-हितैषी और पर्यावरण-संरक्षक अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें। अपने आसपास रोपे गए पौधों की सुरक्षा का संकल्प लेकर शहर को स्वच्छ, सुंदर और हरित बनाने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं।

# कीचड़ में फस रहे ट्रैक्टर कठिन हुई किसानों की डगर



**सिहोरा (स्वतंत्र मत)।** सिहोरा विधानसभा के अंतर्गत आने वाले ग्राम घुटना के पास स्थित नहर के बाजू से घुटना से निंदौंरा गांव का पहुंच मार्ग जिसकी लंबाई लगभग दो किलोमीटर के आसपास होगी क्षेत्रीय कृषक मदनलाल साहू ने बताया की इस मार्ग के दोनों ओर लगभग आधा सैकड़ा किसानो के खेत स्थित है ये किसान अपनी खेती किसानी के लिए खेतों में जाने के लिए इसी सड़क का उपयोग करते हैं। साथ ही यह सड़क निंदौंरा गांव को भी जोड़ती है परंतु इस सड़क की हर साल बारिश में स्थिति बहुत ही जर्जर बदहाल व खराब हो जाती है पूरी सड़क में तीन से चार फीट कीचड़ हो जाता है जिसमें पैदल चलना तो दूर ट्रैक्टर जैसे वाहन भी फस जाते हैं। कभी-कभी तो ट्रैक्टर वाहन पलट तक जाते है इस कीचड़ युक्त सड़क से आधा सैकड़ा किसानों को अपने खेतों में पहुंचना मुश्किल हो गया है जिससे किसानों में आक्रोश है किसानों का कहना है की इस सड़क में कभी मुरूम बोल्डर तक डालने की जिम्मेदारों द्वारा जेहमत नहीं जुटाई गई। जिसके चलते बारिश में यह सड़क बदहाल स्थिति में हो जाती है आपको बता दें की ग्रामीण व किसानों ने अनेको बार इस सड़क के निर्माण के लिए क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों को बताया। परंतु इस मांग को अनसुना कर दिया गया क्षेत्रीय जन मदन साहू जनपद सदस्य चतुरबाई शिवचरण साहू मनोज साहू वृंदावन शिवकुमार यादव राकेश यादव रामविशाल रजक सुखचैन साहू गोकुल यादव सोनू यादव अंगद यादव ने बताया की अब जल्द इस सड़क के निर्माण के लिए आंदोलात्मक रवैया अपनाया जावेगा साथ ही जिले के कलेक्टर राघवेंद्र सिंह से मिलकर समस्या से अवगत कराया जावेगा।

### इन्होंने कहा

इस सड़क के निर्माण के लिए लंबे समय से प्रयास किये जा रहे हैं, ग्राम सभा में भी संकल्प पारित कर सांसद विधायक की कार्य योजना में शामिल कराया गया है।

**कृष्ण कुमार दुबे, सरपंच**
**ग्राम पंचायत घुटना**



## शुभम रजक बने भाजपा सोशल मीडिया के प्रदेश सह प्रभारी

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक हेमंत खंडेलवाल की सहमति से भाजपा खेल प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक मानसिंह यादव ने प्रदेश पदाधिकारियों की घोषणा की है। इसी क्रम में जबलपुर से शुभम् रजक को भाजपा खेल प्रकोष्ठ सोशल मीडिया का मध्यप्रदेश सह प्रभारी नियुक्त किया गया है। शुभम् रजक लंबे समय से भारतीय जनता पार्टी के सक्रिय एवं समर्पित कार्यकर्ता रहे हैं। संगठन में उन्होंने विभिन्न दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया है। वे भारतीय जनता युवा मोर्चा में वार्ड अध्यक्ष, मंडल उपाध्यक्ष भाजपा खेल प्रकोष्ठ में जिला उपाध्यक्ष के रूप में कार्य कर रहे हैं। नियुक्ति पर मंत्री राकेश सिंह, जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, राज्यसभा सांसद सुमित्रा वाल्मीकि, सांसद आशीष दुबे आदि ने शुभकामनाएं प्रेषित की है।

# 8 ट्रांसमिशन लाइनों ने बनाया विश्वसनीयता का नया कीर्तिमान

## 1500 दिनों से बिना ब्रेकडाउन जारी है बिजली पारेषण

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

मप्र पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) की सागर स्थित 8 एक्स्ट्रा हाई वोल्टेज (ईएचवी) ट्रांसमिशन लाइनों ने विश्वसनीय विद्युत पारेषण का उल्लेखनीय कीर्तिमान स्थापित किया है। इन लाइनों पर पिछले लगभग चार वर्षों अर्थात करीब 1500 दिनों से एक भी ब्रेकडाउन दर्ज नहीं हुआ है। विशेष बात यह है कि इनमें कुछ ऐसी महत्वपूर्ण लाइनें भी शामिल हैं, जो लंबे समय से प्रदेश की विद्युत पारेषण व्यवस्था का आधार बनी हुई हैं और आज भी निर्बाध रूप से विद्युत पारेषण कर रही हैं। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया कि सागर की इन 8 ट्रांसमिशन लाइनों सहित प्रदेशभर में एमपी ट्रांसको की 593 ईएचवी ट्रांसमिशन लाइनें भी विगत चार वर्षों से बिना किसी ब्रेकडाउन के सफलतापूर्वक संचालित हो रही हैं। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि कंपनी के अभियंताओं, तकनीकी कर्मचारियों तथा अनुरक्षण कार्य में लगे आउटसोर्स कर्मियों की सतत निगरानी, तकनीकी दक्षता और समर्पण का परिणाम है।



**इन लाइनों ने हासिल की उपलब्धि**-सागर क्षेत्र में यह उपलब्धि हासिल करने वाली लाइनों में 400 केवी सागर-बीना (पावरग्रिड) लाइन, 400 केवी सागर-सतना (पावरग्रिड) लाइन, 132 केवी सागर-गौरझामर के दो सर्किट, 132 केवी सागर-राहतगढ़ लाइन, 132 केवी सागर-बंडा लाइन तथा 132 केवी सागर इंटरकनेक्टर के दो सर्किट शामिल हैं। इन सभी ट्रांसमिशन लाइनों ने पिछले लगभग 1500 दिनों से बिना किसी ब्रेकडाउन के सफलतापूर्वक विद्युत पारेषण कर विश्वसनीयता का नया मानक स्थापित किया है।

## आधुनिक मेंटेनेंस तकनीक से मिली सफलता

ऊर्जा मंत्री तोमर ने कहा कि ट्रांसमिशन नेटवर्क को अधिक सुरक्षित और विश्वसनीय बनाने के लिए थर्मो-विजन निरीक्षण, ड्रोन सर्विलांस, एससीएडीए आधारित रियल-टाइम मॉनिटरिंग, ऑनलाइन कंडीशन मॉनिटरिंग तथा समयबद्ध निवारक अनुरक्षण जैसी आधुनिक तकनीकों का उपयोग किया जा रहा है। इसके साथ ही नियमित लाइन पेट्रोलिंग, प्री-मानसून मेंटेनेंस, लाइन कॉरिडोर प्रबंधन तथा पेड़ों की कटाई-छंटाई जैसे कार्यों से संभावित तकनीकी खामियों की समय रहते पहचान कर उनका निराकरण किया जाता है।

# Crime Scene से Courtroom तक, फॉरेंसिक साइंस में करियर के शानदार अवसर

अगर आप अपराध की दुनिया के रहस्यमयी मामलों को सुलझाने में दिलचस्पी रखते हैं और मेडिकल की फ ील्ड में डॉक्टर के अलावा कुछ और बनने की इच्छा रखते हैं। तो यह आर्टिकल आपके लिए बेहद काम का हो सकता है। जी हां, अगर आपको क्राइम स्टोरीज के साथ ही साइंस में गहरी दिलचस्पी है, तो आपके लिए फॉरेंसिक साइंस बेहतरीन करियर ऑप्शन हो सकता है।



## फॉरेंसिक साइंस क्या है?

फॉरेंसिक साइंस को हिंदी में न्यायिक विज्ञान कहा जाता है। यह अपराध के सबूतों की साइंटिफिक तरीके से जांच करके की प्रक्रिया है, जिसके जरिए अपराधियों तक पहुंचा जाता है। इससे क्राइम सीन से मिले सबूतों जैसे कि खून, बाल, नाखून, उंगलियों के निशान, किसी भी तरह का डेटा आदि का एनालिसिस करके क्रिमिनल तक पहुंचना बहुत ही आसान हो जाता है। यह एक इंटरडिसिप्लिनरी साइंस है, जिसमें फि जिक्स, केमिस्ट्री, बायोलॉजी, कंप्यूटर साइंस और क्रिमिनोलॉजी जैसे सब्जेक्ट होते हैं।

## 12वीं के बाद कैसे बनाए फॉरेंसिक साइंस में करियर?

जो छात्र 12वीं के बाद इस महत्वपूर्ण क्षेत्र में करियर बनाने पर के बारे में सोच रहे हैं, उनके लिए फ रेंसिक साइंस में बैचलर ऑफ साइंस करना इस रोमांचक फील्ड में उतरने की चाबी है। 12वीं पास करने के बाद आप इनमें से कोई भी कोर्स कर सकते हैं, ये कोर्स 3 साल के होते हैं–

- बीएससी इन फॉरेंसिक साइंस।
- बीएससी (ऑनर्स) इन फॉरेंसिक साइंस।
- डिप्लोमा इन फॉरेंसिक साइंस एंड क्रमिनोलॉजी।
- सर्टिफिकेट कोर्सेस इन साइबर फॉरेंसिक्स, फिगरप्रिंट साइंस आदि।

## इन विभागों में कर सकते हैं नौकरी

फ रेंसिक साइंस की पढ़ाई करने के बाद आपके पास नौकरी की कई संभावनाएं होती हैं। विभिन्न जॉब रोल्स में आप पुलिस विभाग, सीबीआई, एनआईए, फ रेंसिक साइंस लैब, कोर्ट, इंटेलिजेंस ब्यूरा और प्राइवेज जासूस कंपनियों में काम कर सकते हैं।

## फॉरेंसिक साइंस के क्षेत्र में करियर ऑप्शन

- फॉरेंसिक लैब एनालिस्ट
- क्राइम सीन इन्वेस्टिगेटर
- ड्रग एनालिस्ट
- डीएनए एनालिस्ट
- फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट
- फॉरेंसिक ऑडिटर
- साइबर फॉरेंसिक एक्सपर्ट

# कनाडा में पढ़ाई का सपना? अब पहले देना होगा फंड का पुख्ता सबूत

विदेश में उच्च शिक्षा के लिए कनाडा भारतीय छात्रों की पहली पसंद में शामिल है। हालांकि, स्टडी परमिट प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और सुरक्षित बनाने के लिए कनाडा सरकार ने वित्तीय दस्तावेजों की जांच को और सख्त कर दिया है। नए नियमों के तहत केवल बैंक खाते में रकम दिखाना ही पर्याप्त नहीं होगा, बल्कि आवेदक को यह भी साबित करना होगा कि यह राशि वैध स्रोत से प्राप्त हुई है और उसकी पढ़ाई का पूरा खर्च वहन करने के लिए पर्याप्त है।

**किन दस्तावेजों की होगी जांच?**– वीजा अधिकारी अब बैंक स्टेटमेंट, आय के स्रोत, शिक्षा ऋण (एजुकेशन लोन), स्पॉन्सर की आय, आयकर रिटर्न और अन्य वित्तीय दस्तावेजों की गहन जांच कर सकते हैं। यदि फंड के स्रोत या दस्तावेजों में कोई संदेह पाया जाता है, तो स्टडी परमिट आवेदन अस्वीकार किया जा सकता है।

**छात्रों को क्या साबित करना होगा?**– आवेदकों को यह दिखाना होगा कि वे पहले वर्ष की ट्यूशन फीस, रहने का खर्च, यात्रा व्यय और अन्य आवश्यक खर्च आसानी से वहन कर सकते हैं। लंबे अवधि के कोर्स के लिए भविष्य के खर्चों की व्यवस्था का भी संतोषजनक प्रमाण देना होगा।

**भारतीय छात्रों पर क्या होगा असर?**– विशेषज्ञों का मानना है कि नए नियमों से वास्तविक और आर्थिक रूप से सक्षम छात्रों को कोई परेशानी नहीं होगी, लेकिन फर्जी दस्तावेज या संदिग्ध वित्तीय जानकारी देने वालों के लिए वीजा प्राप्त करना मुश्किल हो सकता है। इसलिए आवेदन से पहले सभी वित्तीय दस्तावेजों की अच्छी तरह जांच कर लें और केवल सही जानकारी ही प्रस्तुत करें। इससे स्टडी परमिट मिलने की संभावना बढ़ेगी और वीजा प्रक्रिया के दौरान अनावश्यक देरी या अस्वीकृति से बचा जा सकेगा।

# एमपीईएसबी: जानें सितंबर-दिसंबर तक होंगी, कौन-कौन सी भर्ती परीक्षाएं

मध्य प्रदेश कर्मचारी चयन मंडल ने वर्ष 2026 के लिए विभिन्न भर्ती और प्रवेश परीक्षाओं का संशोधित परीक्षा कैलेंडर जारी कर दिया है। इस संशोधित कैलेंडर में सितंबर से दिसंबर 2026 के बीच आयोजित होने वाली कई प्रमुख भर्ती परीक्षाओं की संभावित परीक्षा तिथियां और अनुमानित रिक्तियों की जानकारी दी गई है। इससे अभ्यर्थियों को अपनी तैयारी की बेहतर योजना बनाने में मदद मिलेगी और परीक्षा तिथियों को लेकर अंतिम समय की उलझन भी कम होगी। कैलेंडर में नीचे जारी की गई मुख्य भर्तियों समेत अन्य भर्ती परीक्षाएं शामिल हैं




| परीक्षा का नाम | अनुमानित पद | संभावित परीक्षा माह |
|---|---|---|
| ग्रुप –2 सब ग्रुप –1 | कृषि विस्तार अधिकारी भर्ती परीक्षा 2,784 संभावित पद | सितंबर 2026 |
| ग्रुप –2 सब ग्रुप–4 | संयुक्त भर्ती परीक्षा (ब्लॉक पंचायत अधिकारी, पंचायत समन्वय अधिकारी, सहायक निरीक्षक सहित अन्य पद) 2,299 संभावित पद | सितंबर 2026 |
| | डिप्टी इंजीनियर, मानचित्रकार, लैब टेक्नीशियन एवं अन्य समकक्ष पदों की संयुक्त भर्ती परीक्षा 700 संभावित पद | सितंबर/अक्टूबर 2026 |
| | सूबेदार/उप निरीक्षक संवर्ग भर्ती परीक्षा507 संभावित पद | सितंबर/अक्टूबर 2026 |
| पात्रता परीक्षा | प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा (कार्यरत शिक्षकों के लिए) | सितंबर/अक्टूबर 2026 |
| | सूबेदार (मंत्रालयिक), स्टेनोग्राफर एवं सहायक उप निरीक्षक (मंत्रालयिक) भर्ती परीक्षा 566 संभावित पद | अक्टूबर/नवंबर 2026 |
| | पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा 7,500 संभावित पद | अक्टूबर/नवंबर 2026 |
| | पुलिस कांस्टेबल (ड्राइवर) भर्ती परीक्षा 1,000 संभावित पद | नवंबर 2026 |
| | नायब तहसीलदार विभागीय भर्ती परीक्षा 73 संभावित पद | नवंबर/दिसंबर 2026 |
| | पंचायत सचिव एवं रोजगार सहायक भर्ती परीक्षा 2,900 संभावित पद | नवंबर/दिसंबर 2026 |
| | संस्कृति संचालनालय के अधीन शासकीय संगीत एवं ललित कला महाविद्यालयों के रिक्त पदों की भर्ती परीक्षा 33 संभावित पद | दिसंबर 2026 |
| ग्रुप –6 सब ग्रुप –1 | भर्ती परीक्षा 700 संभावित पद | दिसंबर 2026 |




# एनटीपीसी में डिप्टी मैनेजर के 135 पदों पर भर्ती, 12 अगस्त से शुरू होंगे आवेदन

भारत की अग्रणी सार्वजनिक क्षेत्र की ऊर्जा कंपनी एनटीपीसी ने अनुभवी इंजीनियरों के लिए डिप्टी मैनेजर के पदों पर भर्ती का नोटिफिकेशन जारी किया है। इस भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन 12 अगस्त 2026 से शुरू होंगे। चयनित उम्मीदवारों को रू 70,000 से रू 2,00,000 प्रति माह का वेतन मिलेगा।

**भर्ती का विवरण**– डिप्टी मैनेजर (इलेक्ट्रिकल) के 40 पद। डिप्टी मैनेजर (मैकेनिकल) के 55 पद और डिप्टी मैनेजर कंट्रोल एंड इंस्ट्रूमेंटेशन के 40 पद कुल 135 पद। ऑनलाइन आवेदन 12 अगस्त से प्रारंभ होगा।

**शैक्षणिक योग्यता**– ▸ संबंधित शाखा इलेक्ट्रीकल, मेकिनिकल या इंस्ट्रूमेंटेशन या समकक्ष में बी.ई., बी.टेक. डिग्री न्यूनतम 60 प्रतिशत अंक के साथ।

▸ संबंधित क्षेत्र में आवश्यक कार्यानुभव होना अनिवार्य है। विस्तृत अनुभव संबंधी शर्तें विज्ञापन में दी गई हैं।

**आयु सीमा**– अधिकतम आयु सीमा 40 वर्ष (आरक्षित वर्गों को सरकारी नियमों के अनुसार आयु में छूट मिलेगी)।

# विक्रमादित्य नि:शुल्क शिक्षा योजना

## आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों के लिए उच्च शिक्षा का सहारा




विक्रमादित्य नि:शुल्क शिक्षा योजना मध्य प्रदेश सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना थी, जिसका उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर सामान्य वर्ग के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए आर्थिक सहायता प्रदान करना था। इस योजना के तहत पात्र विद्यार्थियों की कॉलेज फ ीस राज्य सरकार द्वारा वहन की जाती थी। वर्ष 2018–19 से असंगठित श्रमिक परिवारों के बच्चों के लिए इस योजना के स्थान पर मुख्यमंत्री जनकल्याण (शिक्षा प्रोत्साहन) योजना लागू कर दी गई, जबकि सामान्य वर्ग के पात्र विद्यार्थियों के लिए विक्रमादित्य योजना का लाभ निर्धारित पात्रता के अनुसार जारी है।

### पात्रता

- आवेदक मध्य प्रदेश का मूल निवासी हो।
- सामान्य का विद्यार्थी हो।
- परिवार की वार्षिक आय शासन द्वारा निर्धारित सीमा (वर्तमान में 6 लाख रुपये तक) के भीतर हो।
- किसी मान्यता प्राप्त शासकीय या अनुदान प्राप्त महाविद्यालय में प्रवेश लिया हो।


### योजना के लाभ

योजना के अंतर्गत पात्र विद्यार्थियों की ट्यूशन फ ीस का भुगतान राज्य सरकार द्वारा किया जाता है। इससे आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के विद्यार्थियों को स्नातक स्तर की पढ़ाई पूरी करने में सहायता मिलती है।

### आवेदन प्रक्रिया

विद्यार्थी मध्य प्रदेश स्टेट स्कॉलरशिप पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के साथ आय प्रमाण-पत्र, निवास प्रमाण-पत्र, जाति प्रमाण-पत्र (यदि लागू हो), प्रवेश रसीद, अंकसूची, आधार कार्ड और बैंक खाते की जानकारी अपलोड करनी होती है। आवेदन का सत्यापन संबंधित महाविद्यालय द्वारा किया जाता है।

## शब्द पहेली - 8944




**बाएँ से दाएँ**

1. सुरक्षित, संरक्षित-4
4. उत्सुकता, जिज्ञासा-3
6. पिता के पिता-2
7. नमस्कार, प्रणाम-3
9. आखेट मंच-3
11. आत्मबलिदानी-5
12. प्लेट, तश्तरी-3
15. रहस्य, भेद-2
16. जी, चित्त-2
18. जुड़वा-3
20. मन का मिलना-5
22. नल, टोंटी-3
24. देवर्षि, देवमुनि-3
26. गुप्तचर, जासूस-2
27. गमन, विदा होना-3
28. ईश्वर, रब-4

**ऊपर से नीचे**

1. सद्चरित्रता-3
2. इच्छा, मर्जी-2
3. अंधकार, अंधेरा-3
5. धार्मिक आयोजन स्थल तक मंगल कलश ले जाना-5
6. मोल, कीमत, दर-2
8. नरक के समान-5
10. बेकार, अयोग्य-3
13. बुआई करना-2,3
14. विश्वविजेता, संसार जीतने वाला (उर्दू-5)
17. प्रणाम, नमस्कार-3
19. जल में रहने वाला-4
21. स्वर्ग का विलोम-3
23. छोटी सवारी गाड़ी-2
25. कीमत, भाव-2

**शब्द पहेली -8943 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| श | ब | न | म | | | आ | का | श |
| रा | | | स्त | र | ही | न | | म |
| रा | त | | | सी | ना | | | शी |
| | र | ग | | ला | | क | बी | र |
| | का | ज | ल | | अ | स | र | |
| क | री | ब | | मि | | र | ब | |
| रा | | | चा | रा | | | ल | ब |
| मा | | रा | ह | ज | नी | | | हा |
| त | र | ह | | | म | ज | बू | र |

Jagrutidaur.com, Bangalore



# आदिवासी अंचल में मलेरिया का प्रकोप

## 7 बच्चों की मौत, 25 मरीज जिला अस्पताल में भर्ती

बालाघाट(स्वतंत्र मत)।

जिले के आदिवासी अंचलों में मलेरिया का प्रकोप लगातार बढ़ता नजर आ रहा है। बैहर और बिरसा क्षेत्र के कई गांवों में बुखार और बीमारी के मामले सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग की चिंता निरंतर बढ़ रही है। अब तक 7 बच्चों की मौत भी हो चुकी है, जबकि बड़ी संख्या में बच्चे अभी भी बीमार चल रहे हैं। बिरसा क्षेत्र के कुंडेकसा गांव से करीब 25 बच्चों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां डॉक्टरों की निगरानी में उनका इलाज जारी है। जहां बीमार बच्चों में तेज बुखार, उल्टी-दस्त, कमजोरी और शरीर पर दाने जैसे लक्षण बताए जा रहे हैं। इससे मलेरिया की संभावना बढ़ गई है।

हैरत की बात यह है कि इन प्रभावित ग्रामीण क्षेत्रों में बीमारी फैलने के बाद स्वास्थ्य विभाग मेडिकल कैंप लगाकर जांच कर रहा है। लेकिन बिमारी नियंत्रित नही हो पा रही है। कुंडेकसा गांव में लगाए गए अस्थायी स्वास्थ्य शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों की जांच भी की गई। शिविर में 114 मरीजों की जांच की गई, जिनमें 13 मरीज मलेरिया पॉजिटिव पाए गए। इनमें तीन बच्चों की हालत को देखते हुए उन्हें बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल रेफर किया गया, जबकि 10 मरीजों को निगरानी में रखा गया है। ऐसे ही कुल 25 बच्चो को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बीमारी का संक्रमण गर्भवती महिलाओं तक न पहुंचे, इसे लेकर भी विशेष सावधानी बरती जा रही है। स्वास्थ्य शिविर में दो गर्भवती महिलाओं की एएनसी जांच भी की गई है।



बीमारी के बढ़ते मामलों के बीच दूषित पानी भी माना जा रहा है

ग्रामीण इलाकों में बीमारी के बढ़ते मामलों के बीच दूषित पानी, भोजन, मच्छरों के प्रकोप और संक्रमण को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। खासकर बारिश के मौसम में ग्रामीण क्षेत्रों में मच्छरों की संख्या बढ़ने से मलेरिया का खतरा और बढ़ जाता है। ऐसे में प्रभावित गांवों में लगातार स्वास्थ्य निगरानी, साफ पानी की व्यवस्था, दवाओं की उपलब्धता और मच्छर नियंत्रण के उपाय बेहद जरूरी हो गए हैं। सबसे बड़ी चिंता दूरस्थ आदिवासी गांवों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच को लेकर है। कई गांव दुर्गम इलाकों में बसे हैं, जहां समय पर चिकित्सा सुविधा पहुंचाना चुनौती बना रहता है। फिलहाल आवश्यक्ता है कि प्रभावित गांवों में स्वास्थ्य सेवाओं को और मजबूत किया जाए, ताकि बीमारी की वजह से होने वाली मौतों पर तत्काल रोक लगाई जा सके।

### इन बच्चों का जिला अस्पताल में चल रहा उपचार

जानकारी के मुताबिक बिरसा के ग्राम कुंड़ेकसा से पंचलाल पिता सोनम मरकाम,(6 वर्ष), प्रेम सिंह पिता एतु मरकाम, (4 वर्ष), हंसलाल पिता बुधारी धुर्वे,(7 वर्ष), मिनीता पिता छतर सिंह धुर्वे (4 वर्ष), देवसिंह पिता तेजलाल धुर्वे,(5 वर्ष), सुनैना पिता तेजलाल धुर्वे ,(ढेड़ वर्ष), पवनवाती पिता गणपति मरकाम (6 वर्ष), विदेश पिता छतर सिंह ,(1वर्ष), पौऊत्री पिता प्रेमलाल धुर्वे (4 माह), आकाश पिता बिशनलाल धुर्वे ,(ढेड़ वर्ष), अकलसिंह पिता गोहरी ,(4 वर्ष), बिसमौती पिता नंदू मरावी,(3वर्ष), उमीत सिंह पिता बुधसिंह मरकाम,सूर्या पिता पवन सिंह मरकाम (3वर्ष), सगंवती पिता चेतराम मरकाम(8 माह), लखन पिता हंसू मरकाम ,(3 वर्ष), प्रिया, बिरसा,और संध्या पिता बुध सिंह मरकाम सहित अन्य बच्चे के नामो का समावेश है।

### इन बच्चो की हुई मौत

पिछले लगभग डेढ़ माह में अडोरी पंचायत के बोदांरी गांव में 03 बच्चे, कोहनीमोर में 02 बच्चे और कुंडेकसा गांव में 02 बच्चे की मौत हुई है। सरपंच परसराम धुर्वे के अनुसार पंचायत क्षेत्र के गांव बोंदारी में सबसे पहले रूपलाल पिता बिसरू धुर्वे की 16 जून को मौत हुई। 26 जून को कोहनीमोर के शाहील और 27 जून को उसकी बहन लमनीन पिता समरू धुर्वे की मौत हुई। उसके बाद 22 जुलाई को कुंडेकसा की प्रीति मरकाम और 26 जुलाई को बोंदारी की पूजा मरकाम की मौत हुई। गंभीर बात यह कि स्वास्थ विभाग की निगरानी व जांच के बाद भी बच्चो की मौत का सिलसिला नही रूका। 01 अगस्त को बोंदारी के सचीन मरकाम तथा 06 अगस्त को कोंडेकसा के अरविंद धुर्वे की मौत हुई। इस तरह अब तक डेढ़ माह में 07 बच्चो की मौत हो चुकी है।

# सात बेटियों के पिता की पिकअप की टक्कर से मौत

कटंगी(स्वतंत्र मत)।

कटंगी थाना क्षेत्र के जोड़सड़क पर शुक्रवार देर शाम हुए सड़क हादसे में 73 वर्षीय किसान की मौत हो गई। मृतक की पहचान सावरी निवासी लालचंद पिता पोंगल उके के रूप में हुई है। हादसे के बाद गंभीर रूप से घायल लालचंद को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था, लेकिन हायर सेंटर ले जाते समय रास्ते में उनकी मौत हो गई। परिजनों के अनुसार, लालचंद शुक्रवार शाम करीब 7-30 बजे बाजार से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान जोड़सड़क के पास एक पिकअप वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में वे गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तत्काल कटंगी अस्पताल ले जाकर भर्ती कराया गया। हालत गंभीर होने पर देर रात उन्हें जिला अस्पताल बालाघाट रेफर किया गया। जिला अस्पताल में डॉक्टरों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर उपचार के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया। परिजन उन्हें हायर सेंटर लेकर जा रहे थे, तभी रात करीब 1 बजे रास्ते में लालचंद ने दम तोड़ दिया। इसके बाद परिजन शव को वापस जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। घटना की सूचना मिलने पर अस्पताल चौकी पुलिस ने डॉक्टर की तहरीर पर शव बरामद किया। परिजनों की मौजूदगी में पंचनामा कार्रवाई के बाद शव का दोपहर 12 बजे करीब पोस्टमार्टम कराया गया और अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया गया। अस्पताल चौकी पुलिस के अनुसार, मामले में शून्य पर मर्ग कायम कर परिजनों के बयान दर्ज किए गए हैं। आगे की जांच घटनास्थल से संबंधित थाना पुलिस द्वारा की जाएगी। बताया गया है कि मृतक लालचंद सात बेटियों के पिता थे। उनकी पांच बेटियों की शादी हो चुकी है, जबकि दो बेटियां अभी कुंवारी हैं। हादसे के बाद परिवार में शोक का माहौल है।

## एमपीपीएससी राज्य सेवा मुख्य परीक्षा प्रारंभ

**बालाघाट(स्वतंत्र मत)।** मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राज्य सेवा मुख्य परीक्षा-2026 का 06 दिवसीय परीक्षा कार्यक्रम आज 08 अगस्त से प्रारंभ हो गया। बालाघाट जिले में परीक्षा के लिए शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। परीक्षा के पहले दिन कुल 54 परीक्षार्थियों में से 50 परीक्षार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया, जबकि 04 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा में शामिल 50 परीक्षार्थियों में 35 पुरुष एवं 15 महिला परीक्षार्थी शामिल हैं। राज्य सेवा मुख्य परीक्षा आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आगामी दिनों में भी आयोजित की जाएगी। परीक्षा को लेकर केंद्र पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं तथा परीक्षा निर्धारित नियमों एवं प्रक्रियाओं के अनुसार संचालित की जा रही है।

# एनएसएस स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय परिसर में किया वृक्षारोपण




### पर्यावरण संरक्षण के प्रति विद्यार्थियों ने लिया पौधों की देखभाल का संकल्प

**कटंगी(स्वतंत्र मत)।** राजा भोज शासकीय महाविद्यालय, कटंगी में राष्ट्रीय सेवा योजना (ठरर) इकाई के तत्वावधान में शनिवार को महाविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य अनिल कुमार शेंडे के मार्गदर्शन एवं एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी विकास ठाकरे के निर्देशन में हुआ।

इस अवसर पर एनएसएस स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए महाविद्यालय परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. कुसुमलता उइके, सुश्री कविता अहिगारे, डॉ. राजू विश्वकर्मा, प्रवीण परते एवं डॉ. मोनिका दुबे उपस्थित रहीं। प्राध्यापकों ने भी वृक्षारोपण में सहभागिता करते हुए स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन किया।एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी विकास ठाकरे ने कहा कि वृक्ष पर्यावरण संरक्षण के साथ भावी पीढ़ियों के सुरक्षित और स्वस्थ भविष्य का आधार हैं। केवल पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनकी नियमित देखभाल और संरक्षण भी सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

कार्यक्रम के दौरान एनएसएस स्वयंसेवकों ने लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल एवं संरक्षण का संकल्प लिया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण, हरित परिसर और स्वच्छ पर्यावरण के महत्व के प्रति जागरूक किया गया। आयोजकों ने बताया कि वृक्षारोपण कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता, सामाजिक उत्तरदायित्व और प्रकृति संरक्षण की भावना विकसित करना है। कार्यक्रम में एनएसएस स्वयंसेवकों की सक्रिय सहभागिता रही।

# महर्षि विद्या मंदिर में जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता आयोजित

## जिलेभर से आये छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक लिया हिस्सा

### विजेता खिलाड़ी संभाग स्तर पर मंडला में दिखाएंगे प्रतिभा

बालाघाट(स्वतंत्र मत)।

महर्षि विद्या मंदिर बालाघाट में शनिवार को जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जिलेभर से विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर महर्षि विद्या मंदिर बालाघाट के प्राचार्य सतीश चौरसिया ने प्रतियोगिता में शामिल होने पहुंचे सभी छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दीं तथा खेलों में अनुशासन और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। जिला क्रीड़ा अधिकारी श्री दीपक गिरी गोस्वामी ने प्रतिभागियों को शतरंज के नियमों एवं प्रतियोगिता की प्रक्रिया से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि खेल केवल जीत-हार तक सीमित नहीं है,



बल्कि इससे अनुशासन, धैर्य, निर्णय लेने की क्षमता और खेल भावना का विकास होता है। उन्होंने सभी खिलाड़ियों से बेहतर खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में हिस्सा लेने का आह्वान किया। प्रतियोगिता के दौरान जिले के विभिन्न विद्यालयों से आए खिलाड़ियों ने शतरंज की बिसात पर अपनी रणनीति और प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजेता खिलाड़ी अब संभाग स्तर की प्रतियोगिता में मंडला में 17 एवं 19 अगस्त को आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में बालाघाट जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे।

प्रतियोगिता के सफल आयोजन में महर्षि विद्या मंदिर के खेल शिक्षक श्री विजय बिलेरिया एवं श्रीमती नीतू प्रताप बिसेन सहित जिलेभर के खेल शिक्षकों का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। आयोजन में राजेश बिसेन, हरीश कुंवारे, मीना बिसेन, देवेंद्र रंगहडाले, आशा सुलाखे, राजेंद्र सहारे, पुरुषोत्तम लिलहिरे, प्रमोद शरणागत, तूफान सिंह एवं सुनीता बिसेन सहित अन्य शिक्षकों ने भी सक्रिय सहयोग प्रदान किया।

समापन अवसर पर महर्षि विद्या मंदिर के एडिशनल डायरेक्टर अमित यदुवंशी ने सभी विजेता एवं प्रतिभागी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खिलाड़ी आगे भी इसी उत्साह और खेल भावना के साथ प्रतियोगिताओं में भाग लेकर विद्यालय एवं जिले का नाम रोशन करें। उन्होंने संभाग स्तर की प्रतियोगिता के लिए चयनित खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं।

# मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत जिले का प्रथम शिविर बरही (करकेली) में हुआ आयोजित

**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** शासन की योजनाओं की आम जनता तक पहुंच सुनिश्चित करनें तथा शिकायतों के निराकरण के उददेश्य से आयोजित किए जा रहे मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान का प्रथम शिविर शुक्रवार 07 अगस्त को जिले के बरही (करकेली) में आयोजित किया गया। इस अवसर पर बांधवगढ विधानसभा क्षेत्र के विधायक शिवनारायण सिंह ने कहा कि यह अभियान लोगों में शासन प्रशासन के प्रति विश्वास बढाने में मददगार साबित होगा। मुख्यमंत्री जी की अभिनव पहल पर प्रति शुक्रवार सारा प्रशासन ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में भ्रमण कर योजनाओं के क्रियान्वयन व शिकायतों के निराकरण का कार्य करेगा। केंद्र व राज्य शासन का यह प्रयास है कि संचालित की जा रही योजनाओं आम जन तक पहुंचे। उन्होंने आम जनता से भी अपील की है कि वह बिना किसी हिचक के अपनी समस्याएं




अधिकारियों को बताएं। इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती राखी सहाय ने कहा कि यह अभियान शिकायतों के निराकरण व योजनाओं के क्रियान्वयन मे कारगर साबित होगा। उन्होंने अधिकारियों से अपेक्षा की है कि वह पूरी संवेदनशीलता के साथ निर्धारित ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों का भ्रमण करें तथा अपनी विभागीय संस्थाओं का निरीक्षण करते हुए योजनाओं के क्रियान्वयन की वस्तु स्थिति से परिचित हो। उन्होंनें कहा कि शिविर में जो आवेदन प्राप्त हुए है, उनको सूचीबध्द कर आगामी तीन दिनों में निराकरण कर दिया जाएगा। शिविर में प्राप्त आवेदनों में से कुछ आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया। इस अवसर पर बरही निवासी रामनारायण गुप्ता की पत्नी अनीता गुप्ता को संबल योजना के तहत चार लाख रूपये की सहायता प्रदान की गई। इसी क्रम में रिया कोल को छात्रावास में आवासीय सुविधा का लाभ दिलाया गया।

# अगस्त क्रांति दिवस पर आज कांग्रेस सेवादल निकालेगा तिरंगा यात्रा

**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** अंग्रेजों भारत छोड़ो आंदोलन की वर्षगांठ एवं अगस्त क्रांति दिवस के अवसर पर 9 अगस्त 2026 को अखिल भारतीय कांग्रेस सेवादल द्वारा उमरिया में तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। यात्रा गांधी चौक से प्रारंभ होकर रानी दुर्गावती चौक तक पहुंचेगी। अखिल भारतीय कांग्रेस सेवादल के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीवी श्रीनिवास के निर्देशानुसार तथा प्रदेश प्रभारी पीएन मिश्र, प्रदेश अध्यक्ष अविनाश भार्गव, पूर्व विधायक अजय सिंह एवं जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष इंजी. विजय कोल के मार्गदर्शन में यह आयोजन किया जा रहा है।जिला कांग्रेस सेवादल उमरिया के अध्यक्ष संतोष सिंह ने जिले के समस्त कांग्रेसजनों से अपील की है कि वे 9 अगस्त को सुबह 10 बजे गांधी चौक उमरिया पहुंचकर तिरंगा यात्रा में शामिल हों और क्रांति दिवस के अवसर पर देश की स्वतंत्रता के लिए किए गए ऐतिहासिक संघर्ष को याद करें।

# भरेवा में कॉलेज निर्माण के लिये आवंटित भूमि का निरीक्षण करने पहुंचीं मानपुर विधायक मीना सिंह



**मानपुर (स्वतंत्रमत)** - मानपुर विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा स्तर को बढ़ावा देने के लिये मानपुर एवं पाली ब्लॉक क्षेत्र में गांव गांव में स्कूल और तकरीबन सभी मंडलो में कॉलेज भवनों की स्वीकृति, निर्माण एवं लोकार्पण का कार्य जारी है, जिसके तहत मानपुर विधानसभा और ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम पंचायत भरेवा में शासकीय महाविद्यालय भवन निर्माण के लिये भाजपा सरकार द्वारा स्वीकृत मिल चुकी है।

जिला प्रशासन द्वारा कॉलेज भवन विर्माण के लिये 04 हेक्टेयर भूमि का आवंटन किया गया है, जिस भूमि का मानपुर विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री सुश्री मीना सिंह जी द्वारा शुक्रवार 07 अगस्त 2026 को मौके पर पहुंच कर जगह का जायजा लिया गया। भरेवा क्षेत्र में कॉलेज भवन निर्माण की चर्चा फैलते ही क्षेत्र वासियों में बड़ी प्रसन्नता दिखी, जिसके निरीक्षण में क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक के पहुंचने का जानकारी पाते ही क्षेत्र के सैकड़ों नागरिकों ने अपने काम छोड़ कर मौके पर सीघ्र पहुंच गये, जहां लोगों ने कहा कि हमारे लोक प्रिय विधायक सुश्री मीना दीदी के होते हुये किसी भी प्रकार के सरल अथवा जटिल विकास कार्यों का होना असम्भव नहीं है। भाजपा की सरकार गरीब और पिछड़ा के सांथ सभी वर्गों के विकास कार्यों में सदा से तत्पर्य है।

निरीक्षण कार्यक्रम में अपने टीम के सांथ नायब तहसीलदार रमणत सिंह और वैसाखू लाल प्रजापति, क्षेत्रीय पटवारी आरआई, सरपंच, बीजेपी के रमाकांत, सूर्यभान, शिवानंद, नीलेश, सोमचंद, अंबुज, अशोक एवं कई कार्यकर्ताओं के सांथ सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# मिलावट के खिलाफ खाद्य सुरक्षा विभाग का बड़ा अभियान

## उमरिया और पाली की दर्जनों दुकानों से लिये गए घी के सैम्पल

उमरिया (स्वतंत्रमत)।

मध्यप्रदेश में खाद्य पदार्थों में मिलावट के खिलाफ खाद्य सुरक्षा विभाग ने बड़े स्तर पर विशेष अभियान शुरू किया है। मध्यप्रदेश सरकार दूध और दूध से बने प्रोडक्ट पर मिलावट को रोकने के लिए एक विशेष अभियान के तहत कई जिलों में दुकानों एवं गोदामों पर छापेमारी कर संदिग्ध एवं अमानक ब्रांडेड घी सहित अन्य खाद्य पदार्थों के सैंपल लिए गए हैं।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी मंजू वर्मा ने बताया कि शुक्रवार 7 अगस्त को पाली में कई दुकानों और डेयरियों में जाँच की जिसमे शासन द्वारा लिस्टेड बैन किये गए घी की जानकारी दुकानदारों से ली जिसमे नवीन ट्रेडर्स पाली में 11 हजार 600 रुपये का 13 लीटर गोवर्धन काऊ घी जप्त कर सेम्पल भोपाल भेजा गया वही कृष्णा सुपर मार्ट पाली में भी 7 हजार मूल्य के घी को जप्त कर



उन्ही के सुपुर्दगी में रखा गया और सेम्पल लिए गए। शनिवार 8 अगस्त को उमरिया नगर में भी खाद्य सुरक्षा की टीम द्वारा सुमित ट्रेडर्स,देश भंडार, खंडेलवाल किराना, अन्नपूर्णा सहित दर्जनों दुकानों और डेयरियों पर बैन किये गए घी की जाँच की गई जिसमें सुमित ट्रेडर्स में 7 लीटर ब्रजवासी घी जिसका मूल्य 7 हजार है जप्त कर सेम्पल लिए गए।

वही जब से खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने दुकानों में जा कर जाँच शुरू की है दुकानदारों में हड़कंप मच गया है और सभी जो नकली बैन किये गए घी को बेच रहे थे सामने दुकानों से हटा कर छुपा दिया है।

खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा कार्रवाई के दौरान लिए गए सभी सैंपल जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला, भोपाल भेजे जा रहे हैं। प्रयोगशाला से जांच रिपोर्ट आने के बाद ही यह स्पष्ट होगा कि जब्त किए गए घी और अन्य खाद्य पदार्थ निर्धारित खाद्य सुरक्षा मानकों पर खरे उतरते हैं या नहीं।

विभाग की इस कार्रवाई से मिलावटी खाद्य पदार्थों का कारोबार करने वालों में हड़कंप की स्थिति है। अधिकारियों का कहना है कि खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने और उपभोक्ताओं को सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के लिए अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# घुघरी मोहगांव चाबी में खुलेआम चला रहा सट्टा : कार्यवाही के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति, कहीं मोबाइल तो कहीं काउंटर से कट रही पर्ची

मण्डला (स्वतंत्र मत)।

जानकारी के अनुसार थाना मोहगांव चौंकी चाबी और घुघरी थाने के अंतर्गत इन दिनों फिर एक बार सट्टे का अवैध कारोबार तेजी से फैला है। मुख्यालय के बाजार और आसपास के क्षेत्रों में खुलेआम सट्टा पट्टी लिखी जा रही है। जिसकी शिकायत स्थानीय तौर पर अनेक बार की गई है। लेकिन अब तक कोई ठोस कार्यवाही नही हो पाई है। सट्टा से जुडे कारोबारी सुबह से लेकर देर रात तक गुणाभाग में लगे रहते हैं। ऑनलाईन मोबाईल के साथ ऑफलाईन भी सट्टा पट्टी लिखी जा रही है।






घुघरी में तो बुरे हाल बताए जाते हैं। घुघरी क्षेत्र में इन दिनों सट्टा-मटका का कारोबार तेजी से पैर पसारता नजर आ रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार घुघरी बस स्टैंड थाना के सामने और बाजार-हाट क्षेत्र में खुलेआम सट्टे की पट्टी लिखने वाले नजर आ रहे हैं। इससे क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को लेकर भी सवाल खड़े होने लगे हैं। सबसे गंभीर स्थिति यह बताई जा रही है कि थाना परिसर के सामने ही सट्टा लिखे जाने की बात सामने आ रही है यदि यह आरोप सही है तो यह पुलिस की निगरानी और कार्यवाही व्यवस्था पर बड़ा सवाल खड़ा करता है।

ग्रामीणों का कहना है कि जब थाना के सामने ही इस तरह का अवैध कारोबार संचालित होने की चर्चा है तो दूरदराज के ग्रामीण क्षेत्रों में इसकी स्थिति का अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है घुघरी क्षेत्र में बड़ी संख्या में मजदूर एवं आर्थिक रूप से कमजोर परिवार रहते हैं। आरोप है कि सट्टा-मटका में जल्द पैसा कमाने के लालच में मजदूर वर्ग अपनी मेहनत की कमाई गंवा रहा है लगातार नुकसान के चलते कई परिवार आर्थिक संकट की ओर बढ़ सकते हैं स्थानीय लोगों का कहना है कि सट्टे के बढ़ते कारोबार से सामाजिक समस्याएं भी बढ़ने की आशंका है। मोहगांव और चाबी में विगत कई वर्षो से सट्टा का अवैध कारोबार काउंटर लगाकर संचालित किया जा रहा है। जिसको लेकर समय समय पर आवाजे उठती रही हैं। यहीं नही शिकायत और ज्ञापन भी थाना प्रभारी को सौंपे गए हैं लेकिन अब तक कोई ठोस कार्यवाही नही हो पाई हैं।

जिले में अवैध सट्टा कारोबार अब केवल गली-मोहल्लों तक सीमित नहीं रह गया है बल्कि यह संगठित नेटवर्क का रूप ले चुका है। शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों तक खुलेआम चल रहे सट्टे के इस काले धंधे ने युवाओं, मजदूरों और गरीब परिवारों की कमर तोड़ दी है। पुलिस की लगातार कार्रवाई के बावजूद सट्टा संचालकों के हौसले इतने बुलंद हैं कि वे कानून को खुली चुनौती देते नजर आ रहे हैं। सवाल यह उठता है कि आखिर इतनी सख्ती के दावों के बाद भी जिले में सट्टा कारोबार पर पूरी तरह लगाम क्यों नहीं लग पा रही है। यहां शाम ढलते ही कई स्थानों पर मोबाइल फोन, पर्चियों और ऑनलाइन एप्स के जरिए लाखों रुपए का दांव लगाया जा रहा है।

खास बात यह है कि यह कारोबार अब केवल पुराने तरीकों तक सीमित नहीं है बल्कि डिजिटल माध्यमों के जरिए भी तेजी से फैल रहा है। व्हाट्सएप ग्रुप ऑनलाइन भुगतान और फर्जी आईडी के माध्यम से सट्टे का नेटवर्क लगातार मजबूत होता जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सट्टा माफिया गरीब और बेरोजगार युवाओं को अपने जाल में फंसा रहे हैं। एक छोटी रकम से शुरू होने वाला यह खेल धीरे-धीरे लोगों को कर्ज और अपराध की दुनिया में धकेल देता है। कई परिवार ऐसे हैं जिनकी जमा पूंजी सट्टे में बर्बाद हो चुकी है। मजदूरी करने वाले लोग दिनभर की कमाई रात में सट्टे में हार जाते हैं जिससे परिवारों में तनाव और विवाद बढ़ रहे हैं।

महिलाओं का कहना है कि घर चलाना मुश्किल हो गया है लेकिन सट्टे की लत लोगों को बर्बादी की ओर ले जा रही है। सबसे गंभीर बात यह है कि सट्टा कारोबार का असर अब किशोरों और युवाओं पर तेजी से पड़ रहा है। आसान कमाई का लालच देकर युवाओं को इस दलदल में धकेला जा रहा है। मोबाइल पर चल रहे ऑनलाइन सट्टे ने स्थिति को और भयावह बना दिया है। स्कूल-कॉलेज के छात्र तक इस जाल में फंसते जा रहे हैं। अभिभावकों का कहना है कि बच्चों की आदतों में अचानक बदलाव देखने को मिल रहा है। कई युवक पढ़ाई छोडक़र रातभर मोबाइल पर सट्टा खेलने में लगे रहते हैं। सामाजिक कार्यकर्ताओं ने इसे जिले के लिए गंभीर खतरा बताया है। उनका कहना है कि यदि समय रहते इस पर कठोर कार्रवाई नहीं हुई तो आने वाले दिनों में अपराध और सामाजिक विघटन की घटनाएं और बढ़ सकती हैं। सट्टे से जुड़े लोग अक्सर चोरी, लूट और अवैध वसूली जैसे अपराधों में भी शामिल हो जाते हैं। आर्थिक नुकसान के साथ-साथ यह समाज की नैतिक व्यवस्था को भी खोखला कर रहा है। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि कई क्षेत्रों में सट्टा कारोबार खुलेआम चल रहा है लेकिन कार्यवाही केवल दिखावे तक सीमित रहती है। लोगों का कहना है कि यदि पुलिस लगातार निगरानी रखे और बड़े संचालकों तक पहुंचे तभी इस अवैध कारोबार पर प्रभावी रोक लग सकती है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि सट्टा माफियाओं की संपत्ति की जांच हो और उनके खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए।




## शिक्षकों की अनुपस्थिति से फूटा गुस्सा, बनाया पंचनामा, कार्यवाही मांग

मण्डला/घुघरी(स्वतंत्रमत)।

जनपद क्षेत्र की ग्राम पंचायत कुसमी में स्थित माध्यमिक शाला क्रमांक-1 एवं प्राथमिक शाला में शिक्षकों की अनुपस्थिति को लेकर ग्रामीणों में भारी नाराजगी देखने को मिली है। बताया गया कि दोनों विद्यालयों में कुल 97 छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं विद्यालय में एक नियमित शिक्षक तथा पांच अतिथि शिक्षक पदस्थ हैं ग्रामीणों के अनुसार 5 अगस्त को ग्राम के गणमान्य नागरिकों सरपंच एवं पंचों ने विद्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान नियमित शिक्षक शिवकुमार अहिरवार सहित अतिथि शिक्षक भी विद्यालय से अनुपस्थित पाए गए शिक्षकों की अनुपस्थिति से ग्रामीणों ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की और इसे विद्यार्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ बताया। निरीक्षण के बाद ग्रामीणों ने मौके पर पंचनामा तैयार कर संबंधित अधिकारियों से जांच एवं आवश्यक कार्यवाही मांग की कहना है कि विद्यालय में लगातार लापरवाही के कारण बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है जिससे अभिभावकों में भी असंतोष बढ़ता जा रहा है सरपंच एवं पंचों ने मांग की है कि विद्यालय में पदस्थ सभी शिक्षकों को हटाकर उनकी जगह नियमित रूप से उपस्थित रहने वाले नए शिक्षकों की नियुक्ति की जाए ताकि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही उचित कार्यवाही नहीं की गई तो वे उच्च अधिकारियों से शिकायत करने के साथ-साथ जनआंदोलन करने के लिए भी बाध्य होंगे।

## इनर व्हील ने किया सेवा कार्य

मण्डला(स्वतंत्र मत)।

इनर व्हील क्लब द्वारा सेवा भारती आश्रम के छात्रो के स्वास्थ्य को लेकर सेवा कार्य किया गया क्लब की सदस्यों ने आश्रम के बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण करवाया तथा चिकित्सकों द्वारा लिखी गई आवश्यक दवाईयों का वितरण किया कार्यक्रम के दौरान क्लब के फिट गर्ल प्रोजेक्ट् के अंतर्गत छात्राओं को व्यक्तिगत स्वच्छता एवं हाइजीन के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई सदस्यों ने बच्चों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करते हुए उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं उज्ज्वल भविष्य कामना की इस



अवसर पर इनर व्हील क्लब की अध्यक्ष अनीता गोयल ने कहा कि बच्चों का स्वास्थ्य समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है क्लब द्वारा आगे भी बच्चों के स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए समय-समय पर स्वास्थ्य संबंधी सेवाएं एवं आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराया जाता रहेगा। कार्यक्रम में अनुराधा चौरसिया, मोना जैन, अनिता राय, तृप्ति गोयल, सीमा ज्योतिषी, आशा चौधरी, सुनीता पमनानी सहित क्लब की अन्य सदस्य उपस्थित रहीं।

## मातृत्व अभियान 10 अगस्त को

**मण्डला (स्वतंत्र मत)।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन मध्यप्रदेश के निर्देशानुसार जिले में प्रसव पूर्व देखभाल की गुणवत्ता एवं कवरेज बढ़ाने तथा हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की जांच निदान एवं परामर्श सेवाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से 10 अगस्त को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान दिवस आयोजित किया जाएगा। जिले के विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों में स्त्री रोग विशेषज्ञ एवं महिला चिकित्सा अधिकारियों की सेवाएं उपलब्ध रहेंगी। इस दौरान गर्भवती महिलाओं की जांच एवं आवश्यक परामर्श प्रदान किया जाएगा।

## कौन बनेगा करोड़पति की तर्ज पर क्विज

मण्डला (स्वतंत्रमत)।

जिला स्तरीय पर्यटन क्विज प्रतियोगिता का आयोजन प्रदेश की मंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी श्रीमती संपत्तियां उईके के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ उन्होंने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की और विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश को जानने समझने और पर्यटन को बढ़ावा देने का अभिनव प्रयास है।

विजेता टीमों में पीएम श्री कन्या उमावि विद्यालय महाराजपुर, ज्ञानदीप विद्यालय, शास उमावि हिरदेनगर, भारत ज्योति विद्यालय, संदीपनी विद्यालय चाबी और शास उमावि



मधुपुरी शामिल रहीं। पीएम श्री स्कूल कन्या महाराजपुर की टीम राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगी प्रतियोगिता के रोचक मल्टी मीडिया क्विज राउंड्स का संचालन क्विज मास्टर अखिलेश उपाध्याय ने बेहद शानदार और जीवंत तरीके से किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कलेक्टर एवं सीईओ परियोजना अधिकारी प्रभारी कपिल तिवारी, श्रीमती मुन्नी वरकड़े, एमएस सेंदराम सहायक संचालक,मुकेश पांडे एपीसी समग्र शिक्षा, प्राचार्य सरदार पटेल कॉलेज डॉ आशीष ज्योतिषी और आशीष गुप्ता बघीरा रिज़ॉर्ट कान्हा ने अहम भूमिका निभाई शेष तकनीकी संयोजन ,स्कोरिंग एवं लक्षित परीक्षा आयोजन में सुखदेव पद्म, अंकुश चौरसिया, महेंद्र श्रीवास, राकेश चौरसिया,योगेश चौरसिया, संजय सिंगौर, मंजूषा चौरसिया ,शादाब खान, एहतेशाम नूर, सनातन सैनी, पुलकित यादव का सहयोग रहा विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र,मेडल, टूर पैकेज कूपन देकर सम्मानित किया गया। विजेता टीमों को दो रात तीन दिन एवं उपविजेता टीमों को एक रात दो दिन का टूर पैकेज मध्य पर्यटन बोर्ड द्वारा दिया गया। इस आयोजन में पंजीकृत 167 टीमों के मध्य लिखित परीक्षा एवं टॉप 6 टीमों के मध्य मल्टीमीडिया राउंड कौन बनेगा करोड़पति की तर्ज पर सम्पन्न हुआ।

## आवारा जानवरों से लोग परेशान

**मण्डला/नारायणगंज(स्वतंत्रमत)।** नगर में आवारा पशुओं की बढ़ती संख्या आमजन के लिए गंभीर समस्या बनती जा रही है। मुख्य मार्ग बाजार क्षेत्र और व्यस्त सड़कों पर दिनभर आवारा बैल एवं अन्य मवेशियों का जमावड़ा लगा रहता है जिससे यातायात बाधित होता है और जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है। इसके साथ ही सड़क दुर्घटनाओं का खतरा भी लगातार बढ़ रहा है नगरवासियों का कहना है कि आवारा बैल अचानक सड़क के बीच आ जाते हैं जिससे दोपहिया और चार पहिया वाहन चालकों को वाहन रोकने या बचाने के लिए अचानक ब्रेक लगाने पड़ते हैं। इससे दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। वहीं बुजुर्गों महिलाओं और स्कूली बच्चों के लिए भी सड़क पर निकलना जोखिम भरा हो गया है कुछ दिन पूर्व नगर में बंदरों के हमले के कारण एक व्यक्ति सीढ़ी से गिर गया था जिसकी उपचार के दौरान मृत्यु हो गई। इस घटना के बाद भी नगर में आवारा पशुओं और बंदरों की समस्या के समाधान के लिए प्रभावी कदम नहीं उठाए जाने से लोगों में नाराजगी है। अब आवारा बैलों का आतंक भी लगातार बढ़ता जा रहा है स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन और नगर निकाय से मांग की है कि आवारा पशुओं को पकड़कर सुरक्षित गौशालाओं अथवा निर्धारित स्थानों पर भेजा जाए ताकि यातायात व्यवस्था सुचारु बनी रहे और संभावित सड़क हादसों पर रोक लग सके।

## गिरफ्तार वारंटी कोर्ट में पेश

**मण्डला (स्वतंत्र मत)।** पुलिस अधीक्षक द्वारा जिले में फरार एवं स्थाई वारंटियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस निवास के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी बीजाडांडी निरीक्षक श्रीमती अनीता कुड़ापे के कुशल नेतृत्व में थाना बीजाडांडी पुलिस द्वारा स्थाई एवं वसूली वारंटियों की गिरफ्तारी हेतु लगातार प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। थाना बीजाडांडी पुलिस टीम द्वारा ग्राम चौरई जमठार में स्थाई वारंटी दीपक वरकड़े पिता बशोरीलाल वरकड़े उम्र 46 वष निवासी चौरई जमठार के मिलने पर विधिवत गिरफ्तार किया गया। ग्राम घुघरी में वसूली वारंटी अशोक परस्ते पिता मुलैया परस्ते उम्र 36 वर्ष निवासी घुघरी के मिलने पर विधिवत गिरफ्तार किया गया। वारंटी तारेन्द्र कोरी पिता हेमचंद कोरी के बीजाडांडी मे उपस्थित मिलने पर विधिवत गिरफ्तार किया गया तथा गिरफ्तारी की सूचना सभी के परिजनों को दी गई। उक्त कार्य मे थाना बीजाडांडी के स्टॉफ सहायक उप निरीक्षक जय पाण्डेय, आरक्षक 650 आशीष, आरक्षक 230 रमाकांत त्रिपाठी एवं चालक प्र.आरक्षक 208 विजय छिरा कि सराहनीय भूमिका रही।

## हनुमान मंदिर से मुकुट चोरी

**मण्डला (स्वतंत्रमत)।** जिला मुख्यालय जिला पंचायत कार्यालय के सामने शेषनाग हनुमान मंदिर में चोरी की घटना सामने आने से श्रृद्धालुओं में आक्रोश व्याप्त है। अज्ञात चोर भगवान हनुमान की प्रतिमा पर स्थापित चांदी का मुकुट चोरी कर ले गए घटना के बाद मंदिर समिति ने पुलिस को सूचना दी जिस पर मंडला थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई है प्राप्त जानकारी के अनुसार चोरी की वारदात दिन या शाम के समय की बताई जा रही है शुक्रमवार सुबह जब मंदिर का ताला खोला गया तो हनुमान की प्रतिमा पर लगा चांदी का मुकुट गायब मिला मुकुट नहीं मिलने पर मंदिर समिति के सदस्यों और श्रृद्धालुओं में हड़कंप मच गया सूचना मिलने के बाद थाना पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और आसपास से साक्ष्य जुटाने कार्यवाही शुरू की।

## अवैध शराब पर कार्यवाही

मण्डला (स्वतंत्र मत)।

*कलेक्टर एवं जिला आबकारी अधिकारी सहायक जिला आबकारी अधिकारी श्रीमती शैली सैयाम के मार्गदर्शन में आबकारी बल द्वारा मंडला वृत्त में अवैध शराब के निर्माण एवं विक्रय के विरुद्ध दबिश की कार्यवाही की गई कार्यवाही के दौरान ग्राम गौंझी में नर्मदा नदी के किनारे अवैध रूप से मदिरा निर्माण करने वाले अड्डों पर दबिश दी गई। लगभग 450 किलोग्राम महुआ लाहन को घटनास्थल पर ही नष्ट किया गया। आबकारी अधिनियम के अंतर्गत अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। जब्त महुआ लाहन एवं मदिरा की कुल अनुमानित कीमत 46 हजार 500 रूपए है।*

## सामाजिक एनीमेटर संघ ने दिया ज्ञापन



**मण्डला (स्वतंत्रमत)।** जिले के समस्त विकासखंडों के ग्राम विकास सामाजिक एनीमेटर संघ ने केंद्र एवं राज्य शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के सामाजिक अंकेक्षण सोशल ऑडिट का कार्य पूर्व से चयनित एवं प्रशिक्षित ग्राम सामाजिक एनीमेटरों से ही कराए जाने मांग की है। इस संबंध में संघ के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर के माध्यम से ज्ञापन सौंपा है। जिसमें सामाजिक अंकेक्षण शासन की योजनाओं में पारदर्शिता जवाबदेही जनभागीदारी और सुशासन सुनिश्चित करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। मध्यप्रदेश में वर्षों से ग्राम सामाजिक एनीमेटरों का चयन कर उन्हें विधिवत प्रशिक्षण दिया गया है।

प्रशिक्षित एनीमेटरों द्वारा मनरेगा सहित केंद्र एवं राज्य शासन की विभिन्न योजनाओं के सामाजिक अंकेक्षण का कार्य किया जाता रहा है संघ का कहना है कि वर्तमान में विभिन्न योजनाओं के सामाजिक अंकेक्षण का कार्य बाहरी व्यक्तियों, निजी एजेंसियों अथवा अन्य संस्थाओं को सौंपे जाने की संभावना है। इससे वर्षों से प्रशिक्षित एवं अनुभवी ग्राम सामाजिक एनीमेटरों की उपेक्षा होगी। साथ ही शासन द्वारा इनके चयन एवं प्रशिक्षण पर पूर्व में खर्च किए गए समय और संसाधनों का भी समुचित उपयोग नहीं हो पाएगा। ज्ञापन सौंपने वालों में ग्राम विकास सामाजिक एनीमेटर संघ के जिला अध्यक्ष रमा चन्द्रौल, सचिव हेमंत सिंगरौरे, संजय सिंगरौरे, पवती पावले, मंजू साहू, अभय पनारिया, प्रीति पटेल, शहनाज बेगम सहित जिले के समस्त ग्राम सामाजिक एनीमेटर शामिल रहे।

## गुरु महिमा के गूंजे भजन

**मण्डला (स्वतंत्र मत)।** हरे माधव परमार्थ सत्संग समिति कटनी शाखा मंडला द्वारा स्थानीय सुभाष वार्ड स्थित हरे माधव सत्संग भवन में गुरु पूर्णिमा पर्व श्रृद्धा भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत आरती एवं पूजन से हुई इसके बाद श्रृद्धालुओं ने गुरु के उपदेशों का स्मरण किया संगत के लिए विभिन्न सुविधाओं का अभिनंदन किया गया आसपास क्षेत्र से भी सेवकों ने आकर कार्यक्रम में सहभागिता की सत्संग के दौरान शिष्यों ने सदगुरु बाबा ईश्वर शाह द्वारा भक्तों पर किए गए उपकारों उनकी लीलाओं एवं मानव सेवा के संदेश पर प्रकाश डालते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया।

## आश्रम और स्कूलों का निरीक्षण

**मण्डला (स्वतंत्र मत)।** मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत मोहगांव भ्रमण पर पहुंचे कलेक्टर ने ग्राम उमरडीह स्थित कस्तूरबा आदिवासी कन्या आश्रम हाईस्कूल और मिडिल स्कूल का औचक निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान उन्होंने छात्राओं और विद्यार्थियों की सुविधाओं शिक्षा की गुणवत्ता और स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति का जायजा लिया कस्तूरबा आदिवासी कन्या आश्रम में कलेक्टर ने छात्राओं की उपस्थिति, आवास, भोजन की व्यवस्था और स्वास्थ्य जांच की जानकारी ली।

इस शैक्षणिक सत्र में अब तक छात्राओं की स्वास्थ्य जांच और उपचार नहीं होने की जानकारी मिलने पर उन्होंने इसमें वृद्धि के निर्देश दिए वार्डन को निर्देशित करते हुए कलेक्टर ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय कर सभी छात्राओं की नियमित स्वास्थ्य जांच कराई जाए और आवश्यकता अनुसार उपचार भी सुनिश्चित किया जाए।



## नगर भाजपा की बैठक आयोजित

मण्डला (स्वतंत्रमत)।

भारतीय जनता पार्टी प्रदेश एवं जिला संगठन के निर्देशानुसार आगामी विभिन्न कार्यक्रम एवं संगठनात्मक विषयों को लेकर भाजपा नगर की बैठक किला वार्ड साईं मंदिर में आयोजित की गई। बैठक में संगठन को मजबूत करने आगामी कार्यक्रमों की तैयारियों तथा अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान कैबिनेट मंत्री श्रीमती संपतिया उइके, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा, भाजपा नगर अध्यक्ष शिवा रानू राजपूत का मार्गदर्शन कार्यकर्ताओं को प्राप्त हुआ बैठक में संगठन की आगामी गतिविधियों को प्रभावी रूप से संचालित करने तथा पार्टी के कार्यक्रमों में अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं की सहभागिता सुनिश्चित करने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी नगर पदाधिकारी पार्षदगण बूथ अध्यक्षगण सहित भाजपा के अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## नंदा उस्ताद की स्मृति में इनामी दंगल 15 अगस्त को आयोजित

नैनपुर (स्वतंत्र मत )।

स्व. नंदा उस्ताद की पुण्य स्मृति में प्रति वर्ष भरने वाला इनामी दंगल 15 अगस्त को आयोजित होगा। नगर के बस स्टैंड परिसर में दोपहर 1 बजे से इस दंगल में नामी गिरामी पहलवानों की जोर आजमाइश का आनंद कुश्ती प्रेमियों को एक बार पुन: देखने मिलेगा। उस्ताद स्व0नन्दलाल पीपरे की स्मृति में यह दंगल उनके ही शिष्य पट्ठा पहलवान डिल्ली सिंह झारिया प्रति वर्ष आयोजित कर गुरु शिष्य की परंपरा को बरकार रखे हुए है। इस ईनामी दंगल में महाकौशल, विदर्भ और छत्तीसगढ़ अंचल के नामी गिरामी पहलवान शिरकत करते हैं। प्रत्येम कुश्ती विजेता को नगद राशि के पुरस्कार से नवाजा जाता है। जिसे देखने हजारों की तादाद में कुश्ती प्रेमी प्रतिवर्ष पहुचते है।

## श्री खरे केसरवानी महिला मंडल का हरियाली तीज क्वीन कार्यक्रम संपन्न

**कटनी (स्वतंत्र मत)।** श्री खरे केसरवानी महिला मंडल द्वारा हरियाली तीज क्वीन का कार्यक्रम ०5 अगस्त को स्थान स्काईलाइट में अध्यक्ष प्रियंका गुप्ता के नेतृत्व में रखा गया सर्वप्रथम कार्यक्रम में लड्डू गोपाल का छप्पन भोग लगाकर आरती कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि एवं निर्णायक के रूप में दीपाली गुप्ता और स्वाति पाठक रही कार्यक्रम का संचालन शालिनी सोनी द्वारा किया मुख्य अतिथि जज के साथ समाज की सभी सीनियर बुजुर्ग महिलाओं का भी सम्मान किया गया। हरियाली क्वीन प्रतियोगिता में कार्यक्रम में हरियाली गोल्ड क्वीन राखी गुप्ता, सेकंड हरियाली सिल्वर क्वीन शिवाली गुप्ता, ओवरऑल परफेक्ट प्राइस आरती गुप्ता, बेस्ट परफॉर्मेंस



उषा गुप्ता, बेस्ट और नैंसी गुप्ता, बेस्ट स्माइल रीना गुप्ता, बेस्ट मेहंदी मेहंदी का प्राइस सोनम गुप्ता को मिला। हरियाली क्वीन प्रतियोगिता में 23 मात्र शक्तियों ने पार्टिसिपेट किया प्रतियोगिता तीन चरण में हुई पहले कैटवॉक राउंड दूसरा टैलेंट राउंड तीसरा क्वेश्चन ग्राउंड प्रतियोगिता बहुत ही शानदार तरीके से और कठिन चुनौतियां से गुजर कर महिलाओं ने अपनी योग्यता प्रमाणित की। इसके साथ ही कार्यक्रम में बहुत ही सुंदर हाउजी का और गेम का सिलसिला चलता रहा।

अध्यक्ष प्रियंका गुप्ता द्वारा सभी विजेताओं को बहुत-बहुत बधाइयां शुभकामनाएं देते हुए आभार व्यक्त किया गया एवं महामंत्री लता गुप्ता कोषाध्यक्ष रोशनी गुप्ता सहित मंत्रिमंडल के सभी सदस्यों का सहयोग रहा और कार्यक्रम में समाज की समस्त मात्र शक्तियों की उपस्थिति रही।

# विकास के नाम पर उजड़ते जंगल, मिटता आदिवासी अस्तित्व



अनिरुद्ध सिंह'कुसुम'
लेखक/पत्रकार

विकास चाहिए। सड़क, फैक्ट्री, खनिज, बिजली - सब चाहिए। पर सवाल ये है कि विकास की पहली कुल्हाड़ी हमेशा पेड़ पर ही क्यों चलती है? और विकास की सबसे बड़ी कीमत आदिवासी को ही क्यों चुकानी पड़ती है? वर्तमान में लगभग 10.45 करोड़ आदिवासी 705 समूह और जनजातियां इस देश में रहते हैं जो देश की कुल जनसंख्या का 8.6 प्रतिशत है । ये इस धरती के सबसे पुराने निवासी हैं। अनादि काल से ये जंगलों, पहाड़ों और नदियों के साथ जी रहे हैं। उनके लिए जंगल सिर्फ लकड़ी और पत्ते नहीं हैं। जंगल उनका घर हैं, मंदिर हैं, पाठशाला हैं, और जीवन हैं।

## जंगल- आदिवासी जीवन

आदिवासी समुदाय ने अपनी पूरी जिंदगी प्रकृति के हिसाब से ढाली है। वो प्रकृति की पूजा करते हैं। उनके देवी-देवता पेड़ों, पहाड़ों और नदियों में बसते हैं। उनके गीत, त्यौहार, रीति-रिवाज, दवा-दारू - सब जंगल से जुड़े हैं। जंगल उनके लिए सुपरमार्केट भी है और अस्पताल भी। महुआ, तेंदू, चिरौंजी से रोजी मिलती है। जड़ी-बूटियों से इलाज होता है। परिवार के रिश्ते भी जंगल जैसे ही घने और सुरक्षित होते हैं।

इसीलिए आदिवासी का नजरिया बाकी दुनिया से अलग है। वो प्रकृति को लूटने की चीज नहीं, जीने की साथी मानते हैं। जंगल विविधता सिखाते हैं, और जो जंगल का सम्मान करता है वो विविधता का भी सम्मान करना सीख जाता है। जब एक जंगल कटता है, तो सिर्फ पेड़ नहीं गिरते। एक पूरी सभ्यता उखड़ जाती है।

## विस्थापन- खैरात के नाम पर बेदखली

विकास के प्रोजेक्ट आए। बांध बने, खदानें खुलीं, इंडस्ट्री लगी। और हर बार सबसे पहले आदिवासी गांव नक्शे से गायब हुए।

उन्हें विकल्प के नाम पर दूसरी जमीन दी जाती है। पर वो जमीन कैसी होती है? बंजर, दूर, बिना पानी की। और वो भी ऐसे दी जाती है जैसे कोई दान कर रहा हो। सबसे बड़ी विडंबना ये है कि उस खैरात की जमीन के कागज के लिए भी उन्हें सालों-साल सरकारी दफ्तरों के चक्कर काटने पड़ते हैं। कई बार तो एक पीढ़ी निकल जाती है, दूसरी आ जाती है, पर पट्टा नहीं मिलता।

**जल, जंगल और जमीन** - इन तीन के बिना आदिवासी का कोई वजूद ही नहीं। जमीन गई तो पहचान गई। जंगल गया तो संस्कृति गई।

**दोहरा मापदंड**- जंगल बचाओ, पर आदिवासी को हटाओ

आज शहरों में बैठे बहुत लोग जंगल बचाओ का नारा लगाते हैं। अच्छी बात है। पर वो ये भूल जाते हैं कि हकीकत में जंगल पिछले हजारों सालों से आदिवासियों की वजह से ही बचे हैं।

जो लोग कभी जंगल नहीं गए, जिनकी जिंदगी का एक हिस्सा भी प्रकृति से नहीं जुड़ा, वो लेक्चर देते हैं। वो चाहते हैं जंगल बचे, पर अपनी जीवनशैली न बदलें।,ट, प्लास्टिक, कागज - सब चाहिए, पर पेड़ आदिवासी के इलाके में ही कटे।

सबसे चिंताजनक अब नई नीति है। रेयर अर्थ और दूसरे खनिजों के दोहन के लिए सरकार जंगलों को उद्योगपतियों को लीज पर देने की तैयारी कर रही है। अगर ऐसा हुआ तो आदिवासी इतिहास की किताबों का एक अध्याय बनकर रह जाएंगे।

## रास्ता क्या है? विकास, पर समावेशी विकास

विकास का विरोध नहीं है। देश को आगे बढ़ना है। पर विकास का मतलब ये नहीं कि एक समुदाय को मिटाकर दूसरे को बसाया जाए।

## जरूरत है 3 बातों की

**पहले पूछो, फिर काटो**- वनाधिकार कानून 2006 कहता है कि जंगल पर पहले अधिकार आदिवासी और वनवासी का है। बिना ग्रामसभा की सहमति के एक पेड़ भी न कटे। इस कानून को दिल से लागू करना होगा।

**विस्थापन नहीं, पुनर्वास**- अगर जमीन लेनी ही है तो बाजार भाव से 4 गुना मुआवजा, खेती लायक जमीन, रोजगार और बच्चों की शिक्षा की गारंटी साथ में हो। खैरात वाली सोच खत्म करनी होगी।

**आदिवासी ही सबसे बड़े वनरक्षक हैं**- उन्हें जंगल से बेदखल करने के बजाय, उन्हें जंगल प्रबंधन का हिस्सेदार बनाओ। दुनिया भर में माना गया है कि जहां आदिवासी रहते हैं, वहां जैव विविधता सबसे ज्यादा सुरक्षित है।

## निष्कर्ष -धरती के पहले वारिस

आदिवासी हमें सिखाते हैं कि इंसान और प्रकृति दुश्मन नहीं, परिवार हैं। वो हमें सिखाते हैं कि कम में भी खुश रहा जा सकता है।

अगर विकास की कीमत किसी एक समुदाय का अस्तित्व मिटाकर चुकानी पड़े, तो वो विकास नहीं, विनाश है। इसलिए अगली बार जब शब्द सुनें, तो ये भी पूछें -

## किसकी कीमत पर?

जंगल बचाने हैं तो जंगल के रखवालों को बचाना होगा। वरना वो दिन दूर नहीं जब हमारी किताबों में लिखा होगा - यहां कभी आदिवासी रहते थे, और यहां कभी जंगल हुआ करता था।

जल, जंगल, जमीन-ये नारा नहीं, आदिवासी के जीने का आधार है। और देश का भी।



# बच्चों से लेकर बड़ों तक में तेजी से फैल रहा आई फ्लू

## जानिए लक्षण और बचाव के तरीके

अनन्या मिश्रा

देश में भारी बारिश और बाढ़ के हालातों के बीच तेजी से आई फ्लू का कहर बढ़ रहा है। तमाम राज्यों के लोग बड़ी तादात में इस बीमारी की चपेट में आ गए हैं। बता दें कि आई फ्लू के खतरे को देखते हुए कई राज्यों के स्कूलों को भी बंद कर दिया गया है। इस फ्लू की चपेट में सबसे ज्यादा बच्चे आ रहे हैं। आई फ्लू के कारण सभी लोगों की चिंता बढ़ गई है। मेडिकल भाषा में आई फ्लू को कंजक्टिवाइटिस कहा जाता है। आई फ्लू से संक्रमित होने पर आंखें लाल हो जाती हैं और उनमें खुजली होने लगती है। आंखों से पानी बहने के साथ ही रोशनी से समस्या होने लगती है। वहीं कई लोगों की आंखों में सूजन भी हो जाती है। आई फ्लू के बढ़ते कहर के बीच लोगों के बीच यह बात तेजी से फैल रही है कि इस फ्लू के संक्रमित व्यक्ति की आंखों में देखने से आई फ्लू फैल सकता है। लेकिन इस बात में कितनी सच्चाई है, यह हम आपको इस आर्टिकल के जरिए बताने जा रहे हैं।

### क्या कहते हैं एक्सपर्ट्स

आई स्पेशलिस्ट के अनुसार, आई फ्लू एक वायरल इंफेक्शन होता है। जो इस समय तेजी से फैल रहा है। संक्रमण की वजह से यह वायरस फैलता है। इस इंफेक्शन के कारण आंखों में परेशानी होने लगती है और आंखें लाल हो जाती हैं। आई फ्लू में व्यक्ति की आंखों से फ्लूड निकलना, आंखों में खुजली होना, सूजन आना, आंखे लाल होना और लाइट सेंसिटिविटी जैसी समस्याएं होने लगती हैं। हालांकि आई स्पेशलिस्ट के अनुसार, यह वायरस आंखों के लिए खतरनाक नहीं होता है। यह वायरस 1-2 सप्ताह में अपने आप ही सही हो जाता है। आई फ्लू होने से लोगों के विजन में कोई समस्या नहीं होती है। लेकिन कई बार इस वायरस की वजह से देखने में टेंपरेरी समस्या हो सकती है। लेकिन विजन समय के साथ ही ठीक हो जाता है। आई स्पेशलिस्ट की मानें तो यह एक सेल्फ लिमिटिंग इंफेक्शन है। इस वायरस को लेकर ज्यादा घबराने की जरूरत नहीं है।

### कैसे फैलता है आई फ्लू

संक्रमित व्यक्ति की आंखें देखने से दूसरे व्यक्ति को आई फ्लू नहीं हो सकता है। यह वायरस देखने से फैलता है, यह एक बहुत बड़ी गलतफहमी है। आमतौर पर यह वायरस आई फ्लू सर्फेस से फैलता है। अगर आई फ्लू से संक्रमित व्यक्ति कहीं पर हाथ लगाता है और उसी जगह के संपर्क में आने वाला अन्य व्यक्ति अपनी आंखों पर लगाता है। तो आई फ्लू वायरस फैल जाता है। आई फ्लू से संक्रमित व्यक्ति की बेडशीट, तकिया, तौलिया या अन्य पहनने वाले कपड़ों को छूने से आंखों का संक्रमण फैलता है। इस संक्रमण से बचने के लिए लोगों को अपने हाथों की अच्छे से सफाई करनी चाहिए साथ ही आखों को बार-बार छूने से बचना चाहिए।

### ऐसे करें बचाव

आई स्पेशलिस्ट की मानें तो आई फ्लू से संक्रमित होने पर घबराने की जरूरत नहीं है। यह संक्रमण एक-दो हफ्ते में अपने आप ठीक हो जाता है। इस संक्रमण को सही करने से किसी टैबलेट या दवा की जरूरत नहीं होती है। लेकिन अगर आपको आंखों में ज्यादा इरिटेशन हो रही है तो आप डॉक्टर की सलाह पर आर्टिफिशियल टीयर और लुब्रिकेंट आई ड्रॉप का उपयोग कर सकते हैं। इस दौरान लापरवाही बिलकुल भी न बरतें और समस्या ज्यादा होने पर डॉक्टर से परामर्श जरूर करें।

# बरसात के मौसम में बेहाल पेट, आयुर्वेदिक उपाय से मिलेगी राहत

एकता

मानसून का मौसम लगभग हर दूसरे व्यक्ति के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। दरअसल, इस मौसम में लोगों को ब्लोटिंग जैसी पेट से संबंधित परेशानियां झेलनी पड़ रही है। पेट संबंधित समस्याएं मानसून में बेहद आम हो जाती है क्योंकि इस मौसम में लोगों का मेटाबॉलिज्म कमजोर हो जाता है। मेटाबॉलिज्म के कमजोर होते ही लोगों का हाल बेहाल हो जाता है।

बता दें, मेटाबॉलिज्म हमारे द्वारा खाए जाने वाले भोजन के पोषक तत्वों को उर्जा में बदलने का काम करता है। इसलिए इसके कमजोर होने पर हमारे शरीर का सारा कामकाज बाधित हो जाता है। ये सबसे ज्यादा हमारे पेट को प्रभावित करता है। इसलिए लोगों को ब्लोटिंग, पेट में फैलाव, भारीपन की समस्या होने लगती है। अगर आप भी इन सभी समस्याओं से परेशान है तो हम आपके लिए एक आयुर्वेदिक उपाय लेकर आए हैं। इस उपाय की मदद से आपको आसानी से ब्लोटिंग, पेट में फैलाव, भारीपन की समस्या से छुटकारा



मिल जाएगा। आयुर्वेद डॉक्टर दीक्सा भावसार सावलिया ने हाल ही में अपने सोशल मीडिया हैंडल पर एक पोस्ट शेयर किया है। इसमें उन्होंने एक पेय के बारे में बताया है, जो सूजन/पेट में फैलाव/पेट में भारीपन को दूर करने में असरदार है। चलिए आपको इसके बारे में बताते हैं। इस पेय को बनाने के लिए सबसे पहले 300 मिलीलीटर पानी लें। इसके बाद इसमें 1/4 छोटा चम्मच हींग (घी में भूनी हुई), 1/4 छोटा चम्मच सेंधा नमक और आधा छोटा चम्मच जीरा पाउडर मिलाएं। अब 5 मिनट तक इसे अच्छे तक उबालें। इसके बाद इसे बिना छाने घूंट-घूंट करके पीएं।

# डैंड्रफ से छुटकारा दिलाने के लिए कारगर नुस्खा है लहसुन

अनन्या मिश्रा

बालों में डैंड्रफ की समस्या होना आम बात है। प्रदूषण, गलत खानपान, खराब जीवनशैली धूल-मिट्टी और बालों को सही ढंग से सफाई ना करने के कारण डैंड्रफ की समस्या हो जाती है। बालों में डैंड्रफ होने से सिर में खुजली के साथ स्कैल्प पर सफेद पपड़ी पड़ जाती है। वहीं बालों में रूसी होने के कारण बालों की जड़ें कमजोर हो जाती हैं और बाल तेजी से झड़ने लगते हैं। रूसी से छुटकारा



पाने के लिए लोग कई तरह के अलग-अलग शैंपू का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन इन प्रोडक्ट्स में हानिकारक केमिकल मिले होते हैं, जो आपके बालों को नुकसान पहुंचाने के साथ ही कमजोर कर देता है।

ऐसे में अगर आप भी इस समस्या से निजात पाना चाहती हैं, तो आप लहसुन का इस्तेमाल कर सकती हैं। क्योंकि लहसुन में एंटी-फंगल, एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-इन्फ्लेमेटरी गुण पाए जाते हैं। यह स्कैल्प पर जमा गंदगी और संक्रमण साफ कर देता है। साथ ही लहसुन की मदद से आप डैंड्रफ और हेयर फॉल की समस्या से भी निजात पा सकते हैं। बता दें कि लहसुन में सल्फर और सेलेनियम पाया जाता है। यह बालों को मजबूत बनाने का काम करता है। इससे न सिर्फ बाल झड़ने कम हो जाते हैं, बल्कि नए बाल भी आने लगते हैं। आइए जानते हैं कि लहसुन की मदद से आप डैंड्रफ से किस तरह से निजात पा सकते हैं।

### लहसुन का पेस्ट

अगर आपके बालों में भी रूसी की समस्या हो गई है तो आप लहसुन का पेस्ट लगा सकती हैं। इसको बालों में लगाने के लिए लहसुन की कलियों को मिक्सी में अच्छे से पीस लें। फिर इस पेस्ट को सिर के स्कैल्प में 30-35 मिनट तक के लिए लगा लें। इसके बाद माइल्ड शैंपू से बालों को धो लें। सप्ताह में एक बार इस उपाय को करने से आपको बेहतर रिजल्ट प्राप्त होंगे।

### लहसुन और शहद

अगर आप भी डैंड्रफ की समस्या से परेशान हैं, तो आपको अपने बालों में शहद और लहसुन का हेयर मास्क अप्लाई करना चाहिए। इस हेयर मास्क को बनाने के लिए लहसुन की 7-8 कलियों को पीसकर पेस्ट बना लें। फिर इसमें 2 चम्मच शहद अच्छे से मिक्स कर लें। अब इस हेयर मास्क को स्कैल्प पर 20-30 मिनट के लिए अप्लाई कर लें। इसके बाद बालों को किसी माइल्ड शैंपू से धो डालें। सप्ताह में 2 से 3 बार इस नुस्खे को अपनाने से आपको बेहतर रिजल्ट मिलेगा।

### लहसुन और एलोवेरा

डैंड्रफ को हटाने के लिए लहसुन और एलोवेरा का मिश्रण भी काफी कारगर माना जाता है। एलोवेरा में एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-इन्फ्लेमेटरी गुण मौजूद होता है। जो बैक्टीरिया और संक्रमण को खत्म करता है और हेयर फॉल की समस्या को भी काफी हद तक कम करता है। इस पेस्ट को बनाने के लिए 2 चम्मच लहसुन के पेस्ट में 2 चम्मच एलोवेरा जेल मिक्स कर लें। इस पेस्ट को 30 मिनट के लिए स्कैल्प पर अप्लाई करें।

### लहसुन और नारियल तेल

लहसुन को नारियल तेल के साथ मिलाकर लगाने से डैंड्रफ की समस्या से छुटकारा पा सकते हैं। इसके लिए 7-8 लहसुन की कलियों को पीस लें और नारियल तेल में मिलाकर इसे हल्का सा गर्म कर लें। इसे अपने स्कैल्प पर मालिश करते हुए लगाएं। फिर करीब 1 घंटे बाद माइल्ड शैंपू से बालों को धो दें। इस तरह से आप सप्ताह में 1-2 बार इस उपाय को कर सकते हैं। यह डैंड्रफ हटाने के साथ ही बालों की खोई चमक भी वापस लाता है।

# पैसा गलत अकाउंट में चला जाये तो अपनाएं यह उपाय

विंध्यवासिनी सिंह

डिजिटल पेमेंट का जमाना जैसे जैसे बढ़ा है, वैसे वैसे लोगों की सहूलियत भी बढ़ी है। पर जैसा कि हर सिक्के के 2 पहलू होते हैं, तो डिजिटल पेमेंट में कई बार जानकारी के अभाव में तो, कई बार जल्दबाजी में गलत अकाउंट में भी लोग पैसा ट्रांसफर कर देते हैं। ऐसे में प्रश्न उठता है, कि क्या गलत अकाउंट में पैसा ट्रांसफर करने के बाद आपको वापस मिल सकता है? आइए जानते हैं- अगर गलती हो गई और आपका पैसा किसी अन्य के अकाउंट में चला गया तो फिर उस ट्रांसफर को रिवर्स कैसे किया जा सकता है इसके बारे में जो नियम है, वह बड़ा ही स्पष्ट है कि अगर जिस व्यक्ति के खाते में पैसा गया है, अर्थात बेनिफिशियरी को वह पैसा लौटाने के लिए बैंक को अप्रूवल नहीं देता है, तो पैसा लौटना मुश्किल है। ऐसी स्थिति में आपका बैंक कुछ भी नहीं कर सकता, क्योंकि वह सिर्फ मीडियेटर का काम करता है। हालांकि कई बार लोग ऐसा नहीं करते हैं और खाते में पैसा आने पर वह वापस करने को तैयार हो जाते हैं, लेकिन फिर भी किसी की नियत में कब खोटा जाए इसे भला कैसे जाना सकता है, किंतु अगर आपके साथ ऐसा होता है, तो आप तुरंत ही अपनी बैंक की ब्रांच में फोन करके मैनेजर से इस बात जानकारी दे सकते हैं और अगर आपने खाता संख्या लिखा है और वह खाता किसी बैंक में नहीं है, तो पैसा आपका तुरंत वापस हो जाएगा।


बेशक उसके लिए कुछ समय लगे किंतु अगर वह किसी बैंक में खाता है, तो इसके लिए तुरंत एक्शन लेना होगा, बैंक को आपको तमाम प्रूफ दिख लाना पड़ेगा, ताकि यह बात प्रूव हो सके कि गलत खाते में पैसा चला गया है। मिलते जुलते नाम की वजह से कोई कंफ्यूजन हो गई है तो अगर बैंक आपकी शिकायत पर कन्वींस हो जाता है, तो इसके लिए वह ट्रांजैक्शन रिवर्सल के लिए संबंधित बैंक को रिक्वेस्ट भेज सकता है। अगर वहां से रिवर्सल की परमिशन मिलती है तो पैसा वापस हो सकता है। उसके लिए तकरीबन 7 दिन का समय लग सकता है। अगर जिसके खाते में पैसा आ गया है उसका बैंक पैसा लौटाने से मना करता है, तो यह बेहद कठिन कार्य है, ऐसी स्थिति में आपको आईडी प्रूफ, एड्रेस प्रूफ और कुछ डॉक्यूमेंट जमा कराने पड़ सकते हैं, और फिर भी अगर वह व्यक्ति पैसा देने से मना करता है, तो उसके खिलाफ आप मुकदमा कर सकते हैं। इसमें मुश्किल तब और ज्यादा आ जाती है, जब आपका बैंक और बेनिफिशियरी बैंक अलग अलग होता है। अब किसी भी ऑनलाइन ट्रांसफर के लिए पहले आईएफएससी कोड के साथ आपको अकाउंट नंबर रजिस्टर करना पड़ता है और ऐसे चांसेस बहुत कम होते हैं कि आईएफएससी कोड आदि डालने के बाद आपका अकाउंट नंबर गलत हो। अगर दोनों सही होते हैं, तो गलत ट्रांसफर नहीं हो पाता है, किंतु ऐसे कुछ एक मामले भी आए हैं, जहां यह समस्या हुई है। सावधानी के कारण आपको यह जानकारी अवश्य रखनी चाहिए और कई बार मिलान करने के बाद ही आप अपने पैसे सही अकाउंट में ट्रांसफर करें। ऐसे में फ्रॉड से सावधान रहें खासकर यूपीआई पेमेंट आदि से क्योंकि एक बार पेमेंट गई तो फिर कोई वापस नहीं होता है, बेशक आप जितना जोर लगा लें। इसीलिए सावधानी ही सर्वोत्तम उपाय है।

**फैशन ट्रेंड जब भी चेंज होता है तो लोगों के आउटफिट को स्टाइल करने का तरीका बिलकुल बदल जाता है। ऐसा इसलिए, क्योंकि इससे हमें अपग्रेड फैशन के बारे में सही जानकारी रहती है। साथ ही हमें कुछ नया ट्राई करने को मिलता है। आजकल हर किसी को को-ऑर्ड सेट स्टाइल करना पसंद है। ऐसे में हर बार हम अलग-अलग डिजाइन को सर्च करते हैं, ताकि जब भी कुछ नया ट्राई करें तो इसमें हम अच्छे लगें। अगर आप भी को-ऑर्ड सेट में नए डिजाइन को सर्च कर रही हैं तो इसके लिए यहां दिए गए ऑप्शन को ट्राई कर सकती हैं।**

# को-ऑर्ड सेट...लहरिया डिजाइन ट्राई करें, लगेंगी खूबसूरत

### लहरिया प्रिंटेड एम्ब्राइडरी वर्क

अगर आपको एम्ब्राइडरी वर्क वाले आउटफिट पहनना पसंद है तो ऐसे में आप को-ऑर्ड सेट को स्टाइल कर सकती हैं। इसमें आपको ऊपर के टॉप पर एम्ब्राइडरी वर्क मिलेगा। इससे आपका लुक अच्छा लगेगा। साथ ही आपको कुछ नया ट्रेंड ट्राई करने को मिलेगा। इसके साथ इसमें आपको जो प्रिंट मिलेगा इसके हिसाब से आउटफिट पर एम्ब्राइडरी मिलेगी। इससे आपका लुक और भी अच्छा लगेगा। इस तरह के आउटफिट को आप पार्टी में भी वियर करके जा सकती हैं। मार्केट में यह सेट आपको 500 से 1,000 रुपए में मिल जाएंगे।



### विद डिजाइनर बेल्ट

आप को-ऑर्ड सेट को पैंट स्टाइल में भी खरीद सकती हैं। इसके साथ आपको लांग कुर्ता स्टाइल टॉप मिलेगा। इससे आपको कुछ नया ट्रेंड ट्राई करने को मिलेगा। साथ ही आपको इसके साथ पहनने के लिए डिजाइनर बेल्ट मिलेगी। इससे आउटफिट और भी अच्छा लगेगा। इसमें आपको दो कलर के साथ यह डिजाइन मिलेगा। इससे आपका लुक और भी अच्छा लगेगा। इस तरह के को-ऑर्ड सेट आपको मार्केट में 1,000 से 2,000 रुपए में मिल जाएंगे।



### सिंपल लहरिया

अगर आपको ऑफिस में को-ऑर्ड सेट को स्टाइल करना है तो इसके लिए आप इस तरह के डिजाइन को ट्राई कर सकती हैं। इसमें आपको शर्ट स्टाइल को-ऑर्ड सेट मिलेगा। इससे वो और भी अच्छा लगेगा। इसमें आप चाहें तो कलर अलग-अलग ट्राई कर सकती हैं। इससे यह और भी अच्छा लगेगा। मार्केट में इस तरह के सेट आपको 250 से 500 रुपए में मिल जाएंगे। इस बार फ्लोरल या चेक प्रिंट नहीं, बल्कि लहरिया प्रिंट के को-ऑर्ड सेट को स्टाइल करें। इससे आपका लुक अच्छा लगेगा। इसमें आपको कलर पैटर्न अलग-अलग डिजाइन के मिल जाएंगे।

# ट्रेडिशन और वेस्टर्न दोनों के साथ ऑम्ब्रे शेड नेल आर्ट



शादी के दिन अपने लुक में चार चांद लगाने के लिए आप ग्लिटर नेल आर्ट को चुन सकती हैं। इसे बनाने के लिए आप घर में रखी तीली या कॉटन की मदद ले सकती हैं। आप और हम सभी चाहते हैं कि हमारे नाखून खूबसूरत नजर आएं और इसके लिए हम आए दिन अपने नाखूनों पर तरह-तरह के नेल आर्ट भी करवाते हैं। बात अगर ब्राइडल लुक की करें तो आजकल हर दूसरी आप और हम जैसी दुल्हन स्टाइलिश और अप-टू-डेट दिखना चाहती हैं। वहीं आजकल नाखूनों को खूबसूरत बनाने के लिए ग्लिटर नेल आर्ट काफी चलन में नजर आ रहे हैं।

### ऑम्ब्रे नेल आर्ट डिजाइन

आजकल इस तरह के डबल शेड वाले नेल आर्ट को काफी पसंद किया जा रहा है। बता दें कि अगर आपकी आउटफिट पेस्टल कलर या ऐसे ही डबल कलर की है तो इस तरह का नेल आर्ट आपके लिए परफेक्ट रहेगा। बता दें कि आप चाहें तो एक नेल की जगह 2 से 3 नेल पर अलग-अलग तरह से ग्लिटर लगवा सकती हैं।

### फुल ग्लिटर नेल आर्ट

अगर आप ग्लिटर नेल आर्ट को पसंद करती हैं और फुल वर्क ग्लिटर लगवाना चाहती हैं तो इस तरह का डिजाइन आपके लिए परफेक्ट रहेगा। आप इसमें गोल्डन-सिल्वर, लाइट पिंक-मैजेंटा जैसे कलर्स को चुन सकती हैं।

### स्टोन वर्क ग्लिटर नेल आर्ट

आजकल स्टोन वर्क को काफी पसंद किया जाता है। इस तरह का डिजाइन खासकर ब्राइड के लिए ही खास होता है। ऐसा इसलिए, क्योंकि देखने में ऐसा डिजाइन काफी भारी नजर आता है। आप चाहें तो स्टोन के साथ मोती भी लगवा सकती हैं।

### मैटेलिक कलर के साथ ग्लिटर

देखने में ऐसा मैटेलिक कलर काफी यूनिक बोल्ड और यूनिक नजर आता है। बता दें कि इस तरह का डिजाइन आप हर तरह के कलर के साथ कैरी कर सकती हैं। साथ ही इसमें आप अपने हिसाब से ग्लिटर एक से 3 उंगली में करवा सकती हैं।

# पहली बार एआई ने खुद से डिजाइन किया वायरस, बैक्टीरिया खत्म किया; वैज्ञानिकों ने जताई चिंता

वाशिंगटन

यूएस के रिसर्चर्स ने एक ऐतिहासिक कामयाबी हासिल की है। स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी की टीम ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का इस्तेमाल करके बिल्कुल नए वायरल डिजाइन किए हैं, जो लैब में अपनी कॉपी भी बना सकते हैं।

यह पहली बार हुआ है जब जेनरेटिव एआई से पूरे जीनोम को सफलतापूर्वक डिजाइन किया गया है। रिसर्चर्स ने एआई मॉडल बनाए। ये मॉडल चैटजीपीटी की तरह काम करते हैं, लेकिन शब्दों की जगह जीवन की भाषा यानी डीएनए सीक्वेंस का अनुमान लगाते हैं। एआई को वायरस, बैक्टीरिया, पौधों और इंसानों के जेनेटिक कोड पर ट्रेन किया गया। फिर इसे बैक्टीरियोफेज बनाने के लिए रिफाइन किया गया।

ये ऐसे वायरस होते हैं जो सिर्फ खास बैक्टीरिया को इन्फेक्ट करते हैं, इंसानों को नहीं। स्टैनफोर्ड टीम ने एआई के 302 सबसे अच्छे डिजाइन चुने और उन्हें लैब में बनाया। इनमें से 16 फेज श्र. कोलाई बैक्टीरिया को मारने में सफल रहे।



पीएचडी स्टूडेंट सैमुअल किंग ने बताया, जब पेट्री डिश पर साफ स्पॉट दिखे तो समझ गया कि फेज काम कर रहे हैं। ये बहुत रोमांचक था। रिजल्ट सुनकर लैब में तालियां बजने लगीं। एक्सपर्ट्स इसे साइंस में बहुत बड़ा टर्निंग पाइंट कह रहे हैं। प्रो.ब्रायन ही के मुताबिक, इससे एंटीबायोटिक रेजिस्टेंट इन्फेक्शन के इलाज के नए तरीके मिल सकते हैं। साथ ही नई दवाएं, थेरेपी और जेनेटिक बीमारियों का इलाज भी संभव हो सकता है। स्पेन के प्रोफेसर मार्क गुएल ने कहा कि इतिहास में पहली बार हम कंप्यूटर पर बायलॉजी डिजाइन कर रहे हैं।

इसके साथ बायोसेफ्टी और बायोसिक्योरिटी का खतरा भी बढ़ गया है। जॉन्स हॉपकिन्स के डॉ. थॉमस इंगल्सबी और डॉ. मोरिट्ज हैंके ने लिखा कि अब सवाल ये नहीं है कि एआई वायरस बना सकता है या नहीं, सवाल ये है कि क्या इसका इस्तेमाल गंभीर नुकसान के बिना हो सकता है।

एक्सपर्ट्स ने कहा कि बीमारी पैदा करने वाले वायरस को डिजाइन करने की कोशिश बिल्कुल नहीं होनी चाहिए

रिसर्चर्स ने पहले ही सावधानी बरती। उन्होंने एआई को इंसानों को इन्फेक्ट करने वाले वायरस पर ट्रेन नहीं किया। सिर्फ बैक्टीरियोफेज पर काम हुआ और वो भी सुरक्षित लैब में। रिसर्चर्स ने अभी एआई सिर्फ 5400 बेस पेयर वाले फेज बना पाया है। इंसानी जीनोम 3 बिलियन बेस पेयर का होता है। लेकिन एक्सपर्ट्स मानते हैं कि ये सिंथेटिक बायोलॉजी की शुरुआत है।

# अंधेरे में छिपी सिर्फ एक आवाज... आखिर कहां गायब हैं ईरान के सुप्रीम लीडर मोजतबा खामेनेई?

तेहरान

अमेरिका और इजरायल के संयुक्त हवाई हमले में अयातुल्लाह अली खामेनेई की मौत हो गई थी, जो 1989 से ईरान का नेतृत्व कर रहे थे। जिसके बाद ईरान के सुप्रीम लीडर मोजतबा खामेनेई सालों तक पर्दे के पीछे काम करने के बाद इस्लामिक रिपब्लिक के सबसे शक्तिशाली पद पर आसीन हुए थे।

लेकिन उस हमले में खुद भी घायल हुए मोजतबा खामेनेई ने पद संभालने के बाद से अब तक दर्जन से अधिक लिखित संदेश जारी किए हैं, लेकिन अभी तक सार्वजनिक रूप से सामने नहीं आए हैं। पिछले महीने मोजतबा खामेनेई ने अमेरिका को चेतावनी दी कि यदि वह इस्लामिक रिपब्लिक पर हमले जारी रखता है तो उसे कभी न भूलने वाला सबक सिखाया जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप के हस्ताक्षर को बेकार और अमान्य करार दिया।

यह बयान ईरानी सरकारी टेलीविजन पर पढ़कर सुनाया गया। यह बयान ऐसे समय में आया जब इसके कुछ घंटे पहले ही तेहरान ने एक महीने पहले हुए एक अंतरिम समझौते के तहत अपनी प्रतिबद्धताओं को निलंबित करने की घोषणा की थी, क्योंकि अमेरिका और ईरान के बीच सैन्य और बुनियादी ढांचों पर लगातार हमले हो रहे थे।

मोजतबा ने कहा कि अब जब अमेरिकी दुश्मन संघर्ष को बढ़ाने की कोशिश कर रहा है और इसके जरिए उसे और भी भारी कीमत चुकानी पड़ेगी तथा और अधिक अपमान सहना होगा, तो उसे यह जान लेना चाहिए कि ईरान के महान राष्ट्र और रेजिस्टेंस फ्रंट ने उसके लिए ऐसा सबक तैयार रखा है जिसे वह कभी भूल नहीं पाएगा।

जब से संघर्ष फिर से बढ़ा है, तब से यह बयान खामेनेई का पहला सार्वजनिक संदेश था। इस बीच युद्ध को समाप्त करने के राजनयिक प्रयासों पर अनिश्चितता बढ़ती जा रही है। उनके लिखित संदेशों और सोशल मीडिया चैनलों पर सक्रियता के बावजूद, इस बात की कोई स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है कि 28 फरवरी के हमले के बाद मोजतबा खामेनेई जीवित भी हैं या नहीं। उस हमले में उनकी पत्नी जहरा हद्दाद आदेल और खामेनेई परिवार के अन्य सदस्य भी मारे गए थे।



हालांकि, कई ईरानी अधिकारियों ने कहा है कि वह हमले में घायल हो गए थे। इससे इन अटकलों को बल मिला है कि वह शायद ठीक होने का इंतजार कर रहे हैं या सुरक्षा कारणों से एहतियात बरत रहे हैं और इसलिए सार्वजनिक रूप से सामने नहीं आ रहे हैं।

ईरान इंटरनेशनल के अनुसार, ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन को कथित तौर पर तेहरान में एक अज्ञात स्थान पर ले जाया गया था, जहां उनकी मुलाकात एक ऐसे व्यक्ति से कराई गई जिसे सुप्रीम लीडर मोजतबा खामेनेई के रूप में पेश किया गया। इस गुप्त मुलाकात ने ईरान के नए नेतृत्व के आसपास बनी गोपनीयता पर नए सवाल खड़े कर दिए हैं। पेजेशकियन को काले और गहरे शीशे वाले वाहन की पिछली सीट पर ले जाया गया, जहां खामेनेई के रूप में पहचाना गया व्यक्ति पहले से बैठा हुआ था। खिड़कियों के शीशे काले रखे गए थे, सुरक्षाकर्मियों ने दोनों लोगों को एक-दूसरे को देखने या हाथ मिलाने से रोक दिया, जिससे वे केवल आवाज के माध्यम से संवाद कर सकते थे। बाद में पेजेशकियन को इस बात पर संदेह हुआ कि क्या जो आवाज उन्होंने सुनी, वह वास्तव में नए सुप्रीम लीडर की ही थी। यह मुलाकात केवल कुछ ही मिनटों तक चली, हालांकि बाद में पेजेशकियन ने व्यापार संघ के प्रतिनिधियों को बताया था कि उन्होंने सौहार्दपूर्ण माहौल में खामेनेई के साथ ढाई घंटे बिताए।

रिपोर्ट के अनुसार, पेजेशकियन ने बार-बार सुप्रीम लीडर से मिलने का अनुरोध किया था और इस्तीफा देने की धमकी भी दी थी। उनके कार्यालय ने आखिरकार मुलाकात के लिए सहमति दे दी, लेकिन पिछली परंपराओं को तोड़ते हुए उन्हें आधिकारिक आवास पर नहीं बुलाया गया, बल्कि उन्हें एक अज्ञात स्थान पर निर्देशित किया गया।

इजरायली मीडिया के अनुसार, ईरान के सुप्रीम लीडर मोजतबा खामेनेई की हालत गंभीर है और उन्हें अस्पताल ले जाया गया है, हालांकि उनके स्वास्थ्य की इस कथित स्थिति की कोई स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हुई है। ईरान के अंदर मौजूद सूत्रों का हवाला देते हुए चैनल 14 (छ14) और इससे पहले यरूशलेम पोस्ट ने कहा कि ईरानी शासन के वरिष्ठ अधिकारियों के बीच ऐसी अफवाहें फैल रही हैं कि खामेनेई की हालत बेहद गंभीर है, जिसमें ईरानवायर और पेजेशकियन प्रशासन के करीबी सूत्रों का हवाला दिया गया था। यरूशलेम पोस्ट के एक सूत्र ने कहा कि अगर हमें जल्द ही उनकी शहादत की खबर सुनाई दे, तो हमें कोई आश्चर्य नहीं होगा। रिपोर्ट्स में यह भी दावा किया गया है कि उनके पिता के परिसर को निशाना बनाकर किए गए शुरुआती हमलों में खामेनेई घायल हो गए थे और संभवतः उनका चेहरा या शरीर विकृत हो गया है। इसके चलते वे छिपकर रह रहे हैं और खुद को निशाना बनाए जाने के जोखिम को कम करने के लिए बिचौलियों के माध्यम से शासन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ संवाद कर रहे हैं। इस अनिश्चितता को बढ़ाते हुए, पेजेशकियन ने एक सरकारी टेलीविजन इंटरव्यू में कहा कि फिलहाल खामेनेई के साथ सीधा संपर्क बहुत मुश्किल है। सऊदी मीडिया आउटलेट अल-हदथ के अनुसार, ईरान के सुप्रीम लीडर मोजतबा खामेनेई ईरान में नहीं हैं। इस दावे ने देश के नेतृत्व में उनकी भूमिका और उनके ठिकाने को लेकर बढ़ती अनिश्चितता को और हवा दे दी है। खामेनेई के आधिकारिक संदेश नव-नियुक्त इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स के प्रमुख अहमद वाहिदी और अन्य वरिष्ठ IRGC अधिकारियों द्वारा ड्राफ्ट किए जा रहे हैं।

# शहबाज-मुनीर के सऊदी पहुंचते ही टूट पड़ा ईरान, बिछा दी लाशें

नई दिल्ली



पाकिस्तान में चारों तरफ विद्रोह भड़का हुआ है। लगातार मार-काट की तस्वीरें सामने आ रही है। लेकिन मुनीर और शहबाज इन सबको नजरअंदाज करके अलग ही खेल में लगे हुए हैं। कभी मुनीर शहबाज ईरान की तरफ से बैटिंग करते हैं तो कभी अमेरिका की तरफ से। लेकिन इस बार इनकी गर्दन ऐसी फंसी है कि सारी हेकरी निकल गई और बुरी तरह से फड़फड़ा रहे हैं। दरअसल ईरान की ओर से लगातार उन मुस्लिम देशों में हमले किए जा रहे हैं जहां अमेरिका की सेना या सैन्य अड्डे हैं। उन्हीं में से एक सऊदी अरब भी है जो इन दिनों हमलों की सबसे ज्यादा मार झेल रहा है। वही सऊदी जिसने कुछ समय पहले पाकिस्तान के साथ एक समझौता किया था कि अगर दोनों देशों में से किसी एक पर हमला होता है तो वो दोनों देशों पर ही हमला माना जाएगा। ये एक डिफेंस डील की गई और इस डील के तहत एक दूसरे की मदद भी की जाएगी।

जैसे ही ईरान की ओर से हमले शुरू हुए तो पाकिस्तान बिल में जा चुका और उसने किसी भी तरह की सऊदी की मदद नहीं की। लगातार हो रहे हमलों के बीच अचानक पाकिस्तान के पीएम शहबाज और सेना प्रमुख मुनीर सऊदी पहुंचे तो ईरान और ईरान समर्थित हूती ने ऐसे भीषण हमले किए कि पाकिस्तान के डिफेंस बिल की सारी हवा निकल। हूती विद्रोहियों ने यमन सीमा से लगे सऊदी इलाके में हमला जोरदार किया है। सैन्य ठिकानों को बैलेस्टिक मिसाइलों और ड्रोन से निशाना बनाया गया। हमला इतना भीषण था कि कई किलोमीटर तक तबाही का धुआं साफ-साफ दिखाई दे रहा था। इन हमलों में कम से कम 30 सैनिकों की मौत और 50 से ज्यादा घायल होने की खबर सामने आई।

हूती ने दावा किया है कि सऊदी समर्थित बलों को निशाना बनाया गया और बड़ी संख्या में हताहत हुए। यह हमला तब हुआ जब पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ और आर्मी चीफ आसिम मुनीर सऊदी में ही मौजूद थे। सीधे तौर पर इस्लामाबाद के लिए भूति विद्रोहियों ने एक कड़ा संदेश भी दिया है कि पाकिस्तान की सैनिक गारंटी के बावजूद पूछे हटने वाले नहीं। 2022 के युद्ध विराम के बाद यह पहला मौका है जब सऊदी अरब की सीमा पर तनाव इस कदर चरम पर पहुंच गया है। अब पूरी दुनिया की नजरें इस बात पर टिकी हुई है कि रियाद में जुटने जा रहे सऊदी अरब तुर्की और पाकिस्तान के शीर्ष नेता हूती विद्रियों और ईरान समर्थित मिलीशिया के इस सीधे चैलेंज का क्या जवाब देते हैं?

# मुंबई नमक सत्याग्रह में शामिल होंगे जेन जी और जेन अल्फा: राकेश शेट्टी

मुंबई, (वार्ता)

एकता - द पावर ऑफ़ यूथ एंड यूनिटी के संस्थापक-अध्यक्ष राकेश शंकर शेट्टी ने दावा किया है कि मुलुंड में होने वाले आगामी नमक सत्याग्रह में जेन जी और जेन अल्फा पीढ़ी के लोग बड़ी संख्या में शामिल होंगे।

यह विरोध प्रदर्शन सॉल्टपैन (नमक बनाने वाली) ज़मीन के प्रस्तावित इस्तेमाल के ख़िलाफ़ किया जा रहा है।

श्री शेट्टी ने यह बयान मुंबई की 256 एकड़ सॉल्टपैन ज़मीन को धारावी पुनर्विकास परियोजना के



लिए सौंपे जाने से बचाने के लिए युवाओं को एकजुट करने के मकसद से आयोजित एक जागरूकता कार्यक्रम के बाद दिया। उनके युवाओं से अपील की गई है कि वे इस शांतिपूर्ण आंदोलन में हिस्सा लेने के लिए अपने माता-पिता के साथ साइकिल, स्केट, डांस ग्रुप और पेंटिंग का सामान लेकर आएं।

संगठन ने शुक्रवार को मुलुंड रेलवे स्टेशन के पश्चिम और पूर्व, दोनों तरफ़ जागरूकता कार्यक्रम और नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया था। मुख्य विरोध प्रदर्शन रविवार सुबह 11:00 बजे मुलुंड ईस्ट में मुलुंड वेस्ट-ईस्ट सर्विस रोड पर होगा। श्री शेट्टी ने कहा, ये सॉल्टपैन मुंबई के फेफड़े हैं। एक बार खो जाने के बाद, इन्हें कभी वापस नहीं पाया जा सकेगा। मुंबई को सांस लेने के लिए खुली जगह की ज़रूरत है।

## रेखा गुप्ता ने कांवड़ सेवा शिविरों का किया निरीक्षण

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शनिवार को दिल्ली-उत्तर प्रदेश बॉर्डर स्थित कांवड़ सेवा शिविरों का दौरा कर शिवभक्तों का स्वागत किया। रेखा गुप्ता ने इस दौरान कांवड़ यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं से संवाद कर उनकी यात्रा और सुविधाओं से जुड़ी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने सेवा कार्य में जुटे शिविर संचालकों और कार्यकर्ताओं से बातचीत की तथा उनके सेवा भाव की सराहना की। मुख्यमंत्री ने शिवभक्तों की आवश्यकताओं और शिविरों में की गई व्यवस्थाओं के संबंध में अधिकारियों से भी जानकारी ली। दिल्ली सरकार प्रत्येक शिवभक्त की कांवड़ यात्रा को सरल, सुरक्षित और सुगम बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

# ईरान पर लगातार हवाई हमलों से बात नहीं बनेगी

**अमेरिकी जनरल डैन केन का बड़ा बयान**



वाशिंगटन

अमेरिका ईरान के साथ अपने युद्ध को समाप्त करने का रास्ता तलाश रहा है। सैन्य जनरलों का मानना है कि केवल हवाई हमलों के जरिए राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप के उद्देश्यों को पूरा नहीं किया जा सकता है। सीएनएन के अनुसार, जॉइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ के चेयरमैन जनरल डैन कैन ने निजी तौर पर ट्रंप प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों से कहा है कि अमेरिका को संघर्ष से बाहर निकलने की जरूरत है। उन्होंने चेतावनी दी है कि सैन्य कार्रवाई को और बढ़ाने से उल्टा असर हो सकता है और वाशिंगटन की शर्तों पर तेहरान को समझौते के लिए मजबूर करने में विफलता मिल सकती है। सीएनएन के अनुसार, कैन ने ट्रंप की राष्ट्रीय सुरक्षा टीम के प्रमुख सदस्यों के सामने चिंताएं रखी हैं, जिनमें उपराष्ट्रपति जेडी वेंस, विदेश मंत्री मार्को रुबियो और सीआईए निदेशक जॉन रैटक्लिफ शामिल हैं। इन चर्चाओं में उपलब्ध सैन्य विकल्पों की सीमाओं और जोखिमों पर ध्यान केंद्रित किया गया है, जिसमें ऐसे परिदृश्यों पर भी विचार किया गया है जिनसे ईरान में अमेरिकी जमीनी सैनिकों को भेजने से बचा जा सके। कैन के इस दृष्टिकोण को सेना की सुरक्षा करने के प्रयास के रूप में वर्णित किया है। प्रशासन के भीतर इस बात को लेकर चिंता बढ़ रही है कि हवाई हमले वास्तव में इस संघर्ष को कितना आगे ले जा सकते हैं। राष्ट्रपति ट्रंप ने ईरान में अमेरिकी जमीनी बलों को तैनात करने का बार-बार विरोध किया है। इसके बजाय, उन्होंने यह सुझाव दिया है कि लगातार बमबारी से तेहरान पर समझौता स्वीकार करने का दबाव बनाया जा सकता है। लेकिन चर्चाओं से परिचित लोगों के अनुसार, कैन और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों का निजी तौर पर मानना है कि ऐसे परिणाम मिलने की संभावना बहुत कम है। ये चिंताएं ऐसे समय में सामने आई हैं जब इस संघर्ष के कारण व्यापक क्षेत्रीय और आर्थिक परिणाम उत्पन्न होने का खतरा मंडरा रहा है। ट्रंप ने गुरुवार को कहा कि ईरान और होर्मुज से जुड़ी बातचीत में प्रगति हो रही है और उन्होंने उम्मीद जताई कि यह टकराव बहुत जल्द खत्म हो सकता है। ट्रंप ने यह भी कहा कि इस प्रगति से इस महत्वपूर्ण जलमार्ग को स्थिर करने में मदद मिल सकती है और अंततः ईंधन की कीमतें नीचे आ सकती हैं। होर्मुज वैश्विक तेल शिपमेंट के लिए एक प्रमुख मार्ग है, और इसमें कोई भी लंबा व्यवधान ऊर्जा बाजारों पर और अधिक दबाव डाल सकता है।

## फिल्म/टीवी मनोरंजन



# शरद केलकर ने असम बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए बढ़ाया हाथ

अभिनेता शरद केलकर ने असम में आई भीषण बाढ़ से प्रभावित लोगों की मदद के लिए आर्थिक सहायता का हाथ बढ़ाया है। राज्य के कई हिस्सों में बाढ़ के कारण जनजीवन प्रभावित है और बड़ी संख्या में लोग अब भी भोजन, आवास और अन्य जरूरी सुविधाओं के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

बाढ़ प्रभावित इलाकों में इस समय भोजन, गद्दे, स्वच्छता सामग्री और सुरक्षित निकासी जैसी बुनियादी जरूरतों की तत्काल आवश्यकता है। सोशल मीडिया पर सामने आ रही बाढ़ की तस्वीरें और वीडियो वहां की भयावह स्थिति को बयां कर रहे हैं।

ऐसे मुश्किल समय में शरद केलकर राहत कार्यों में सहयोग करने वाले कलाकारों में शामिल हो गए हैं। उन्होंने प्रभावित लोगों की मदद के लिए आर्थिक योगदान दिया और लोगों से भी अपनी क्षमता के अनुसार राहत कार्यों में सहयोग करने की अपील की।

शरद ने कहा कि आपदा की इस घड़ी में जरूरतमंद परिवारों तक मदद पहुंचाना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने लोगों से राहत एवं पुनर्वास के प्रयासों में योगदान देने का आग्रह किया, ताकि बाढ़ प्रभावित परिवार जल्द से जल्द सामान्य जीवन की ओर लौट सकें।

असम में राहत और पुनर्वास का कार्य अभी जारी है और विभिन्न स्तरों पर प्रभावित लोगों तक आवश्यक सहायता पहुंचाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

# डेंगू की चपेट में आईं अविका गोर, 104 डिग्री बुखार में भी करती रहीं शूटिंग



बालिका वधू फेम मशहूर टीवी और फिल्म एक्ट्रेस अविका गोर को लेकर एक बड़ी खबर सामने आई है। लगातार पांच दिनों तक 103-104 डिग्री तेज बुखार से पीड़ित रहने के बाद अविका को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मेडिकल जांच के बाद पता चला है कि वह डेंगू से संक्रमित हैं। उनके पति मिलिंद चंदवानी ने सोशल मीडिया पर वीडियो शेयर कर अविका का हेल्थ अपडेट दिया है और फैंस से उनके जल्द ठीक होने की दुआ करने की अपील की है। उन्होंने बीमार होने के बावजूद अपने काम की ज़िम्मेदारियाँ पूरी करने के लिए अविका की तारीफ़ की और फ़ैन्स से उनके जल्द ठीक होने की दुआ करने को कहा। शुक्रवार को अविका के पति मिलिंद चंदवानी ने इंस्टाग्राम पर बताया कि एक्ट्रेस को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वीडियो में मिलिंद चंदवानी ने कहा, अविका को कल रात अस्पताल में भर्ती कराया गया, क्योंकि वह पांच दिनों से 103-104 डिग्री बुखार से जूझ रही थीं। अपनी हालत के बावजूद, वह एक प्रोजेक्ट पर काम करती रहीं, जिसकी दो दिन की शूटिंग बाकी थी। तेज़ बुखार के बावजूद उन्होंने इतना अच्छा काम किया कि टीम बाकी शूटिंग को सिर्फ़ एक दिन में ही पूरा कर पाई। उन्होंने आगे कहा, इसके बाद अविका घर लौटीं और उन्हें दो दिन की छुट्टी मिली, जो उन्होंने ज़्यादातर बिस्तर पर ही बिताईं; वह दवाइयाँ ले रही थीं और ठीक से चल-फिर या खा-पी नहीं पा रही थीं। हालाँकि, क्योंकि उन्होंने वादा किया था, इसलिए वह उसी बुखार में एक ऐड की शूटिंग के लिए दिल्ली गईं। शूटिंग से पहले उन्होंने अपना टेस्ट भी करवाया। जब वह मुंबई लौटीं, तो टेस्ट के नतीजों से पता चला कि उन्हें डेंगू है। मिलिंद ने कहा कि उन्होंने बार-बार उनसे कहा कि प्रोड्यूसर समझ जाएँगे और शूटिंग को टाला जा सकता है, लेकिन अविका ने अपना वादा निभाने पर ज़ोर दिया; उनका कहना था कि वह नहीं चाहतीं कि किसी का समय या पैसा बर्बाद हो।

# यादें में नजर आएंगी अभिनेत्री उषा बचानी

सोनी सब के धारावाहिक यादें में अब वरिष्ठ अभिनेत्री उषा बचानी की एंट्री होने जा रही है। वह शो में वर्तिका का किरदार निभा रही हैं, जिन्हें प्यार से आई साहेब कहा जाता है। वर्तिका, दिग्विजय उर्फ दिग्गी (अर्जुन पुंज) की मां हैं और उनके आगमन से कहानी में भावनाओं और रिश्तों की एक नई परत जुड़ने की उम्मीद है।यादें अपने हास्य और दिलचस्प चिकित्सकीय मामलों के मिश्रण के जरिए दर्शकों का मनोरंजन कर रहा है। शो में डॉक्टर देव मेहता (इकबाल खान) का जीवन बदलते रिश्तों और अप्रत्याशित घटनाओं के बीच लगातार नए मोड़ ले रहा है। वहीं, दिग्विजय और डॉक्टर सृष्टि (गुलकी जोशी) शादी के बाद अपने जीवन के नए अध्याय की शुरुआत करने जा रहे हैं। वर्तिका एक गरिमामयी महिला हैं, जो मजबूत मूल्यों और अटल सिद्धांतों में विश्वास रखती हैं। मराठी परंपराओं और अपनी विरासत से गहराई से जुड़ी वर्तिका का मानना है कि व्यक्ति का वास्तविक चरित्र उसके रोजमर्रा के व्यवहार से सामने आता है। वह ईमानदारी, सम्मान और निरंतरता को सबसे अधिक महत्व देती हैं। अपने बेटे दिग्गी के साथ उनका गहरा रिश्ता कहानी में भावनात्मक गर्माहट लाने वाला है। वहीं, अपनी बहू से उनकी ऊंची अपेक्षाएं भी कहानी को दिलचस्प बनाने वाली हैं। अपने किरदार वर्तिका के बारे में उषा बचानी ने कहा कि जब उन्होंने पहली बार वर्तिका के बारे में पढ़ा तो वह उनकी गरिमा और शांत व्यक्तित्व से तुरंत प्रभावित हो गईं। उन्होंने कहा कि वर्तिका परंपराओं को महत्व देती हैं और यही खूबी उन्हें बेहद खास बनाती है। उन्हें अपने बेटे दिग्गी पर बेहद गर्व है और मां-बेटे का रिश्ता उनके किरदार की यात्रा का सबसे भावुक हिस्सा है।



# वेयरहाउस निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने स्वयं कराई मूंग की तुलाई, गुणवत्ता से समझौता नहीं करने के दिए निर्देश

नरसिंहपुर (स्वतंत्र मत)।

मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान के अंतर्गत कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने शुक्रवार को करपगांव स्थित सेठ वेयरहाउस का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अपने समक्ष मूंग की बोरियों की तुलाई कराई तथा खरीदी की गुणवत्ता का गहन परीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि केवल निर्धारित मानकों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण मूंग की ही खरीदी की जाए। यदि गुणवत्ता में किसी प्रकार की अनियमितता पाई गई तो संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों की जवाबदेही तय कर कार्रवाई की जाएगी।



इसके बाद कलेक्टर ने बोहानी स्थित मुक्तिधाम का निरीक्षण कर सीमांकन कराने तथा अतिक्रमण तत्काल हटाने के निर्देश दिए।

उन्होंने परिसर में किए गए वृक्षारोपण का भी जायजा लिया और पौधों के नियमित संरक्षण एवं देखरेख पर विशेष जोर दिया। कलेक्टर ने बोहानी तालाब का अवलोकन भी किया।

भ्रमण के दौरान कलेक्टर सेवा सहकारी समिति कामती पहुंचीं, जहां उन्होंने ग्रामीणों से सीधे संवाद कर सार्वजनिक वितरण प्रणाली की जानकारी ली। उन्होंने ग्रामीणों से पूछा कि उन्हें समय पर राशन मिल रहा है या नहीं तथा वितरण में किसी प्रकार की समस्या तो नहीं है। अधिकारियों को निर्देशित किया कि अगस्त माह का राशन निर्धारित समय पर सभी पात्र हितग्राहियों तक पहुंचे और वितरण कार्य में किसी भी प्रकार की बाधा न आने पाए।

कलेक्टर ने कामती के सामुदायिक भवन का निरीक्षण करते हुए निर्देश दिए कि आंगनवाड़ी केंद्र को सामुदायिक भवन में स्थानांतरित किया जाए, ताकि बच्चों एवं हितग्राहियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। उन्होंने कहा कि जनहित से जुड़े कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी तथा सभी अधिकारी संवेदनशीलता और जवाबदेही के साथ कार्य करें।

# सालीचौका में अमृत सरोवर तालाब का पट्टा एवं केसीसी स्वीकृति पत्र वितरित

### कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने हितग्राहियों को प्रदान किए लाभ, स्वयं सहायता समूहों को किया प्रोत्साहित



**नरसिंहपुर** (स्वतंत्र मत)। मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को जिले के सालीचौका स्थित बालक शाला परिसर में जनसंवाद एवं हितलाभ वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने अमृत सरोवर तालाब का पट्टा हितग्राहियों को प्रदान किया तथा मांझी नवयुवक स्वयं सहायता समूह के सदस्यों को स्वीकृत किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) के स्वीकृति पत्र वितरित किए। कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने कहा कि शासन की योजनाओं का उद्देश्य अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाना है। उन्होंने स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों से योजनाओं का अधिकतम लाभ लेकर स्वरोजगार और आजीविका गतिविधियों को मजबूत बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री गजेन्द्र सिंह नागेश ने भी हितग्राहियों को केसीसी स्वीकृति पत्र वितरित किए और कहा कि किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से समूहों को कृषि एवं आजीविका गतिविधियों के लिए समय पर वित्तीय सहायता उपलब्ध होगी, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति और अधिक सुदृढ़ होगी। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी, स्वयं सहायता समूहों के सदस्य एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी हितग्राहियों को दी गई।

# गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम का हुआ समापन



### 5 प्रतिभावान मेधावी छात्र छात्राओं को प्रशस्ति पत्र व मैडल प्रदान कर सम्मानित किया गया

नरसिंहपुर (स्वतंत्र मत)।

भारत विकास परिषद नरसिंहपुर शाखा द्वारा संस्कार प्रकल्प के अंतर्गत गुरुवन्दन छात्र अभिनन्दन कार्यक्रम लारेंस स्कूल में आयोजित किया गया। राष्ट्रगीत गायन के साथ प्रारंभ कार्यक्रम में शिक्षा के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान देने वाले विद्यालय के 5 शिक्षक - शिक्षिकाओं को स्मृति चिन्ह प्रदान कर एवं 5 प्रतिभावान मेधावी छात्र छात्राओं को प्रशस्ति पत्र व मैडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात विद्यार्थियों द्वारा तिलक वंदन व आरती कर गुरुजनों का पूजन किया गया।

कार्यक्रम में रीजनल अध्यक्ष इंजी. सुनील कोठारी, रीजनल महिला सहभागिता प्रमुख भारती कौरव, प्रांतीय संस्कार प्रमुख आशुतोष वर्मा, शाखा अध्यक्ष उमेश दुबे, सचिव द्वय विकास नेमा, आशीष नेमा, पूर्व अध्यक्ष शिरीष पुरोहित, सोमराज कोरी, शाखा उपाध्यक्ष सुनीता शर्मा, सविता अग्रवाल, स्मिता श्रीवास आदि परिषद सदस्यों के अलावा शाला संचालक श्री कुरियन एवं प्राचार्य रोसम्मा कुरियन की सहभागिता रही। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान गायन कर किया गया।भारत विकास परिषद अपने संस्कार प्रकल्प अंतर्गत स्कूल स्कूल में छात्र छात्राओं के बीच संस्कार सिखाने वाले कार्यक्रम करते है।

## सफाई मित्रों की सुरक्षा बनी निगम की प्राथमिकता

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** स्वच्छ सर्वेक्षण के तहत नगर पालिक निगम एवं सहयोगी विजन संस्था द्वारा बस स्टैंड के पास सफाई मित्रों के लिए सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में सफाई मित्रों को सुरक्षित तरीके से कार्य करने और स्वास्थ्य संबंधी जोखिमों से बचाव के उपाय बताए गए। प्रशिक्षण के दौरान सफाई मित्रों को पीपीई किट वितरित कर दस्ताने, मास्क, जूते, टोपी एवं रिफ्लेक्टर जैकेट के सही उपयोग की जानकारी दी गई।

# जन विश्वास अभियान के तहत कलेक्टर ने आंगनवाड़ी केंद्रों व प्राथमिक शाला का किया निरीक्षण

नरसिंहपुर (स्वतंत्र मत)।

कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने जन विश्वास अभियान 2026 के अंतर्गत दो अलग-अलग आंगनवाड़ी केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बच्चों की उपस्थिति पंजी का अवलोकन किया तथा बच्चों से नाश्ता, मध्यान्ह भोजन, स्वास्थ्य एवं अन्य सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने बच्चों की नियमित उपस्थिति के निर्देश दिए। इसके बाद कलेक्टर ने



प्राथमिक शाला कामती का भी निरीक्षण किया। यहां उन्होंने विद्यार्थियों से हिंदी एवं अंग्रेजी का पाठ पढ़वाकर उनकी शैक्षणिक गुणवत्ता का आकलन किया। साथ ही बच्चों से अंग्रेजी में अपना परिचय देने के लिए कहा और उनके आत्मविश्वास तथा भाषा ज्ञान की सराहना की। कलेक्टर ने शिक्षकों को बच्चों की बुनियादी शिक्षा एवं भाषा कौशल को और बेहतर बनाने के लिए निरंतर प्रयास करने के निर्देश दिए।

## मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान 2026 - उद्यम संवाद कार्यक्रम में युवाओं को स्वरोजगार योजनाओं की दी जानकारी

**नरसिंहपुर।** मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान 2026 के अंतर्गत नगर परिषद सालीचौका में उद्यम संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न स्वरोजगार मूलक विभागों द्वारा शासन की स्वरोजगार एवं रोजगारपरक योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभान्वित उद्यमियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि शासन की सहायता से उन्होंने अपने उद्यम स्थापित कर आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ाए हैं। कार्यक्रम में कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने नए वित्तीय वर्ष में विभिन्न विभागों की योजनाओं के अंतर्गत स्वीकृत हितग्राहियों को हितलाभ वितरित किए।



उन्होंने उपस्थित युवाओं से शासन की स्वरोजगार योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाकर स्वयं का रोजगार स्थापित करने और आत्मनिर्भर बनने का आह्वान किया।

# मकान में संचालित जुआ फड़ पर पुलिस का छापा, 9 जुआरियों के विरूद्ध प्रकरण दर्ज

### छह लाख से अधिक का मशरूका बरामद

**उमरिया (स्वतंत्र मत)।** पुलिस अधीक्षक उमरिया विजय भागवानी द्वारा जिले में अवैध गतिविधियों के विरुद्ध प्रभावी एवं सतत कार्यवाही करने हेतु दिए गए निर्देशों के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमरिया आलोक शर्मा के मार्गदर्शन एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) उमरिया पी.एस. परस्ते के नेतृत्व में थाना कोतवाली एवं चौकी सिविल लाइन पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा योजनाबद्ध रेड कार्यवाही कर जुआ फड़ का खुलाशा किया गया।

दिनांक 06.08.2026 को थाना कोतवाली पुलिस को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि सोनू नाहर अपने कैम्प उमरिया स्थित मकान के ऊपर बने कमरे में ताश के पत्तों से हार-जीत की बाजी लगवाकर जुआ संचालित कर रहा है। सूचना की तस्दीक उपरांत वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में पुलिस टीम गठित कर विधिवत रेड कार्यवाही की गई। मौके पर कुल 09 व्यक्ति ताश के पत्तों से हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते पाए गए। आरोपियों के कब्जे एवं फड़ से 75,205- रूपये नगद, 09 मोबाइल फोन, 04 दोपहिया वाहन, ताश के पत्ते एवं अन्य सामग्री जप्त की गई। इस संबंध में थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 428ध्2026, धारा 3ध्4 पब्लिक गैम्बलिंग एक्ट, 1867 पंजीबद्ध कर विवेचना की जा रही है। जांच में यह तथ्य सामने आया कि आरोपी केवल नगद राशि से ही नहीं बल्कि मोबाइल फोन में उपलब्ध यूपीआई डिजिटल माध्यम के जरिए भी जुए में हार-जीत की रकम का लेन-देन कर रहे थे। आरोपियों द्वारा डिजिटल ट्रांजैक्शन के माध्यम से भी जुए का संचालन एवं भुगतान किया जाना पाया गया।

संलिप्त आरोपीगण में फिरदोस अली पिता मुमताज उर्फ मुन्ना खान, उम्र 41 वर्ष, निवासी रमपुरी, उमरिया। नीरज गुप्ता पिता मंगू प्रसाद गुप्ता, उम्र 32 वर्ष, निवासी झिरिया मोहल्ला, उमरिया। नितिन कुमार बजाज पिता स्व. हरीश कुमार बजाज, उम्र 41 वर्ष, निवासी शिव टॉकीज, कैम्प उमरिया। आनंद सिंह लोधी पिता स्व. गुजारीलाल, उम्र 48 वर्ष, निवासी इमामवाड़ा के पीछे, कैम्प उमरिया। कमलेश सिंह पिता राजभान सिंह, उम्र 40 वर्ष, निवासी कैम्प उमरिया। अनिल अमरानी पिता गुन्नाराम अमरानी, उम्र 45 वर्ष, निवासी झिरिया मोहल्ला, उमरिया। सतेन्द्र सिंह पिता राघवेन्द्र सिंह, उम्र 38 वर्ष, निवासी खलेसर रोड, महरोई। मोबीन खान पिता शेख शरीफ, उम्र 30 वर्ष, निवासी पुराना पड़ाव, उमरिया। सोनू नाहर पिता रमेश नाहर, उम्र 38 वर्ष, निवासी कैम्प उमरिया।

सराहनीय भूमिका-

उक्त रेड कार्यवाही में अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) उमरिया पी.एस. परस्ते के कुशल नेतृत्व में उनि. भूपेन्द्र पंत, उनि. एस.एन. प्रजापति, प्रधान आरक्षक सुरेश कुलस्ते, प्रधान आरक्षक योगेश्वर सिंह, प्रधान आरक्षक अनिल पटेल, प्रधान आरक्षक आकाश दास, प्र.आर. आरक्षक दादूराम यादव, प्र.आर. आरक्षक प्रवीण तिवारी, प्र.आर. आरक्षक विकास चतुर्वेदी, प्र.आर. आरक्षक रोहित जाटव, प्रधान आरक्षक प्रमोद पटेल, प्र.आर. दलबीर सिंह, प्र.आर. चा. राजकुमार, आरक्षक आशीष तिवारी तथा साइबर सेल के प्रधान आरक्षक संदीप सिंह एवं आरक्षक सुनील सिंह की महत्वपूर्ण एवं सराहनीय भूमिका रही। उमरिया पुलिस का आमजन से अनुरोध है कि किसी भी प्रकार की अवैध जुआ, सट्टा अथवा अन्य आपराधिक गतिविधियों की सूचना तत्काल पुलिस को दें। सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूर्णतः गोपनीय रखी जाएगी।

# पॉलिथीन उपयोग करने वाले दुकानदारों पर हुई चालानी कार्यवाही

गाडरवारा (स्वतंत्र मत)

नगरपालिका अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा, मुख्य नगरपालिका अधिकारी रितु मेहरा के निर्देशन पर विगत दिवस नगर में कई दुकानदारों के पास पॉलिथीन पाए जाने पर चालानी कार्रवाही की गई द्य इसके पूर्व भी नगर में दुकानदारों को नगरपालिका द्वारा समझाईस दी गई थी कि पॉलिथीन का उपयोग प्रतिबंधित है परंतु देखने में आ रहा है कि कई दुकानदारों द्वारा आज भी धड़ल्ले के साथ पालीथीन का उपयोग किया जा रहा है परिणामस्वरुप नगर पालिका की टीम द्वारा दुकानदारों के पास पहुंचकर पॉलिथीन पाए जाने पर उनके चालान काटे गए



तथा उन्हें पॉलिथीन का उपयोग प्रतिबंध करने हेतु समझाईस भी दी गई।

इस चालानी कार्रवाई में मुख्य नगर पालिका अधिकारी रितु मेहरा खुद उपस्थित रही द्य इसके अलावा टीम में बबलू चौहान, संजय व्यास, संजय सेन, नरेश रजक शैलेंद्र शर्मा, पवन तिवारी एवं दीपक प्रजापति शामिल रहे।

# आर्यन कौरव का नीट में चयन दक्ष इंटरनेशनल स्कूल की गौरवपूर्ण उपलब्धि



गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।

दक्ष के छात्र आर्यन कौरव पिता पुरुषोत्तम कौरव निवासी कजरोटा, ने नीट-यूजी 2026 परीक्षा में 578 अंक प्राप्त कर सफलता हासिल की है। ज्ञात हो आर्यन ने दक्ष इंटरनेशनल स्कूल गाडरवारा से कक्षा 12वीं की परीक्षा 85त्र अंकों के साथ उत्तीर्ण की थी। आर्यन के चयन साथ दक्ष ने प्रतियोगी परीक्षाओं में अपना सफलता का रिकॉर्ड कायम रखा है। यह उपलब्धि विद्यालय, अभिभावकों तथा पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है।

हम आर्यन एवं उनके परिवार को हार्दिक बधाई देते हैं तथा उनके भविष्य के चिकित्सक के रूप में देश के नागरिकों की सेवा करने का अवसर प्राप्त करने पर ढेर सारी शुभकामनाएं देते हैं। दक्ष के मेंटर चैतन्य यादव ने स्कूल के प्रिंसिपल पी के चौधरी, सभी शिक्षक शिक्षिकाओं को मेहनत और मार्गदर्शन के लिए आभार व्यक्त करते हुए आर्यन और आर्यन के अभिभावकों को शुभकामनाएं दी।

## आदर्श महाविद्यालय में निबंध लेखन कार्यशाला का आयोजन

**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार शासकीय आदर्श महाविद्यालय उमरिया में हार्टफुलनेस निबंध लेखन कार्यक्रम 2026 का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें युवाओं में आत्मनिर्भरता और चिंतन की प्रवृत्ति को बढ़ावा देने के लिए दो विषयों को शामिल किया गया है। निबंध दो श्रेणियां में निर्धारित है जिसमें 19 से 25 वर्ष की आयु के विद्यार्थियों हेतु स्वीकार्यता विकास का प्रतीक है विषय पर 750 शब्द सीमा का निबंध लेखन किया जाना है। इस हेतु आदर्श महाविद्यालय में 06 अगस्त को कार्यशाला का आयोजन हिन्दी विभाग द्वारा किया गया।


## न्यायालय नजूल अधिकारी नरसिंहपुर

**सार्वजनिक उद्घोषणा**

रा.मा.क्र. 235 अ-20 (1) सन-2026-27

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अनुसूची में उल्लेख अनुसार स्थायी पट्टा नवीनीकरण की कार्यवाही इस न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है। कोई हितबद्ध व्यक्ति दिनांक 19/8/2026 को प्रातः 11 बजे स्थान नरसिंहपुर में इस न्यायालय के समक्ष या स्वंय या अपने अधिवक्ता जिसे सम्यक रूप से अनुदेश दिये गये हों या वैध प्रतिनिधि के द्वारा उपस्थित होकर विचाराधीन प्रकरण के संबंध में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

**अनुसूची**

| नजूल शीट क्र. | नगरीय क्षेत्र का नाम | प्लाट क्र. | रकबा | विद्यमान अभिलेख में धारक/धारकों के नाम/पिता/माता का नाम पूर्ण नाम पता | उस व्यक्ति/व्यक्तियों का नाम/पिता/माता का नाम पूर्ण नाम पता जिनके पक्ष में प्रकरण विचाराधीन है |
|---|---|---|---|---|---|
| 06 | करेलीगंज | 1 | 1974 वर्गफुट | रवि आ. रेवाशंकर पालीवाल, काजल पत्नि रविशंकर पालीवाल सा. करेलीगंज | रवि आ. रेवाशंकर पालीवाल, काजल पत्नि रविशंकर पालीवाल सा. करेलीगंज |

इश्तहार आज दिनांक 29/7/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा के अधीन जारी किया गया।

**नजूल अधिकारी**
**नरसिंहपुर**

## न्यायालय नजूल अधिकारी नरसिंहपुर

**सार्वजनिक उद्घोषणा**

रा.मा.क्र. 234 अ-20 (1) सन-2026-27

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अनुसूची में उल्लेख अनुसार स्थायी पट्टा नवीनीकरण की कार्यवाही इस न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है। कोई हितबद्ध व्यक्ति दिनांक 19/8/2026 को प्रातः 11 बजे स्थान नरसिंहपुर में इस न्यायालय के समक्ष या स्वंय या अपने अधिवक्ता जिसे सम्यक रूप से अनुदेश दिये गये हों या वैध प्रतिनिधि के द्वारा उपस्थित होकर विचाराधीन प्रकरण के संबंध में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

**अनुसूची**

| नजूल शीट क्र. | नगरीय क्षेत्र का नाम | प्लाट क्र. | रकबा | विद्यमान अभिलेख में धारक/धारकों के नाम/पिता/माता का नाम पूर्ण नाम पता | उस व्यक्ति/व्यक्तियों का नाम/पिता/माता का नाम पूर्ण नाम पता जिनके पक्ष में प्रकरण विचाराधीन है |
|---|---|---|---|---|---|
| 03 | करेलीगंज | 20/42 | 2800 वर्गफुट | आशीष अग्रवाल आ. बाबूलाल अग्रवाल सा. राधावल्लभ वार्ड करेली | आशीष अग्रवाल आ. बाबूलाल अग्रवाल सा. राधावल्लभ वार्ड करेली |

इश्तहार आज दिनांक 29/7/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा के अधीन जारी किया गया।

**नजूल अधिकारी**
**नरसिंहपुर**

# लापरवाही उजागर: कृषि उपज मंडी में सड़ गई करोड़ों की धान

## राज्य नागरिक आपूर्ति निगम एवं मंडी प्रशासन की बेपरवाही

### कलेक्टर तक पहुंचा मामला, शिकायतों की हो रही जांच

कटनी (स्वतंत्र मत)।

कृषि उपज मंडी में शेड क्रमांक दो में कुछ साल पहले रखवाई गई करोड़ों रुपए की धान देखरेख के अभाव में खराब होने का मामला सामने आया है। इस पूरे मामले में मध्यप्रदेश राज्य नागरिक आपूर्ति निगम लिमिटेड और कृषि उपज मंडी के अधिकारियों की लापरवाही सामने आई है। जानकारी के मुताबिक यह धान तत्कालीन कलेक्टर अवि प्रसाद के कार्यकाल के उन्हीं के निर्देश पर मंडी के शेड क्रमांक दो में रखवाई गई थी, लेकिन इसके बाद विभागीय अधिकारियों ने न तो धान की नीलामी की और न ही



रखरखाव के लिए कोई प्रयास किए। जिसके चलते धान खराब होकर सड़ गई। बताया जाता है कि धान के सड़ने के बाद अब पूरे क्षेत्र में बदबू फैल रही है, जिससे संक्रामक बीमारियों के पनपने की आशंका है। इस मामले में कलेक्टर आशीष तिवारी से कार्रवाई की मांग की गई है। इसको लेकर एक शिकायत भी दी गई है, जिसकी जांच शुरू हो गई है। इस मामले को लेकर जब संबंधित अधिकारियों से उनका पक्ष जानना चाहा तो उनसे संपर्क नहीं हो सका। विदित हो कि राज्य सरकार के निर्देश प्रतिवर्ष दिसम्बर-जनवरी के महीने में मध्यप्रदेश राज्य नागरिक आपूर्ति निगम लिमिटेड द्वारा समितियों के माध्यम से किसानों से समर्थन मूल्य पर धान का उपार्जन किया जाता है। इसके लिए जिले में करीब 80 से ज्यादा केन्द्र बनाए जाते हैं, जहां करीब 40 हजार से अधिक किसानों से उनकी उपज खरीदते हुए बैंक खातों में भुगतान किया जाता है। साल 2025-26 में करीब 4 लाख मीट्रिक टन धान का उपार्जन किया गया था। धान के उपार्जन के बाद सरकारी और गैर-सरकारी वेयर हाऊस में धान का भंडारण किया जाता है। इसके बाद शासन के निर्देश मिलते ही धान की मिलिंग होती है। इस सबके बीच मंडी में रखी धान के खराब होने का मामला सामने आया है।

### शेड क्रमांक दो में रखी धान

बताया जाता है कि कृषि उपज मंडी कटनी के शेड क्रमांक दो में मध्यप्रदेश राज्य नागरिक आपूर्ति निगम लिमिटेड के अधिकारियों द्वारा लगभग 2 से 3 वर्ष पूर्व करोड़ों रुपये मूल्य की धान रखवाई गई थी। लंबे समय तक उचित रखरखाव एवं नीलामी नहीं होने के कारण धान के खराब होने की स्थिति निर्मित हो गई है, जिससे शासन को भारी आर्थिक क्षति होने की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता। कृषि उपज मंडी के अधिकारियों से जब इसकी जानकारी ली गई तो पता चला कि उक्त धान तत्कालीन कलेक्टर अवि प्रसाद के कार्यकाल में नान विभाग द्वारा मंडी परिसर में रखवाई गई थी लेकिन आज तक उसकी नीलामी अथवा उचित निस्तारण नहीं किया गया है। अब इस पूरे मामले की उच्चस्तरीय एवं निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग की जा रही है।

# शहाडार के जंगलों में वनराज की दस्तक

कटनी (स्वतंत्रमत)। जिले के शहाडार जंगल क्षेत्र में एक बार फिर वनराज की मौजूदगी से सनसनी फैल गई है। शुक्रवार की देर रात मुख्य मार्ग से गुजर रहे राहगीरों को सड़क पार करता हुआ एक विशालकाय बाघ दिखाई दिया। वाहनों की हेडलाइट और टॉर्च की रोशनी में बाघ का यह शानदार और लाइव दृश्य राहगीरों ने अपने मोबाइल कैमरों में कैद कर लिया।



देर रात सड़क पार करते दिखा विशालकाय बाघ, कैमरे में कैद हुआ दुर्लभ नजारा

**बिना किसी हड़बड़ाहट के जंगल में ओझल हुआ बाघ** - वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि विशालकाय बाघ बिना किसी घबराहट या हड़बड़ाहट के बड़े ही शांत अंदाज में पक्की सड़क पार कर रहा है। गाड़ियों की रोशनी और हल्की आहट सुनकर बाघ कुछ पलों के लिए रुका, पीछे मुड़कर देखा और फिर सहजता से झाड़ियों में गायब हो गया।

**स्थानीय ग्रामीणों और नियमित यात्रियों के अनुसार** - 3 से 4 बाघों का कुनबा सक्रिय: बीते कई महीनों से इस इलाके में 3 से 4 बाघ लगातार मूवमेंट कर रहे हैं। रात में बढ़ती है सक्रियता: कभी-कभी दिन में भी बाघ सीमावर्ती इलाकों में नजर आते हैं, लेकिन रात के समय मुख्य सड़कों पर इनकी सक्रियता काफी बढ़ जाती है।

**वन विभाग की निगरानी और सख्त निर्देश** - मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए वन विभाग का गश्ती दल अलर्ट मोड पर है। वन अधिकारियों ने बताया कि संवेदनशील इलाकों में सतत निगरानी रखी जा रही है ताकि मानव-वन्यजीव संघर्ष की स्थिति उत्पन्न न हो।

**राहगीरों और ग्रामीणों के लिए वन विभाग की एडवाइजरी** - अनावश्यक यात्रा से बचें: रात के समय शहाडार जंगल मार्ग से अकारण गुजरने से परहेज करें। दोपहिया वाहन चालक सावधान रहें: रात में बाइक/स्कूटी से गुजरने वाले राहगीर विशेष सतर्कता बरतें। कौतूहल में जोखिम न लें: जंगली जानवर दिखने पर वाहन रोकने, बेवजह हॉर्न बजाने या पास जाकर फोटो/वीडियो बनाने का प्रयास बिल्कुल न करें। यह जानलेवा साबित हो सकता है। वन विभाग ने नागरिकों को आश्वस्त किया है कि मैदानी अमला लगातार गश्त कर रहा है और आसपास के गांवों में जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है।

# महाविद्यालय में भारतीय शिक्षण मंडल द्वारा व्यास पूजा कार्यक्रम आयोजित

कटनी (स्वतंत्र मत)।

प्राचार्य डॉ. चित्रा प्रभात की अध्यक्षता में शासकीय कन्या महाविद्यालय में भारतीय शिक्षण मंडल, जिला इकाई कटनी, महाकौशल प्रांत के तत्वावधान में श्रद्धा एवं गरिमापूर्ण वातावरण में व्यास पूजा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य भारतीय ज्ञान परंपरा, गुरु-शिष्य परंपरा एवं भारतीय शिक्षण व्यवस्था के गौरवशाली इतिहास से विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को परिचित कराना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के पूजन, दीप प्रज्वलन एवं वंदना के साथ हुआ। माँ सरस्वती की वंदना, वंदना सिंह द्वारा प्रस्तुत की गई। इसके पश्चात कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि दयाशंकर मिश्र, विशिष्ट अतिथि डॉ. सुनील कुमार वाजपेयी, मोहन नागवानी, डॉ. नरेन्द्र बड़खेड़कर, डॉ. दीपक माथुर, डॉ. संध्या खरे, बालमुकुंद एवं आशीष सहित अन्य अतिथियों का तिलक लगाकर आत्मीय स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ. चित्रा प्रभात ने व्यास पूजा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति में



गुरु का स्थान सर्वोच्च माना गया है। उन्होंने भारतीय शिक्षण मंडल के उद्देश्यों एवं कार्यप्रणाली के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भारत की ज्ञान परंपरा अत्यंत समृद्ध एवं प्राचीन रही है तथा भारतीय शिक्षा व्यवस्था ने सदैव ज्ञान, संस्कार और चरित्र निर्माण को प्राथमिकता दी है। उन्होंने भारतीय शिक्षण मंडल द्वारा अनुसंधान, प्रबंधन, प्रकाशन, प्रशिक्षण एवं संगठन के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की जानकारी भी दी। उन्होंने भारत की पराधीनता के दौर में शिक्षा एवं ज्ञान परंपरा पर पड़े प्रभावों का उल्लेख करते हुए भारतीय शिक्षा पद्धति की मूल विशेषताओं को पुन: स्थापित करने की आवश्यकता पर बल दिया। विशिष्ट अतिथि डॉ. सुनील कुमार वाजपेयी ने अपने उद्बोधन में भारतीय शिक्षण मंडल को शिक्षकों के साथ संवाद एवं विचार-विमर्श के माध्यम से भारतीय शिक्षा परंपरा को समझने और आगे बढ़ाने वाला संगठन बताया।

उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में माता को प्रथम गुरु माना गया है। उन्होंने भारत की प्राचीन शिक्षा परंपरा, संस्कार आधारित शिक्षा एवं गुरु-शिष्य संबंधों की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षा केवल पुस्तकीय ज्ञान प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि व्यक्ति के संपूर्ण व्यक्तित्व निर्माण का आधार है। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता दयाशंकर मिश्र ने व्यास पूजा की प्रासंगिकता पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए गुरु-शिष्य परंपरा को भारतीय संस्कृति की महत्वपूर्ण विशेषता बताया।

# आज शहर में गूंजेगा 'हर-हर महादेव'

कटनी (स्वतंत्रमत)। श्रावण मास के पावन अवसर पर आज 9 अगस्त, रविवार को कटनी में शिवभक्ति का भव्य नजारा देखने को मिलेगा। नीलकंठेश्वर धाम सलैया पड़खुरी के तत्वावधान में विशाल कांवड़ यात्रा निकाली जाएगी, जिसमें बड़ी संख्या में शिवभक्त कांवड़ लेकर शामिल होंगे। यात्रा के दौरान पूरे मार्ग पर हर-हर महादेव के जयघोष और भजनों से वातावरण भक्तिमय रहेगा। कांवड़ यात्रा पन्ना मोड़ सब्जी मंडी स्थित बागेश्वर धाम से प्रारंभ होकर नीलकंठेश्वर धाम, सलैया पड़खुरी पहुंचेगी। यहां कांवड़िए विधि-विधान से भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करेंगे। आयोजन समिति ने श्रद्धालुओं के स्वागत के लिए मार्ग में विभिन्न व्यवस्थाएं की हैं। आयोजन समिति के उद्योगपति बाबू ग्रोवर एवं रुद्राक्ष ग्रोवर ने बताया कि गत वर्ष की तरह इस वर्ष भी यात्रा में बड़ी संख्या में शिवभक्तों के शामिल होने की उम्मीद है। धार्मिक भजनों, शिव आराधना और जयघोष के साथ यात्रा निकाली जाएगी।

शिवभक्त उद्योगपति बाबू ग्रोवर ने बताया कि कांवड़ यात्रा के समापन अवसर पर आज दोपहर 12 बजे से नीलकंठेश्वर धाम, सलैया पड़खुरी में विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

# मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान में स्वास्थ्य सेवाओं को मिला संबल

## विधायक और कलेक्टर ने टीबी मरीजों को वितरित किए फूड बास्केट

कटनी (स्वतंत्र मत)। मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के तहत ग्राम खितौली में आयोजित शिविर शासन की योजनाओं की समीक्षा के साथ-साथ मानवीय संवेदना और जनसहभागिता की प्रेरक पहल का साक्षी बना। शिविर में विधायक विजयराघवगढ़ संजय सत्येन्द्र पाठक और कलेक्टर आशीष तिवारी ने उपचाररत टीबी मरीजों को फूड बास्केट वितरित किए। इस पहल से मरीजों को उपचार के साथ पोषण का संबल मिला। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रवर्तित टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत जिले में टीबी मरीजों की मदद के लिए जनभागीदारी को प्रोत्साहित किया जा रहा है। कलेक्टर आशीष तिवारी की पहल पर जिले में नि-क्षय मित्र बनकर टीबी मरीजों के सहयोग के लिए आगे आने वाले लोगों की श्रृंखला में अब विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक भी शामिल हुए हैं। उन्होंने खितौली क्षेत्र में उपचाररत 60 टीबी मरीजों को आगामी 6 माह तक फूड बास्केट उपलब्ध कराने के लिए सहयोग राशि देने की बात कही।



### 60 टीबी मरीजों को 6 माह तक फूड बास्केट उपलब्ध कराने के लिए विधायक देंगे सहयोग राशि

### इलाज के साथ पोषण पर भी जोर

शिविर में टीबी मरीजों के स्वास्थ्य एवं पोषण को लेकर विशेष जागरूकता का संदेश दिया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा मरीजों को नियमित उपचार जारी रखने के साथ संतुलित एवं पौष्टिक आहार के महत्व की जानकारी दी गई। फूड बास्केट का वितरण इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण सहयोग है, जो मरीजों को बीमारी से लड़ने के लिए आवश्यक पोषण उपलब्ध कराने में मदद करेगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राज सिंह ठाकुर ने जिले में राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत संचालित गतिविधियों एवं 100 दिवसीय निक्षय शिविर अभियान की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि टीबी मरीजों की पहचान, जांच, उपचार और पोषण सहयोग के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा निरंतर गतिविधियां संचालित की जा रही हैं।

### विधायक ने बढ़ाया मदद का हाथ, 60 मरीजों की 6 माह तक होगी चिंता

शिविर में विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक ने टीबी मरीजों के प्रति संवेदनशीलता दिखाते हुए 60 उपचाररत मरीजों को आगामी 6 माह तक फूड बास्केट उपलब्ध कराने के लिए सहयोग राशि देने की बात कही। यह पहल उपचाररत मरीजों के लिए नियमित पोषण सहयोग सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

### जनविश्वास शिविर में ग्रामीणों से सीधा संवाद

मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के शिविर में अधिकारियों ने ग्रामीणों से सीधे संवाद कर शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जमीनी स्थिति की जानकारी ली। पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ मिल रहा है या नहीं, इसकी भी जानकारी प्राप्त की गई तथा आमजन की समस्याओं और आवश्यकताओं को समझते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा, वन मंडलाधिकारी गर्वित गंगवार, जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरसिमरन प्रीत कौर सहित जनप्रतिनिधि तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# अभिभावक-शिक्षक बैठक में शैक्षणिक प्रगति पर हुई चर्चा



कटनी (स्वतंत्रमत)।

दिल्ली पब्लिक स्कूल कटनी में शैक्षणिक सत्र के अंतर्गत त्रैमासिक परीक्षा उपरांत विद्यालय परिसर में अभिभावक-शिक्षक संघ की विशेष बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में अभिभावकों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों के परीक्षा परिणामों और उनकी शैक्षणिक प्रगति को लेकर अभिभावकों एवं शिक्षकों के बीच प्रत्यक्ष संवाद स्थापित करना था। बैठक की प्रक्रिया को सुचारू बनाए रखने के लिए आयोजन को दो पालियों में विभाजित किया गया था। प्रथम पाली में प्री-प्राइमरी एवं प्राइमरी वर्ग के अभिभावक शिक्षक, जबकि द्वितीय पाली में कक्षा 6वीं से 12वीं तक के अभिभावक शिक्षक बैठक का आयोजन हुआ। अभिभावक-शिक्षक बैठक के दौरान शिक्षकों ने प्रत्येक विद्यार्थी की विस्तृत प्रगति रिपोर्ट अभिभावकों के समक्ष रखी। चर्चा के मुख्य बिंदुओं में विद्यार्थियों का नियमित अध्ययन, विद्यालय में उपस्थिति, समय पर गृहकार्य पूर्ण करना तथा सोशल मीडिया व मोबाइल से दूरी बनाए रखना शामिल रहा। शिक्षकों ने जहाँ एक ओर प्रतिभावान विद्यार्थियों की सराहना की, वहीं दूसरी ओर कम अंक प्राप्त करने वाले बच्चों को आगामी परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन के लिए उपयोगी सुझाव एवं मार्गदर्शन प्रदान किया। विद्यालय की निर्देशिका जूही जैन ने विचार व्यक्त करते हुए कहा, जब अभिभावक और शिक्षक मिलकर बच्चे की शैक्षणिक व व्यावहारिक प्रगति पर नियमित चर्चा करते हैं, तो बच्चों में अपने उत्तरदायित्व के प्रति अधिक सजगता और जवाबदेही की भावना विकसित होती है। सतत परिश्रम ही विद्यार्थियों को सफलता के शिखर तक पहुँचाता है। विद्यालय की प्राचार्या एवं उप-प्राचार्या ने भी परीक्षा परिणामों पर संतोष व्यक्त करते हुए शिक्षकों, विद्यार्थियों और अभिभावकों के त्रिकोण को विद्यालय की सफलता की आधारशिला बताया।

# अमकुही फिल्टर हाउस में 11 हजार पौधों से महका अमृत हरित महाअभियान

## एक पौधा-हर नागरिक के संकल्प के साथ जनप्रतिनिधियों, विद्यार्थियों और नागरिकों ने किया पौधारोपण

### हरित कटनी के अभियान को मिली रफ्तार

कटनी (स्वतंत्रमत)।

पर्यावरण संरक्षण को जन आंदोलन का स्वरूप देने और शहर के हरित भविष्य की मजबूत नींव रखने के उद्देश्य से नगर पालिक निगम कटनी द्वारा संचालित अमृत हरित महाअभियान के अंतर्गत शुक्रवार को अमकुही फिल्टर प्लांट परिसर हरियाली के उत्सव का साक्षी बना। जनप्रतिनिधियों, उद्योगपतियों, समाजसेवियों, विद्यार्थियों, पर्यावरण प्रेमियों एवं बड़ी संख्या में नागरिकों ने एक साथ हजारों पौधों का रोपण कर एक पौधा- हर नागरिक के संकल्प को साकार करने का संदेश दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ महापौर प्रीति संजीव सूरी, नगर निगम अध्यक्ष मनीष पाठक एवं निगमायुक्त तपस्या परिहार ने पौधा रोपकर किया। इस अवसर पर सभी ने यह संकल्प लिया कि केवल पौधे लगाना ही नहीं, बल्कि उनके संरक्षण और संवर्धन की जिम्मेदारी भी समान रूप से निभाई जाएगी। वक्ताओं ने कहा कि आज का पौधारोपण आने






वाली पीढ़ियों के सुरक्षित, स्वच्छ और स्वस्थ भविष्य में निवेश है।

### प्रकृति का संरक्षण ही मानव जीवन की सुरक्षा: महापौर

महापौर प्रीति संजीव सूरी ने कहा कि प्रकृति का संरक्षण ही मानव जीवन की सबसे बड़ी सुरक्षा है। यदि प्रत्येक नागरिक अपने जीवन में कम से कम एक पौधे का संरक्षण करने का संकल्प ले, तो कटनी को हरा भरा, स्वच्छ और प्रदूषण मुक्त शहर बनने से कोई नहीं रोक सकता। उन्होंने कहा कि यह अभियान पर्यावरण संरक्षण के साथ सामाजिक सहभागिता का भी सशक्त उदाहरण है।

### वृक्ष जीवन का आधार- निगमाध्यक्ष

निगमाध्यक्ष मनीष पाठक ने कहा कि वृक्ष धरती का आभूषण ही नहीं, बल्कि जीवन का आधार हैं। पौधारोपण तभी सार्थक होगा जब प्रत्येक पौधा वृक्ष बनकर आने वाली पीढ़ियों को छाया, स्वच्छ वायु और बेहतर पर्यावरण प्रदान करेगा।

### जनसहभागिता से ग्रीन एंड क्लीन कटनी का लक्ष्य होगा साकार- निगमायुक्त

निगमायुक्त तपस्या परिहार ने कहा कि नगर निगम का उद्देश्य केवल पौधे लगाना नहीं, बल्कि पूरे शहर में हरियाली की ऐसी श्रृंखला विकसित करना है जो पर्यावरण संतुलन को मजबूत करे। उन्होंने बताया कि फिल्टर हाउस में 11 हजार पौधों का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। आपने नागरिकों से अपने घर, विद्यालय, कार्यालय और सार्वजनिक स्थलों पर पौधारोपण कर उसकी नियमित देखभाल करने की अपील करते हुए कहा कि जनसहभागिता से ही ग्रीन एंड क्लीन कटनी का लक्ष्य साकार होगा।

### पर्यावरण संरक्षण हेतु पौधारोपण का आह्वान

कार्यक्रम के समापन पर प्रतिभागियों को पर्यावरण संरक्षण हेतु प्रेरित किया गया। नगर निगम ने नागरिकों से आह्वान किया कि वे पौधारोपण को केवल एक दिवस का कार्यक्रम न मानें, बल्कि इसे जीवन का संस्कार बनाएं। जब हर नागरिक एक पौधा लगाएगा और उसे वृक्ष बनने तक सहेजेगा, तभी कटनी सच मायनों में हरित, स्वच्छ और पर्यावरणीय दृष्टि से समृद्ध शहर बन सकेगा। कार्यक्रम में मेयर इन काउंसिल सदस्य डॉ. रमेश सोनी, सुभाष साहू, सुरेंद्र गुप्ता, उपेंद्र अहिरवार, बीना संजू बनर्जी, पार्षदगण वंदना राज किशोर यादव, सीमा श्रीवास्तव, शकुंतला सोनी रेखा संजय तिवारी, उपयुक्त प्रियंका झारिया, सुनील उपाध्याय, अमरीश वर्मा, सुनील उपाध्याय, अमरीश वर्मा, अभिषेक शर्मा, यज्ञदत्त मिश्रा, स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर आशुतोष मानके, जिला औद्योगिक संघ, लघु उद्योग भारती की टीम, कटनी एक्सरसाइज ग्रुप, स्वसहायता समूह की महिलाएं, विजन समूह के बच्चे सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि, छात्र-छात्राएं, निगम अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण

अमकुही फिल्टर हाउस में आयोजित पौधारोपण अभियान के दौरान सामूहिक सहयोग से विभिन्न प्रजातियों करंज, आंवला, हर्रा बहेरा, नीम, पीपल, गुलमोहर काला सिरस, शीशम, कदंब, बरगद, सहित अन्य प्रजातियों के छायादार एवं फलदार लगभग 11 हजार पौधों के रोपण का लक्ष्य पूर्ण कर पर्यावरण संरक्षण का सामूहिक संदेश दिया गया।

# ऋषभ पंत टेस्ट क्रिकेट में 100 छक्के पूरे करने वाले पहले भारतीय बनने के करीब

नई दिल्ली



भारतीय टीम के विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत श्रीलंका के खिलाफ आगामी टेस्ट सीरीज के दौरान एक बड़ी उपलब्धि हासिल करने के करीब हैं। वह टेस्ट क्रिकेट में 100 छक्के लगाने वाले पहले भारतीय बनने से सिर्फ तीन छक्के दूर हैं। भारत और श्रीलंका के बीच 15 अगस्त से होने वाली टेस्ट सीरीज में ऋषभ पंत के बतौर विकेटकीपर-बल्लेबाज खेलने की संभावना है, जबकि तीन दिवसीय प्रैक्टिस मैच में ध्रुव जुरेल विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। भारत और श्रीलंका के बीच गाले में अगला शनिवार को पहला टेस्ट मैच शुरू होगा। ऋषभ पंत ने अगस्त 2018 में इंग्लैंड के खिलाफ ट्रेंट ब्रिज में टेस्ट डेब्यू किया था। अपने आठ साल के करियर के दौरान, उन्होंने 50 टेस्ट खेलते हुए अब तक कुल 97 छक्के लगाए हैं। वह वर्तमान में टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले भारतीय बल्लेबाज हैं। श्रीलंका के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज के दौरान ऋषभ पंत की नजरें टेस्ट में 100 छक्के पूरा करने पर होंगी। उनको इस आंकड़े तक पहुंचने के लिए सिर्फ तीन छक्कों की जरूरत है, और अगर वह ऐसा कर पाते हैं, तो वह टेस्ट में 100 छक्के लगाने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बन जाएंगे। इस समय दुनिया भर में केवल एडम गिलक्रिस्ट, ब्रेंडन मैकुलम और बेन स्टोक्स ने ही टेस्ट क्रिकेट में 100 से अधिक छक्के लगाए हैं। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान बेन स्टोक्स टेस्ट में सबसे ज्यादा छक्के लगाने के मामले में शीर्ष पर हैं। उन्होंने 2013 से 2026 के बीच 122 टेस्ट मैचों में 138 छक्के लगाए हैं। इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर न्यूजीलैंड के पूर्व बल्लेबाज ब्रेंडन मैकुलम हैं, जिन्होंने 101 टेस्ट में 107 छक्के मारे हैं। ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज विकेटकीपर-बल्लेबाज एडम गिलक्रिस्ट टेस्ट में 100 छक्के लगाने वाले पहले बल्लेबाज रहे थे। उन्होंने 1999 से 2008 के बीच 96 मैचों में 100 छक्के लगाए थे। पंत ने अफगानिस्तान के खिलाफ एकमात्र टेस्ट में शानदार पारी खेली थी, जिसमें उन्होंने 121 गेंद में 81 रन बनाए और अपनी पारी में 6 चौके और 3 छक्के लगाए। हाल के दिनों में घरेलू मैदान पर न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट श्रृंखलाओं में भारतीय बल्लेबाजों की सबसे बड़ी कमजोरी बेहतर स्पिन गेंदबाजी के सामने उजागर हुई थी। श्रीलंका के पास विशेष रूप से घरेलू परिस्थितियों में प्रभावी स्पिन आक्रमण है। ऐसे में, पंत की आक्रामक शैली और यह संभावित रिकॉर्ड टीम के लिए महत्वपूर्ण साबित हो सकता है।

## कैनेडियन ओपन : लेला फर्नांडीज ने मीरा आंद्रीवा को हराकर अंतिम 16 में जगह बनाई

नई दिल्ली



कनाडा की टेनिस खिलाड़ी लेला फर्नांडीज ने कैनेडियन ओपन के महिला एकल मुकाबले के तीसरे दौर में रूस की मीरा आंद्रीवा को 6-1, 6-4 से हराकर अंतिम 16 में प्रवेश किया है। यूएस ओपन 2021 के फाइनल तक का सफर तय करने वाली फर्नांडीज के लिए यह जीत इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि उन्होंने दुनिया की टॉप-10 खिलाड़ियों के खिलाफ अपनी लगातार सात हार का सिलसिला तोड़ा। इस जीत के साथ, फर्नांडीज ने अपने देश के इस खास टूर्नामेंट में अपने अब तक के सबसे अच्छे नतीजे की बराबरी की है और अब उनका मुकाबला पूर्व यूएस ओपन विजेता और जापान की खिलाड़ी नाओमी ओसाका से होगा। फर्नांडीज, जो 30वीं रैंकिंग पर हैं, ने पांचवीं वरीयता प्राप्त आंद्रीवा के खिलाफ मात्र 1 घंटे 21 मिनट में यह शानदार जीत दर्ज की। यह एक साल से भी ज्यादा समय में किसी टॉप-10 खिलाड़ी के खिलाफ उनकी पहली जीत है; पिछली बार उन्होंने मुबाडाला डीसी ओपन में विश्व की नंबर 4 खिलाड़ी जेसिका पेगुला को मात दी थी। मैच में फर्नांडीज ने शुरुआती बढ़त बनाते हुए 6-1, 5-1 तक का स्कोर आसानी से हासिल कर लिया था। हालांकि, 20 वर्षीय आंद्रीवा ने वापसी करते हुए आठवें गेम में 0-30 से पिछड़ने के बावजूद गेम अपने नाम किया और स्कोर 5-4 कर दिया। लेकिन 5-4 के स्कोर पर फर्नांडीज की सर्विस के दौरान आंद्रीवा का 0-15 पर फोरहैंड शॉट चूकना निर्णायक साबित हुआ और फर्नांडीज ने तीन अंक बाद ही जीत पक्की कर ली। मैच के बाद फर्नांडीज ने अपनी रणनीति का खुलासा करते हुए कहा, मेरे लिए सबसे जरूरी था सकारात्मक रहना, मजबूत बने रहना और सब्र रखना। मुझे पता था कि वह आसानी से अंक नहीं देने वाली थीं। शुरुआत में कई लंबी रैलियां हुईं और मेरे लिए महत्वपूर्ण था कि मैं डटी रहूं, अपनी काबिलियत पर भरोसा रखूं और पूरे मैच के दौरान अपना गेम खेलती रहूं। मैच के आंकड़े भी उनकी सधी हुई रणनीति का समर्थन करते हैं। आंद्रीवा ने पहले सेट में 19 और पूरे मैच में कुल 34 अनफोर्स्ड एरर किए, जो उनके 17 विनर्स से दोगुने थे। वहीं, फर्नांडीज ने आठ विनर्स लगाए और केवल सात अनफोर्स्ड एरर किए, जिससे उनकी निरंतरता और सटीकता स्पष्ट होती है। अब फर्नांडीज राउंड ऑफ 16 में नाओमी ओसाका (11वीं वरीयता प्राप्त) से भिड़ेंगी, जिन्होंने एलिस मर्टेंस को 6-1, 6-4 से हराया था।

## पडिक्कल का शतक, भारत का स्कोर 357 पर 6

### जडेजा ने फिफ्टी लगाई, गुरनूर ने दूसरे दिन के आखिरी ओवर में 4 छक्के जमाए

कोलंबो



कोलंबो में खेले जा रहे तीन दिवसीय वॉर्म-अप मैच के दूसरे दिन भारत ने 357/6 रन बनाए। टीम अभी भी श्रीलंका-इलेवन के पहली पारी के स्कोर से 6 रन पीछे है। शनिवार को देवदत्त पडिक्कल 142 रन बनाकर नाबाद लौटे। उनके साथ गुरनूर बरार ने 18 गेंद में 36 रन की तेज पारी खेली। इससे पहले रवींद्र जडेजा ने 63 रन और मानव सुथार ने 41 रन बनाए।

भारत की शुरुआत खराब रही और यशस्वी जायसवाल बिना खाता खोले आउट हो गए। इसके बाद कप्तान केएल राहुल और देवदत्त पडिक्कल ने पारी संभाली। राहुल 40 रन बनाकर आउट हुए, लेकिन पडिक्कल एक छोर पर टिके रहे। उन्होंने 164 गेंद में 142 रन बनाए और दिन का खेल खत्म होने तक नाबाद रहे। पहले ही ओवर में यशस्वी के आउट होने के बाद भारत दबाव में था। इसके बाद केएल राहुल और देवदत्त पडिक्कल ने दूसरे विकेट के लिए 96 रन जोड़कर पारी संभाली। राहुल ने 67 गेंद में 40 रन बनाए।राहुल के आउट होने के बाद पडिक्कल को रवींद्र जडेजा का साथ मिला। दोनों ने पांचवें विकेट के लिए 76 रन की साझेदारी की। जडेजा ने 117 गेंद में 63 रन बनाए, लेकिन इसके बाद रिटायर्ड हर्ट होकर मैदान से बाहर चले गए। ऋषभ पंत (2) और ध्रुव जुरेल (1) बड़ी पारी नहीं खेल सके। ऐसे समय में मानव सुथार ने 90 गेंद में 41 रन बनाकर पडिक्कल का अच्छा साथ दिया। दोनों ने छठे विकेट के लिए 76 रन जोड़े। बाद में सुथार एलबीडब्ल्यू आउट हुए, जबकि मोहम्मद सिराज भी जल्द पवेलियन लौट गए।

#### आखिरी ओवरों में गुरनूर ने 4 छक्के लगाए

दिन के आखिरी सेशन में गुरनूर बरार ने तेज बल्लेबाजी की। उन्होंने सिर्फ 18 गेंद में 36 रन बनाए, जिसमें 2 चौके और 4 छक्के शामिल रहे। आखिरी ओवर में उन्होंने चार छक्कों समेत 25 रन बटोरकर भारत को श्रीलंका इलेवन के स्कोर के बेहद करीब पहुंचा दिया।

## आईपीएल में एक बार हेजलवुड ने मुझे गेंदबाजी से इंकार कर दिया था: पुजारा

मुम्बई



भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व टेस्ट विशेषज्ञ बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा ने खुलासा किया है कि आईपीएल में एक बार चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के नेट सत्र में तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड ने उन्हें गेंदबाजी करने से मना कर दिया था। पुजारा के अनुसार ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 2018-19 और 2020-21 में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज के दौरान उन्होंने हेजलवुड की गेंदों पर काफी रन बनाये थे। जिसे वह भूल नहीं पा रहे थे। ऐसे में जब वह सीएसके टीम के नेट सत्र में बल्लेबाजी करने पहुंचे तो हेजलवुड उन्हें गेंदबाजी करने के लिए तैयार नहीं हुए। पुजारा के अनुसार, हेजलवुड ने कहा, मैं उसे गेंदबाजी नहीं करूंगा। हालांकि वह मेरे टीम के साथी थे, फिर भी उन्होंने साफ इंकार कर दिया। हेजलवुड ने कहा कि उन्होंने मजाक में ये बात इसलिए कही थी क्योंकि आईपीएल से पहले के कुछ महीनों में उन्होंने पुजारा को बहुत ज्यादा गेंदबाजी की थी, इसलिए अब वह उन्हें फिर से गेंदबाजी नहीं करना चाहते थे। पुजारा ने इसपर कहा कि हेजलवुड भले ही मजाक कर रहे थे पर असल में उन्होंने उस दिन उन्हें गेंदबाजी नहीं की थी। वहीं अपने अपने शुरुआती आईपीएल करियर को याद करते हुए, पुजारा ने कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के साथ बिताया समय याद किया। इस दौरान टीम के सह-मालिक और बॉलीवुड भिनेता-निर्माता शाहरुख खान से अपनी पहली मुलाकात को भी उन्होंने याद किया। साथ ही कहा कि उनकी प्राथमिकता क्रिकेट को आगे बढ़ाने को लेकर थी। इसके अलावा उनका जोर टीम कल्चर पर भी था। पुजारा के अनुसार, आप वहां इसलिए रहना चाहते हैं क्योंकि फ्रेंचाइजी ऐसा माहौल बनाती है, जहां दिग्गज खिलाड़ियों से सीखने, उनके साथ खेलने और अपने क्रिकेट को बेहतर बनाने का मौका मिलता है और यही मायने रखता है, न कि सिर्फ इसलिए कि शाहरुख मालिक हैं।

## ई20 पेट्रोल में गड़बड़ी से तेल कंपनियों का इनकार

**मुंबई।** सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों (ओएमसी) ने ई20 पेट्रोल में नमी या क्लोराइड सम्मिश्रण की चिंताओं को खारिज कर दिया। व्यापक जांच के बाद कंपनियों ने स्पष्ट किया कि ईंधन निर्धारित गुणवत्ता मानकों के भीतर है और उपभोक्ताओं को चिंता करने की आवश्यकता नहीं है।




तेल कंपनियों ने साझा बयान में कहा कि हालिया मीडिया रिपोर्टों के बाद पूरे आपूर्ति तंत्र में गहन परीक्षण चलाया गया। जांच में कहीं भी ईंधन के दूषित होने का प्रमाण नहीं मिला और सभी नमूने गुणवत्ता मानकों के अनुरूप पाए गए। कंपनियों ने जोर दिया कि ईंधन गुणवत्ता सर्वोच्च प्राथमिकता है और सरकार ने इथेनॉल में क्लोराइड हेतु कड़े मानक तय किए हैं, जिनकी पूरी आपूर्ति श्रृंखला में निगरानी होती है। उनके अनुसार, भारत की रिफाइनिंग और ईंधन वितरण प्रणाली में लागू गुणवत्ता नियंत्रण उपाय प्रभावी ढंग से काम कर रहे हैं। इसी बीच रक्षा संबंधी संसदीय स्थायी समिति ने भी शुक्रवार को अपनी रिपोर्ट पेश की। समिति ने डीआरडीओ की लागत दक्षता, तकनीकी परिपक्वता और परिचालन प्रभावशीलता जैसे स्पष्ट प्रदर्शन संकेतक शीघ्रता से अंतिम रूप देने की सिफारिश की। समिति ने महिला कर्मचारियों को समान अवसर और शिकायत निवारण तंत्र की सराहना करते हुए, इसे मजबूत करने और पाक्सो एक्ट के तहत शिकायतों हेतु एसओपी का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने का सुझाव दिया।

## रेडमी नोट 17-5जी भारत में हुआ लॉन्च

**नई दिल्ली।** रेडमी ने अपनी नोट सीरीज़ का नया स्मार्टफोन रेडमी नोट 17 5जी भारत में लॉन्च कर दिया है। चीन में पहले पेश किए गए इस फोन में कई आकर्षक फीचर्स दिए गए हैं, जो इसे भारतीय उपभोक्ताओं के लिए एक बेहतरीन विकल्प बनाते हैं। रेडमी नोट 17 5जी में 8,000 एमएएच की दमदार बैटरी है, जिसके बारे में कंपनी का दावा है कि यह एक बार चार्ज करने पर करीब 2.5 दिन तक चल सकती है। इसमें 6.9 इंच का फुल एचडी डिस्प्ले ट्रू कलर 120 हर्ट्ज़ एमोलेड डिस्प्ले दिया गया है, जो गोरिल्ला ग्लास 7आई प्रोटेक्शन और हाइड्रोटच 2.0 फीचर के साथ आता है। यह स्मार्टफोन 4एनएम स्नैपड्रैगन 4 जेन 4 प्रोसेसर से लैस है और एंड्रॉइड 16 पर आधारित हाइपरओएस 3 पर काम करता है। कंपनी चार साल तक एंड्रॉइड अपडेट और छह साल तक सिक्योरिटी अपडेट का वादा कर रही है।

## भारत का विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 692.86 अरब डॉलर पर पहुंचा

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बताया कि 31 जुलाई को समाप्त सप्ताह में भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में 10.512 अरब डॉलर की भारी वृद्धि दर्ज की गई। यह अब 692.866 अरब डॉलर पर पहुंच गया है, जो देश की आर्थिक मजबूती का सकारात्मक संकेत है और लगातार दूसरा सप्ताह है जब भंडार में महत्वपूर्ण इजाफा हुआ है।



यह वृद्धि पिछले सप्ताह की 6.118 अरब की बढ़ोतरी के बाद हुई है। इस साल 27 फरवरी को भंडार 728.494 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर था, लेकिन पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण रुपये पर दबाव बढ़ने से आरबीआई को डॉलर बेचकर हस्तक्षेप करना पड़ा था, जिससे इसमें गिरावट आई थी। वर्तमान वृद्धि उस गिरावट से उबरने में सहायक है। आरबीआई के आंकड़ों के अनुसार इस उछाल में विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियों (एफसीए) में 8.75 अरब डॉलर का इजाफा शामिल है, जो अब 564.68 डॉलर अरब हो गई हैं। स्वर्ण भंडार भी 1.685 अरब डॉलर बढ़कर 104.743 अरब डॉलर पर पहुंच गया है। सरकार और केंद्रीय बैंक द्वारा पिछले महीने विदेशी मुद्रा प्रवाह आकर्षित करने के लिए शुरू किए गए विशेष उपायों, जैसी एफसीएनआर (बी) योजनाओं का भी इसमें महत्वपूर्ण योगदान है, जिनसे अब तक 32 अरब डॉलर प्राप्त होने की रिपोर्ट है।

## वित्तीय क्षेत्र में एआई को अपनाने के साथ सुरक्षा पर भी ध्यान ज़रूरी

### जोखिमों के सामने आने से पहले सक्रिय रहने की अपील

नई दिल्ली



मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) वी. अनंत नागेश्वरन ने वित्तीय क्षेत्र में आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (एआई) की सुरक्षा और संरक्षा के प्रति भारत को सक्रिय रहने की जरूरत पर बल दिया है। एसोचैम के इंडिया इंटरनैशनल फिनटेक फेस्टिवल में बोलते हुए उन्होंने आगाह किया कि कंपनियां जिस तेजी से एआई को अपना रही हैं, उसके मद्देनजर जोखिम सामने आने के बाद प्रतिक्रिया देने का समय नहीं मिलेगा। नागेश्वरन ने स्वीकार किया कि एआई फिनटेक उद्योग में एक बड़ा सुधार ला सकता है। यह कंपनियों को साख का अधिक सटीकता से आकलन करने और शुरुआती चरण में ही वित्तीय जोखिमों व दबाव की पहचान करने में मदद करेगा। उन्होंने कहा ?कि विशेष रूप से फिनटेक के संदर्भ में, एआई निश्चित तौर पर उद्योग की तमाम कंपनियों की मदद करने जा रहा है। यह साख का बेहतर विश्लेषण करेगा, जोखिमों और दबाव को बहुत पहले ही उजागर कर देगा। हालांकि, सीईए ने एआई एजेंटों द्वारा स्वायत्त रूप से कार्य करने की बढ़ती घटनाओं पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने मेटा के एक एआई मॉडल द्वारा साइबर सुरक्षा परीक्षण के दौरान दूसरी कंपनी को हैक करने, और ओपनएआई व एंथ्रोपिक के एआई मॉडल द्वारा परीक्षण में अनजाने में सिस्टम में सेंध लगाने के उदाहरण दिए। उन्होंने चेतावनी दी कि उत्पादक क्षमता के साथ-साथ सुरक्षा पर भी ध्यान केंद्रित करना आवश्यक है। नागेश्वरन ने इस बात पर जोर दिया कि हम आम तौर पर तभी जोखिमों पर ध्यान देते हैं जब वे वास्तव में सामने आते हैं, मगर वित्तीय क्षेत्र इतना इंतजार नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि जोखिमों के सामने आने के बाद प्रतिक्रिया देने का इंतजार करने के बजाय उन पर पहले से ही सक्रिय ध्यान केंद्रित करना अनिवार्य है।

## सप्ताहभर उतार-चढ़ाव भरी रही घरेलू शेयर बाजार की चाल

### सोमवार को तेजी, फिर मंगलवार को एफएंडओ की चुनौती, बंपर शुरुआत के बाद बाजार में दिखी अस्थिरता




**मुंबई।** बीते सप्ताह भारतीय शेयर बाजार में निवेशकों को मजबूत उतार-चढ़ाव का सामना करना पड़ा। सोमवार को भू-राजनीतिक तनाव में कमी और कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट से बाजार ने जबरदस्त उछाल के साथ शुरुआत की, सेंसेक्स 79 हजार के करीब पहुंच गया। हालांकि, सप्ताह के बाकी दिनों में नए ट्रेडिंग सिस्टम, कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और ईरान से जुड़े भू-राजनीतिक घटनाक्रमों ने बाजार की चाल को अस्थिर बनाए रखा, जिसके परिणामस्वरूप सप्ताह का अंत गिरावट के साथ हुआ। सप्ताह की शुरुआत भारतीय शेयर बाजार के लिए बेहद मजबूत रही। सोमवार को अमेरिका-ईरान तनाव कम होने के संकेतों और कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट से निवेशकों का भरोसा बढ़ा। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 788 अंक से अधिक चढ़कर 78,883.34 पर और निफ्टी 189 अंक की बढ़त के साथ 24,572.70 पर पहुंच गया। दिनभर की तेजी के बाद सेंसेक्स 544.39 अंक बढ़कर 78,639.03 और निफ्टी 390.70 अंक चढ़कर 24,774.30 पर बंद हुआ। मंगलवार को वायदा एवं विकल्प (एफएंडओ) के लिए नई क्लोजिंग ऑक्शन व्यवस्था लागू होने के बाद बाजार में मिला-जुला रुख देखने को मिला। शुरुआती बढ़त के बावजूद, भू-राजनीतिक तनाव की अनिश्चितता और नए सिस्टम के कारण अस्थिरता हावी रही। सेंसेक्स 210.08 अंक गिरकर 78,428.95 पर और निफ्टी 159.40 अंक फिसलकर 24,614.90 पर बंद हुआ। बुधवार और गुरुवार को बाजार ने फिर से सकारात्मक गति पकड़ी। वैश्विक स्तर पर तनाव कम होने और कच्चे तेल की कीमतों में हल्की गिरावट ने बाजार को सहारा दिया।

## घर की थाली पर महंगाई का असर शाकाहारी 4 तो मांसाहारी 9 फीसदी महंगी हुई

### प्याज, चिकन, खाद्य तेल और रसोई गैस मुख्य कारण, आलू-टमाटर ने कुछ राहत दी

मुंबई




एक रिपोर्ट के अनुसार जुलाई महीने में घर पर तैयार होने वाली शाकाहारी और मांसाहारी थाली की लागत में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। शाकाहारी थाली सालाना आधार पर चार प्रतिशत महंगी हुई, जबकि मांसाहारी थाली की लागत में नौ प्रतिशत का उछाल आया। इस महंगाई के पीछे मुख्य रूप से प्याज, खाद्य तेल, रसोई गैस और ब्रॉयलर चिकन की कीमतों में हुई वृद्धि है। हाल ही में जारी एक रिपोर्ट बताती है कि शाकाहारी थाली की औसत लागत बढ़ने का प्रमुख कारण प्याज के दाम में सालाना आधार पर 20 प्रतिशत की वृद्धि है। इसके अतिरिक्त, खाद्य तेल 11 प्रतिशत और रसोई गैस सिलेंडर 10 प्रतिशत महंगे हुए। रिपोर्ट के अनुसार, प्याज की कीमतें ऊंचे स्तर पर बनी रहीं क्योंकि बाजार में पुराने स्टॉक के महंगे प्याज की आपूर्ति हुई और मार्च-अप्रैल में महाराष्ट्र में बेमौसम बारिश व ओलावृष्टि ने फसल तथा भंडारण को प्रभावित किया था। खाद्य तेल और रसोई गैस की कीमतों में वृद्धि का कारण आपूर्ति संबंधी बाधाएं और पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के चलते ऊर्जा कीमतों में तेजी बताया गया है। वहीं मांसाहारी थाली के मामले में, प्याज और गैस की महंगाई के साथ-साथ ब्रॉयलर चिकन की कीमतों में 14 प्रतिशत की वृद्धि ने इसे और अधिक महंगा बना दिया। मांसाहारी थाली की कुल लागत में लगभग आधा हिस्सा चिकन का होता है। हालांकि, आलू और टमाटर की कीमतों में गिरावट से इस थाली की कुल लागत वृद्धि कुछ हद तक कम रही। आलू के दाम में सालाना आधार पर 12 प्रतिशत और टमाटर के दाम दो प्रतिशत घटे। बेहतर उत्पादन और अधिक बुवाई रकबे के कारण आलू सस्ता हुआ, जबकि टमाटर की कीमतें देरी से बुवाई और जुलाई में अधिक आवक के चलते नियंत्रित रहीं। मासिक आधार पर जुलाई में शाकाहारी थाली की लागत जून के मुकाबले दो प्रतिशत बढ़ी। इसका मुख्य कारण प्याज की कीमतों में 23 प्रतिशत का उछाल और आलू के दाम में चार प्रतिशत बढ़ोतरी रही। दूसरी ओर, मांसाहारी थाली की लागत जून के मुकाबले लगभग स्थिर रही, क्योंकि ब्रॉयलर चिकन के दाम में अनुमानित दो प्रतिशत की कमी ने अन्य सामग्री की महंगाई के असर को संतुलित कर दिया।

# ब्रिक्स संस्कृति सम्मेलन प्रदेश के लिए अत्यंत गौरवपूर्ण और ऐतिहासिक अवसर



## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किया विभिन्न देशों के डेलिगेट्स का स्वागत और अभिनंदन, 11वीं ब्रिक्स संस्कृति मंत्रियों की बैठक भोपाल में संपन्न

भोपाल (स्वतंत्र मत)।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि ब्रिक्स देशों के संस्कृति मंत्रियों एवं वैश्विक प्रतिनिधियों का सम्मेलन संपूर्ण राज्य के लिए अत्यंत गर्व और गौरव का विषय है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सक्षम नेतृत्व में भारत अपनी सांस्कृतिक धरोहर, समृद्ध प्राचीन परंपराओं और ऐतिहासिक गौरव को विश्व पटल पर अत्यंत प्रभावशीलता और गर्व के साथ प्रस्तुत कर रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर में ब्रिक्स संस्कृति मंत्रियों और संस्कृति कार्य समूह की बैठकों के समापन अवसर पर मीडिया प्रतिनिधियों से चर्चा कर रहे थे।

ब्रिक्स संस्कृति मंत्रियों के गहन मंथन और बहुपक्षीय चर्चाओं के उपरांत सर्वसम्मति से भोपाल घोषणा पत्र को अपनाया गया, जो ब्रिक्स सदस्य देशों के बीच सांस्कृतिक संबंधों, विरासत संरक्षण और रचनात्मक अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए मील का पत्थर सिद्ध होगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भारतीय चिंतन के मूल मंत्रों–वसुधैव कुटुंबकम, जीओ और जीने दो तथा सर्वे भवंतु सुखिन:–का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत की यह प्राचीन अवधारणा विश्व शांति, सद्भाव और वैश्विक कल्याण की पक्षधर रही है। उन्होंने कहा कि देश का हृदय स्थल मध्यप्रदेश इस ऐतिहासिक आयोजन का साक्षी और मेजबान बनकर गौरवान्वित हुआ है।

मध्यप्रदेश की आध्यात्मिक चेतना, ऐतिहासिक स्थापत्य कला और जनजातीय विरासत का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सभी विदेशी मेहमानों को राज्य की समृद्ध कला-संस्कृति, विशिष्ट व्यंजनों और आत्मीय आतिथ्य का एक अलौकिक अनुभव प्राप्त हुआ है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इस बैठक के माध्यम से न केवल ब्रिक्स राष्ट्रों के बीच सांस्कृतिक साझेदारी प्रगाढ़ हुई है, बल्कि मध्यप्रदेश के पर्यटन, हस्तशिल्प और लोक कलाओं को भी अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर एक नई पहचान मिली है। उन्होंने इस ऐतिहासिक आयोजन के सफल प्रबंधन के लिए केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय और सभी सहभागी देशों के प्रतिनिधियों का हृदय से धन्यवाद और आभार व्यक्त किया।

### व्यावहारिक और दीर्घकालिक सहयोग का मार्ग प्रशस्त

केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि भारत की ब्रिक्स अध्यक्षता के अंतर्गत संस्कृति कार्य समूह की बैठकों का एक सुव्यवस्थित क्रम आयोजित किया गया। इसके अंतर्गत पहली ब्रिक्स संस्कृति कार्य समूह की बैठक 29-30 अप्रैल 2026 को वर्चुअल माध्यम से आयोजित की गई, दूसरी बैठक 4-5 जून 2026 को वाराणसी में और तीसरी बैठक 5-6 अगस्त 2026 को भोपाल में आयोजित की गई। इन बैठकों के गहन विचार-विमर्श का समापन 8 अगस्त 2026 को भोपाल में आयोजित 11वीं ब्रिक्स संस्कृति मंत्रियों की बैठक के साथ हुआ, जिसमें सर्वसम्मति से भोपाल घोषणा पत्र को पारित किया गया। केंद्रीय मंत्री श्री शेखावत ने कहा कि इस वर्ष भारत की अध्यक्षता में सम्मेलन की मूल थीम लचीलापन, नवाचार, सहयोग और स्थिरता के लिए निर्माण रखी गई थी।

### रचनात्मक अर्थव्यवस्था में सहयोग बढ़ाने पर सहमति व्यक्त

भोपाल घोषणा पत्र की मुख्य विशेषताओं को साझा करते हुए केंद्रीय मंत्री श्री शेखावत ने बताया कि ब्रिक्स देशों ने सांस्कृतिक और रचनात्मक उद्योगों तथा रचनात्मक अर्थव्यवस्था में सहयोग बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की है।

इसके तहत कलाकारों, शिल्पकारों और रचनाकारों की नेटवर्किंग, सर्वोत्तम प्रथाओं के आदान-प्रदान और डिजिटल माध्यमों के जरिए उन्हें अंतर्राष्ट्रीय बाजारों तक पहुँच प्रदान करने का तंत्र विकसित किया जाएगा। भारत के विशेष प्रस्ताव पर सभी ब्रिक्स एवं साझेदार देशों ने सर्वसम्मति से स्वैच्छिक कलाकार रजिस्ट्री बनाने का निर्णय लिया है, जिसका उद्देश्य कलाकारों का एक एकीकृत नेटवर्क तैयार करना और जन से जन संपर्क को सुदृढ़ बनाना है। केंद्रीय मंत्री श्री शेखावत ने बताया कि घोषणा पत्र में पारंपरिक ज्ञान प्रणालियों व सांस्कृतिक अभिव्यक्तियों के संरक्षण, संग्रहालयों, पुस्तकालयों और अभिलेखागारों के डिजिटलीकरण तथा दस्तावेजी धरोहरों के दीर्घकालिक संरक्षण के लिए संस्थागत ढांचा विकसित करने पर सहमति बनी है। भारत के सारनाथ स्तूप का उदाहरण देते हुए घोषणा पत्र में यूनेस्को की बहुराष्ट्रीय नामांकन प्रक्रिया के माध्यम से साझा सांस्कृतिक धरोहरों को वैश्विक मान्यता दिलाने में आपसी सहयोग का निर्णय भी शामिल किया गया है।

# ब्यावरा विधानसभा को प्रदेश में अव्वल बनाने के लिए समन्वित प्रयास करें अधिकारी : नारायण सिंह

भोपाल (स्वतंत्र मत)।



## अनुभाग स्तरीय विभागीय समीक्षा बैठक में योजनाओं, विकास कार्यों और जनसमस्याओं की समीक्षा कर अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

मछुआ कल्याण तथा मत्स्य विकास विभाग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार)नारायण सिंह पंवार की अध्यक्षता में शनिवार को ब्यावरा विधानसभा की अनुभाग स्तरीय विभागीय समीक्षा बैठक आयोजित हुई। राज्यमंत्री श्री पंवार ने विभिन्न विभागों द्वारा संचालित विकास कार्यों, जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन, विभागीय गतिविधियों तथा आमजन से जुड़े विषयों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों से योजनाओं की जमीनी स्थिति की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और कहा कि ब्यावरा विधानसभा को उत्कृष्ट एवं पूरे प्रदेश में अव्वल बनाने के लिए सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ पूरी प्रतिबद्धता से कार्य करना होगा। राज्यमंत्री श्री पंवार ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की प्रत्येक जनकल्याणकारी योजना का लाभ हर पात्र हितग्राही तक समय पर और पारदर्शी तरीके से पहुंचे, यह सुनिश्चित किया जाए। विकास कार्यों में गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न हो तथा सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किए जाएं। उन्होंने कहा कि अधिकारियों का दायित्व केवल कार्यालय तक सीमित नहीं है, बल्कि उन्हें नियमित रूप से क्षेत्र में पहुंचकर योजनाओं और विकास कार्यों की वास्तविक स्थिति का जायजा लेना चाहिए।

**शिक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए स्कूलों की रेंडम चेकिंग के निर्देश** – राज्यमंत्री श्री पंवार ने बैठक में विद्यालयों के परीक्षा परिणामों को लेकर चिंता व्यक्त की और शैक्षणिक स्तर में सुधार के लिए विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि विद्यालयों की रेंडम चेकिंग की जाए और शिक्षण व्यवस्था, विद्यार्थियों की उपस्थिति तथा पढ़ाई के स्तर की लगातार निगरानी की जाए। राज्यमंत्री श्री पंवार ने क्षेत्र में कुपोषित बच्चों की स्थिति की जानकारी ली और अधिकारियों को निर्देश दिए कि हर कुपोषित बच्चे की नियमित निगरानी एवं समुचित देखभाल सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी बच्चे को स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी सुविधाओं से वंचित नहीं रहना चाहिए तथा संबंधित अधिकारी जमीनी स्तर पर इसकी प्रभावी मॉनिटरिंग करें।

**किसानों की समस्याओं का प्राथमिकता से हो निराकरण** – राज्यमंत्री श्री पंवार ने कहा कि किसानों की प्रत्येक समस्या का प्राथमिकता से निराकरण होना चाहिए। क्षेत्र का किसान आत्मनिर्भर और समृद्ध बने, इसके लिए विभाग द्वारा लगातार प्रयास किए जाएं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा किसानों के हित में संचालित योजनाओं की जानकारी प्रत्येक किसान तक पहुंचाई जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि पात्र किसान किसी भी योजना के लाभ से वंचित न रहे। राज्यमंत्री श्री पंवार ने अधिकारियों से कहा कि वे केवल कार्यालयीन कार्यों तक सीमित न रहें, बल्कि नियमित रूप से फील्ड में जाएं और नागरिकों एवं किसानों से संवाद करें। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचेगी, तभी पात्र हितग्राही उनका लाभ ले सकेंगे।

**घुरैल पहाड़ी को हरा-भरा बनाने पर विशेष जोर** – राज्यमंत्री श्री पंवार ने वन विभाग की समीक्षा करते हुए क्षेत्र में हो रहे पौधारोपण की स्थिति की जानकारी ली और निर्देश दिए कि लगाए गए पौधों की देखभाल एवं संरक्षण पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि केवल पौधारोपण करना ही पर्याप्त नहीं है।

# दबंग ने युवक को मारी गोली

## पुलिस पर लीपापोती का आरोप

दमोह (स्वतंत्र मत)।

ग्राम कमता थाना गैसाबाद निवासी कन्नू कुशवाहा पर दबंग देवराज सिंह ठाकुर ने प्रणाम न करने और शराब के लिए 2000 रूपये न देने पर कट्टे से गोली चला दी। गोली कंधे को छूकर निकली। पीड़ित ने दमोह पहुंचकर समाजवादी पार्टी युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष योगेंद्र कुशवाहा से मुलाकात कर अपनी आपबीती सुनाई। योगेंद्र कुशवाहा ने पीड़ित के जख्म और घटना का वीडियो उजागर करते हुए पुलिस पर मामले को दबाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि पुलिस ने जानलेवा हमले को एफआईआर में महज हवाई फायर दर्शाया है। पीड़ित पक्ष ने एसपी दमोह को ज्ञापन सौंपकर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।



योगेंद्र कुशवाहा ने चेतावनी दी कि समाजवादी पार्टी गरीब और पिछड़ों पर अत्याचार बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने प्रशासन से आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी, सख्त धाराओं आईपीसी/बीएसएस में मामला दर्ज करने और पीड़ित परिवार को सुरक्षा देने की मांग की है।

# मुख्यमंत्री को दुबई में होने वाली एनुअल इन्वेस्टमेंट मीटिंग का आमंत्रण

**भोपाल (स्वतंत्र मत)।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से समत्व भवन, मुख्यमंत्री निवास में ग्लोबल फाउंडेशन दुबई के प्रेसिडेंट डॉ. दाऊद अल शेजावी ने भेंट की। डॉ. शेजावी ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को 7 से 9 सितंबर तक दुबई में होने वाली एनुअल इन्वेस्टमेंट मीटिंग कांग्रेस-2026 के 15वें संस्करण का आमंत्रण दिया। इस कार्यक्रम में मुख्य फोकस सस्टेनेबल निवेश , डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन, आर्थिक विविधिता, उभरते बाजार और अंतर्राष्ट्रीय साझेधारी पर रहेगा। आयोजन की थीम रीशेपिंग ग्लोबल प्रास्परेटी = अन्लाकिंग न्यू इन्वेस्टमेंट पाथवे टूवर्ड्स अ सस्टेनेबिल एण्ड इन्क्लूसिव फ्यूचर है। डॉ. शेजावी ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को जानकारी दी कि गत वर्ष हुई एनुअल इन्वेस्टमेंट मीटिंग में 180 से अधिक देशों के 15 हजार प्रतिनिधि शामिल हुए थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव से डॉ. शेजावी की भेंट के अवसर पर अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय नीरज मंडलोई और एमपी औद्योगिक विकास निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक चंद्रमौली शुक्ला उपस्थित थे।



औद्योगिक विकास के लिए प्रतिबद्ध मध्यप्रदेश सरकार द्वारा गत ढाई वर्ष में किए गए निवेश के प्रयासों को जमीन पर उतारने में सफलता मिल रही है। इस नाते दुबई में हो रहा आयोजन प्रदेश के लिए उपयोगी और महत्वपूर्ण रहेगा। इस एनुअल इन्वेस्टमेंट मीटिंग में वैश्विक निवेशकों के समक्ष निवेश- योग्य परियोजनाओं, नीतियों और क्षेत्रीय अवसरों को प्रदर्शित करने तथा बी2जी/बी2बी संवाद बढाने का अवसर है। मैन्यूफैक्चरिंग, नवकरणीय ऊर्जा, लॉजिस्टिक्स, आईटी/आईटीइएस, टेक्सटाइल, फूड प्रोसेसिंग, पर्यटन और नई तकनीकों में मध्यप्रदेश की निवेश क्षमता को वैश्विक स्तर पर पोजिशन करने का मंच भी रहेगा। इसके अलावा अंतर्राष्ट्रीय साझेदारियां विकसित करने और प्राथमिक क्षेत्रों में निवेश आकर्षित करने का मध्यप्रदेश को विशेष अवसर मिलेगा।

# नीट में 542 अंक हासिल कर वैष्णवी ने बढ़ाया गांव का मान

पथरिया (स्वतंत्र मत)।

मेहनत, लगन और आत्मविश्वास के दम पर ग्राम बांसाकलां की छात्रा वैष्णवी विश्वकर्मा ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा नीट में शानदार प्रदर्शन करते हुए 720 में से 542 अंक हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। सीमित संसाधनों के बावजूद वैष्णवी ने किसी बड़े कोचिंग संस्थान का सहारा लेने के बजाय घर पर रहकर ही परीक्षा की तैयारी की और अपनी मेहनत के बल पर यह उल्लेखनीय सफलता हासिल की। वैष्णवी की इस उपलब्धि से परिवार के साथ-साथ ग्राम बांसाकलां और पथरिया क्षेत्र में भी खुशी का माहौल है। उनकी सफलता ने यह साबित कर दिया




कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और मेहनत ईमानदारी से की जाए तो घर पर रहकर भी बड़ी प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता हासिल की जा सकती है। वैष्णवी की तैयारी में प्राचार्य प्रशांत फट्टा का भी महत्वपूर्ण मार्गदर्शन रहा। उन्होंने समय-समय पर वैष्णवी को उचित दिशा और परीक्षा की तैयारी को लेकर मार्गदर्शन दिया जिसका परिणाम उनकी शानदार उपलब्धि के रूप में सामने आया।

# मूंग भंडारण एवं व्यापार में अनियमितताओं पर प्रशासन की सख्ती

## हटा अनुविभाग में गल्ला दुकानों, गोदामों और वेयरहाउस की जांच

दमोह (स्वतंत्र मत)।

कलेक्टर प्रताप नारायण यादव के निर्देश पर हटा अनुविभाग में मूंग के भंडारण तथा नियम विरुद्ध तरीके से किए जा रहे व्यापार और गोदामों में भंडारण की लगातार जांच की जा रही है। इसी क्रम में अनुविभागीय अधिकारी हटा राकेश मरकाम के नेतृत्व में प्रशासन द्वारा विभिन्न गल्ला दुकानों, गोदामों और वेयरहाउस का निरीक्षण किया गया। आज अनुविभागीय अधिकारी हटा राकेश मरकाम एवं तहसीलदार उमेश तिवारी ने संयुक्त रूप से रनेह क्षेत्र में संचालित गल्ला दुकानों, गोदामों एवं वेयरहाउस की जांच की। जांच के दौरान कुछ



स्थानों पर नियम विरुद्ध तरीके से दुकान संचालन पाए जाने पर संबंधित दस्तावेज जब्त किए गए तथा संबंधितों को नोटिस जारी कर नियमानुसार कार्रवाई की गई। इसके साथ ही हटा तहसील मुख्यालय स्थित रसीलपुर वेयरहाउस एवं श्रीवास्तव वेयरहाउस का भी अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मूंग सहित अन्य कृषि उपज के भंडारण, उपलब्ध स्टॉक एवं स्टॉक पंजी सहित आवश्यक दस्तावेजों की जांच की गई। जांच के दौरान दस्तावेज जब्त कर संबंधितों को नोटिस जारी किए गए हैं। एसडीएम श्री मरकाम ने बताया कि मूंग के भंडारण एवं व्यापार में नियमों का पालन सुनिश्चित करने के लिए लगातार जांच एवं निगरानी की जा रही है। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधितों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# शासकीय महाविद्यालय पथरिया में लर्निंग लाइसेंस कैंप का आयोजन

दमोह (स्वतंत्र मत)।

माधवराव सप्रे शासकीय महाविद्यालय पथरिया में रासेयों एनएसएस के तत्वाधान में जिला परिवहन कार्यालय के सहयोग से नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए लर्निंग लाइसेंस बनाने हेतु 8 अगस्त को कैम्प का आयोजन किया गया। जिला परिवहन कार्यालय से अधिकारी अभिषेक दीक्षितए राहुल पटेल कम्प्यूटर ऑपरेटर द्वारा महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को बताया कि वह कैसे स्वयं ऑनलाइन ड्राइविंग लाइसेंस बना सकते है इसके पश्चात् अनेक छात्राओं के ड्राइविंग लायसेंस भी जनरेट किये। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. गजेन्द्र नामदेव



द्वारा छात्र-छात्राओं को ड्राइविंग लाइसेंस क्यों जरूरी है, इसके बारे में बताया। एनएसएस कार्यक्रम डॉ. जगदीश अहिरवार ने यातायात के नियमों के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में छात्रा इकाई अधिकारी डॉ. सरिता नेमा, एनसीसी अधिकारी डॉ. किरण सिंह, डॉ. देवेश कुमार, सत्यनारायण लडिया, डॉ. खुदैजा अंसारी, डॉ. सुधीर साहू, राहुल कुर्मी, डॉ. हरिओम सोनी, राहुल मुखुटी सहित अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

# जबेरा पुलिस ने लूट का किया खुलासा, 3 आरोपी गिरफ्तार

## मिर्ची पाउडर डालकर लूट की घटना को दिया था अंजाम

**जबेरा (स्वतंत्र मत)।** जिला पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी के कुशल निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदोरिया व एसडीओपी तेंदूखेड़ा अर्चना अहीर के मार्गदर्शन में थाना जबेरा पुलिस ने लूट की घटना का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूटा गया मशरूका भी बरामद किया है। थाना प्रभारी रविंद्र बागरी के अनुसार 5 अगस्त को फरियादी संदीप राय पिता पवन राय 28 वर्ष निवासी भाटखमटिया ने थाना जबेरा में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। फरियादी ने बताया कि 4 अगस्त की रात करीब 11 बजे वह अपने दोस्त



शुभम साहू के साथ मोटर साइकिल क्र.एमपी20एनडी0372 से जबेरा जा रहा था। दाने बाबा मंदिर के पास बिदारी घाटी पर अज्ञात युवकों ने उसकी मोटर साइकिल रोककर आंखों में मिर्ची पाउडर डाल दिया और मारपीट करते हुए जेब में रखे दो मोबाइल, 20 हजार रुपये, कपड़ों का बैग और मोटर साइकिल की चाबी लूटकर फरार हो गए। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना जबेरा में अपराध क्रमांक 219/26 धारा 126 (2) 309 (6) 3 (5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

**मुखबिर की सूचना पर हुई कार्यवाही** – घटना की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी रविंद्र बागरी के नेतृत्व में विशेष पुलिस टीम गठित की गई। पुलिस ने मुखबिर तंत्र एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर चंदन उर्फ बहेरा पिता छोटा चौधरी उम्र 22 वर्ष निवासी जबेरा ईदूल नवी उर्फ कचरा पिता नजर मोहम्मद उम्र 26 वर्ष निवासी कटंगी जिला जबलपुर तथा राहुल यादव पिता किशन लाल यादव उम्र 21 वर्ष निवासी कटंगी जिला जबलपुर को गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने वारदात करना स्वीकार किया। आरोपियों की निशादेही पर पुलिस ने लूटा गया मशरूका बरामद किया तथा घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल को भी जब्त किया गया। पुलिस की इस कार्रवाई में थाना प्रभारी रविंद्र बागरी एचौकी प्रभारी सिंग्रामपुर विकास सिंह चौहानए एस आई गणेश दुबे, एएसआई माधव रायएप्रधान आरक्षक देवेंद्र रैकवार, ऋषभ जैन, वीरेंद्र बाड़ेकर, आरक्षक विवेक कटारे, राजू बास्केल, अनमोल दीक्षित, प्रवीण, यशराज, अवेश खान, महिला आरक्षक अपर्णा पाठक, साइबर टीम से प्रधान आरक्षक सौरभ टंडन, राकेश आठ्या, आरक्षक मयंक दुबे, रोहित राजपूत सहित पुलिस टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस अधिकारियों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मामले का खुलासा किया।

**न्यायालय तहसीलदार तहसील गोरखपुर जिला जबलपुर**

रा.प्र.क./0790 / अ - 6 / 2026-27
गोरखपुर दिनांक 07/08/2026

**आम इश्तहार**

एदत् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता मौजा हिरदेपुर तहसील गोरखपुर जिला जबलपुर द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक / आवेदिका - श्रीमति रेखा तिवारी पति स्व. विजय कुमार तिवारी निवासी- म.नं. 736 संजीवनी नगर गढ़ा जिला जबलपुर द्वारा मौजा हिरदेपुर प.ह.नं. 20 रा.नि.मं. गढ़ा तहसील गोरखपुर जिला जबलपुर स्थित भूमि वर्तमान खसरा 44/4 रकवा 0.0190 हेक्टे. पर फौती के आधार पर नामांतरण हेतु आवेदन पत्र न्यायालय मे पेश किया गया है। उक्त प्रकरण इस न्यायालय मे प्रचलित है। प्रकरण के संबंध मे किसी भी व्यक्ति/ संस्था को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अधिवक्ता या अधिकृत प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 21/8 /2026 तक प्रस्तुत कर सकते है।
इश्तहार न्यायालय की मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 7/8/2026 को जारी।
पेशी दिनांक 21/8/2026

**तहसीलदार गोरखपुर जबलपुर**

**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल भेड़ाघाट रोड, धनवंतरी नगर, जबलपुर म.प्र. पिन-482003**

**भवन लीज हस्तांतरण / नामांतरण हेतु सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि धनवंतरी नगर जबलपुर में भवन क्रमांक MIG-D- 07 श्रीमति पूना उपाध्याय पति स्व. श्री आयोध्या प्रसाद उपाध्याय एवं श्रीमति निधि तिवारी पति श्री अवधेश तिवारी के नाम आवंटित है, जिसका विक्रय विलेख दिनांक 16.01.2009 को आवंटी के पक्ष में निष्पादित हो चुका है। उक्त भवन श्रीमति पूना उपाध्याय पति स्व. श्री आयोध्या प्रसाद उपाध्याय एवं श्रीमति निधि तिवारी पति श्री अवधेश तिवारी ने पंजीकृत हक त्याग विलेख दिनांक 10.06.2026 के माध्यम से श्रीमति निधि तिवारी पति श्री अवधेश तिवारी को हक त्याग कर किया है। अतः श्रीमति निधि तिवारी पति श्री अवधेश तिवारी द्वारा उक्त भवन उनके नाम लीज हस्तांतरण हेतु दस्तावेज / आवेदन इस कार्यालय में प्रस्तुत किये गये हैं। यदि किसी व्यक्ति, संस्था आदि को उपरोक्त लीज हस्तांतरण (भवन/भूखण्ड) बावत् आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अंदर लिखित में वैद्य आपत्ति सप्रमाण प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात् लीज हस्तांतरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। जिस पर किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, जबलपुर**

**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल भेड़ाघाट रोड, धनवंतरी नगर, जबलपुर म.प्र. पिन-482003**

**भवन लीज हस्तांतरण/नामांतरण हेतु सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पुरवा कॉलोनी जबलपुर में भवन क्रमांक LIG- 1134 श्रीमति सरोज वर्मा पति स्व. श्री प्रेम प्रकाश वर्मा के नाम आवंटित है, जिसका विक्रय विलेख दिनांक 20.03.2015 को आवंटी के पक्ष में निष्पादित हो चुका है। उक्त भवन श्रीमति सरोज वर्मा पति स्व.श्री प्रेम प्रकाश वर्मा ने पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 27.07.2026 के माध्यम से श्रीमति किरण श्रीवास्तव पति श्री राजेन्द्र श्रीवास्तव को विक्रय किया है। अतः श्रीमति किरण श्रीवास्तव पति श्री राजेन्द्र श्रीवास्तव द्वारा उक्त भवन उनके नाम लीज हस्तांतरण हेतु दस्तावेज / आवेदन इस कार्यालय में प्रस्तुत किये गये हैं। यदि किसी व्यक्ति, संस्था आदि को उपरोक्त लीज हस्तांतरण (भवन / भूखण्ड) बाबत् आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अंदर लिखित में वैद्य आपत्ति सप्रमाण प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात् लीज हस्तांतरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। जिस पर किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र जबलपुर**



**पुराने लंबित मामलों का तत्काल करें निपटारा**

## लोक सेवा गारंटी के प्रकरणों पर कलेक्टर ने दिए निर्देश

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)** । कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने कलेक्टर कार्यालय में राजस्व विभाग के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में लोक सेवा गारंटी के तहत लंबित एवं समय.सीमा से बाहर हो रहे प्रकरणों की समीक्षा के दौरान उन्होंकने अधिकारियों से कहा कि अपने कार्य संस्कृबति को प्रभावी बनायें। साथ ही कहा कि पुराने लंबित प्रकरणों का निराकरण प्राथमिकता से करें। समीक्षा के दौरान नामांतरण, सीमांकन, पीएम किसान, ई केवायसी सहित अन्य राजस्व प्रकरणों की स्थिति की जानकारी ली गई।

**डुमना रोड पर भीषण सड़क हादसा**

## तेज रफ्तार कार ने युवकों को मारी टक्कर

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)** । डुमना रोड पर प्रियदर्शनी कॉलोनी के पास एक अनियंत्रित और तेज रफ्तार होंडा सिटी कार ने बाइक सवार दो युवकों को सीधी टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि कार के परखच्चे उड़ गए और बाइक सवार दोनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जा रहा है कि बलदेव बाग क्षेत्र के रहने वाले दो युवक बाइक पर सवार होकर डुमना रोड से गुजर रहे थे, तभी प्रियदर्शनी कॉलोनी के सामने सामने से आ रही तेज रफ्तार कार ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया।





# पंचायत विभाग के बाबू के पास निकली बेशुमार दौलत

## लोकायुक्त ने एक साथ 5 ठिकानों पर दी दबिश

### सिवनी के क्षेत्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज प्रशिक्षण केंद्र में पदस्थ है आरोपी

### आय से 500 गुना ज्यादा संपत्ति का खुलासा

जबलपुर (स्वतंत्र मत)





लोकायुक्त पुलिस की टीम ने शनिवार तड़के सुबह क्षेत्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज प्रशिक्षण केंद्र सिवनी में पदस्थ बाबू सुभाष शर्मा के जबलपुर और सिवनी स्थित 5 ठिकानों पर एक साथ छापा मारकर करोड़ों की संपत्ति को उजागर किया गया। बताया जा रहा है कि लोकायुक्त की इस कार्यवाही में आरोपी बाबू सुभाष शर्मा के पास से आय से 500 गुना से अधिक संपत्ति का पता चला है।

### फार्म हाउस से लेकर कई सम्पत्तियों का खुलासा

जानकारी के मुताबिक लोकायुक्त ने यह कार्यवाही सुबह लगभग 5 बजे शुरू की। जांच के दौरान सहायक ग्रेड-2 शर्मा के घर से 5 करोड़ की जमीन, प्लॉट और एक करोड़ 20 लाख मूल्य के फार्म हाउस और 2 मकानों के दस्तावेज मिले हैं। इतना ही नहीं शर्मा ने सभी संपत्ति पत्नी शीला शर्मा के नाम खरीदी है। जांच में आरोपी सुभाष शर्मा की आय की तुलना में संपत्ति और खर्च काफी अधिक पाए गए हैं। जांच के मुताबिक यह अनुपात 543.19 प्रतिशत है। फिलहाल आरोपी के ठिकानों पर छापे की कार्यवाही जारी है।

### अलग-अलग टीमों ने मारा एक साथ छापा

लोकायुक्त ने कार्यवाही के लिए अलग-अलग टीमें गठित की थीं। डीएसपी रेखा प्रजापति के नेतृत्व में निरीक्षक जितेंद्र यादव, राहुल गजभिए और शशि मस्कुले की टीम ने सुभाष शर्मा के जबलपुर स्थित निवास पर दबिश दी। वहीं, डीएसपी नीतू त्रिपाठी के नेतृत्व में दूसरी टीम पाटन तहसील क्षेत्र के एक गांव में स्थित उनके फार्म हाउस पर जांच कर रही है। दोनों स्थानों पर लोकायुक्त की टीमें दस्तावेज, संपत्ति से जुड़े कागजात और अन्य रिकॉर्ड खंगाल रही हैं। अधिकारियों के मुताबिक जांच और संपत्तियों के मूल्यांकन की कार्रवाई जारी है। जांच पूरी होने के बाद संपत्ति से जुड़े और भी तथ्य सामने आने की





# बच्चों ने रंगबिरंगे सुंदर चित्र बनाकर कल्पना को किया साकार

### श्रीमति किरन देवी अग्रवाल स्मृति बाल चित्रकला स्पर्धा का हुआ आयोजन

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

चित्रकला प्रतियोगिता बच्चों में कल्पना को साकार करने का आत्मविश्वास पैदा करती है, यही विश्वास उन्हें जीवन में भी सफलता प्रदान करता है। उपरोक्त आशय के विचार गुंजन कला सदन मप्र द्वारा बुंदेली दिवस समारोह के तारतम्य में श्रीमति किरण देवी अग्रवाल स्मृति बाल चित्रकला स्पर्धा का शुभारंभ करते हुए हितकारिणी हायर सेकंडरी स्कूल गोविंदगंज में अतिथियों ने व्यक्त किए। श्रीमती किरण देवी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्पांजलि के उपरांत अतिथियों लायन राजीव अग्रवाल, एड. अभय शुक्ला, सुरेश सराफ, हिमांशु तिवारी, लायन नरेंद्र जैन, प्राचार्य ज्योत्सना दीक्षित, सारिका मिश्रा का स्वागत मोतियों की माला से विजय जायसवाल, डॉ. रजनीश गर्ग, राजीव गुप्ता, विक्रम परवार, एड. अतुल श्रीवास्तव, भारती साहा, रेखा सहाने, प्रभा विश्वकर्मा, विमला श्रीवास्तव, रमाकांत गौतम, राजेन्द्र तिवारी ने किया । हितकारिणी गोविंदगंज हितकारिणी बीटी बंगला गढ़ा, स्कॉटिश कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल महाराजपुर एवं सेंट्रल एकेडमी स्कूल, मथुरा विहार विजयनगर में एक साथ प्रारंभ इस प्रतियोगिता में केजी स्तर से लेकर हायर सेकंडरी स्तर तक के लगभग एक हजार से अधिक बच्चों ने भाग लिया।

### स्वतंत्रमत समाचार पत्र ने की सहभागिता

बच्चों ने महापुरुषों, मेलों, प्राकृतिक दृश्यों, खेलकूद के दृश्यों, ग्रेंड पेरेंट्स सहित विभिन्न विषयों पर रंगबिरंगे सुंदर चित्र बनाए। सभी प्रतिभागी बच्चों को उपस्थित जनों ने सहभागिता प्रमाण पत्र एवं उपहार प्रदान किये। कार्यक्रम में स्वतंत्रमत समाचार पत्र की सहभागिता रही । संचालन राजेश पाठक प्रवीण ने एवं आभार सुनील श्रीवास्तव ने व्यक्त किया। विजेताओं को पुरस्कार वितरण 1 सितंबर को संध्या 7 बजे से शहीद स्मारक प्रेक्षागृह, गोलबाजार में आयोजित बुंदेली दिवस समारोह में किया जाएगा।

## पुलिसकर्मी से मारपीट के आरोपी को 6 माह की सजा

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी ऋचा बठेजा की अदालत ने पुलिसकर्मी से गाली-गलौज और मारपीट करने के मामले में आरोपी अजय बंसल को दोषी ठहराते हुए 6 माह के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने आरोपी पर कुल 5500 रुपए का अर्थदंड भी लगाया है। मामला वर्ष 2017 में ओमती थाना क्षेत्र का है। अभियोजन के अनुसार आरक्षक तरुण सिंह ठाकुर सरकारी वाहन से पुलिस लाइन लौट रहे थे, तभी ओला कार सवार आरोपियों ने उनका रास्ता रोककर गाली-गलौज करते हुए मारपीट की थी। घटना में आरक्षक के पीठ और कंधे में चोट आई थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच के बाद न्यायालय में चालान पेश किया था। अभियोजन की ओर से सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी अजीता सिंह बैस ने पैरवी की।

## तालाब के पास चरने गई 4 भैंसे हुई चोरी

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** सिहोरा थाना अतंर्गत तालाखेड़ा तालाब के पास चराने के लिए छोड़ी गई चार भैसों को अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। सिहोरा पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम मोहल निवासी 57 वर्षीय श्यामलाल पटेल गत सुबह लगभग 8 बजे अपनी दो भैंसे तालाखेड़ा तालाब के पास चराने छोड़ आया था गांव के बृजेश पटेल, आदर्श पटेल भी अपनी एक-एक भैंस चराने के लिये तालाखेड़ा तालाब के पास चरने के लिये छोड़े थे, जब चारों भैंस शाम तक घर वापस नहीं आई तो तीनों भैंसों की आसपास तलाश की, जो नहीं मिली। चारों भैंसो को अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## स्वास्थ्य कार्यक्रमों पर कलेक्टर ने ली समीक्षा बैठक

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** कलेक्टर राघवेंद्र सिंह की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग के विभिन्न कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक गहलोत, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ नवीन कोठारी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में मातृ स्वास्थ्य, टीकाकरण, दस्तक अभियानए टीबी नियंत्रण, गैर संचारी रोग, स्वस्थ यकृत मिशन, फूड बास्केट वितरण और होप कार्यक्र म की प्रगति की समीक्षा की गई।

## पमरे महाप्रबंधक ने निरीक्षण कर जांची यात्रियों की सुविधाएं

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

पश्चिम मध्य रेलवे के महाप्रबंधक दिलीप कुमार सिंह ने शनिवार 08 अगस्त को भोपाल मंडल के विभिन्न महत्वपूर्ण रेल परिसरों, कोच अनुरक्षण सुविधाओं, स्टेशनों एवं रेलखंड का विस्तृत निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने रेल संरक्षा, यात्री सुविधाओं, अनुरक्षण व्यवस्था तथा रेल आधारभूत संरचनाओं का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। महाप्रबंधक श्री सिंह ने अपने निरीक्षण कार्यक्रम की शुरुआत मंडल प्रशिक्षण केंद्र से की। उन्होंने यहां स्थापित कंप्यूटर आधारित परीक्षा केंद्र का उद्घाटन किया। इस सुविधा से रेलवे की विभिन्न परीक्षाओं एवं चयन प्रक्रियाओं को आधुनिक एवं व्यवस्थित तरीके से संचालित करने में सुविधा होगी। इसके पश्चात महाप्रबंधक ने आईओएच सुविधा का निरीक्षण किया तथा यहां विकसित एकीकृत कोच अनुरक्षण सुविधा का उद्घाटन किया। इस आधुनिक सुविधा से कोचों के अनुरक्षण कार्य को अधिक व्यवस्थित, प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से संपादित करने में मदद मिलेगी। महाप्रबंधक ने रानी कमलापति कोचिंग डिपो में स्मार्ट पिट लाइटिंग सिस्टम का उद्घाटन किया।

## 9 माह से संदिग्ध अवस्था में खड़े वाहनों की आरपीएफ ने की जांच



**जबलपुर।** रेलवे स्टेशन के वाहन पार्किंग स्टैंड में लंबे समय से लावारिस खड़े वाहनों की आरपीएफ द्वारा सघन जांच की गई। बताया जा रहा है कि आरपीएफ ने ऐसे वाहनों को चिह्नित कर कार्रवाई के लिए एंटी-सबोटेज जांच अभियान शुरू किया है। यह अभियान अब पश्चिम मध्य रेलवे के अन्य स्टेशनों पर भी लगातार चलाया जाएगा। रेल सुरक्षा और यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से टीम ने निरीक्षक राजीव खरब और एसआई प्रवीण कुमार के नेतृत्व में प्लेटफॉर्म नंबर-1 और प्लेटफॉर्म नंबर-6 स्थित वाहन पार्किंग स्टैंड में डॉग स्क्वॉड की मदद से सघन जांच की। जांच के दौरान दोनों पार्किंग स्टैंड में कोई संदिग्ध वस्तु या विस्फोटक सामग्री नहीं मिली। इसके बाद स्टेशन परिसर की सुरक्षा व्यवस्था को संतोषजनक पाया गया। अधिकारियों के अनुसार रेलवे स्टेशनों पर सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत रखने के लिए एंटी-सबोटेज जांच अभियान जारी रहेगा। पार्किंग स्थलों पर लंबे समय से खड़े और संदिग्ध वाहनों की पहचान की जाएगी। डॉग स्क्वॉड की मदद से वाहनों और आसपास के क्षेत्रों की जांच कर यह सुनिश्चित किया जाएगा कि किसी तरह की संदिग्ध या विस्फोटक सामग्री मौजूद न हो।

## हैवान बना बेटा, 75 साल की माँ को घसीटते हुए मारे कई थप्पड़



### वीडियो में कैद हुई करतूत, रांझी क्षेत्र का मामला

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

एक कलयुगी बेटे द्वारा 75 वर्षीय अपनी मां को बेरहमी से घसीटते और पीटते हुए एक वीडियो सामने आया है। बताया जा रहा है कि यह घटना रांझी अशोक बिहार कॉलोनी की है। इस घटना के वक्त स्थानीय रहवासियों ने आरोपी बेटे की पूरी करतूत वीडियो में कैद कर ली। मारपीट कर रहे बेटे का नाम राजू विश्वकर्मा की है, जो कि अक्सर अपनी बुजुर्ग मां के साथ मारपीट करता है। कॉलोनी में रहने वाले सोमेश सोनी ने बताया कि राजू अपनी 75 वर्षीय मां के साथ आए दिन शराब पीकर मारपीट करता है।

### पहले भी हुई कई बार शिकायत

इस बीच शनिवार को एक बार फिर राजू शराब पीकर आया और बूढ़ी मां के साथ मारपीट करने लगा। इससे पहले भी कई बार मारपीट की है। पड़ोस में रहने वाले लोग समझाते हैं तो उनके साथ भी गाली-गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी देता है। सोमेश का कहना है कि इससे पहले भी कई बार रांझी थाना पुलिस को राजू के खिलाफ लिखित में शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की है, पर जब पुलिस ने इस पर ध्यान नहीं दिया तो आरोपी बेटे के हौसले बढ़ गए, जिसके बाद अब वह आए दिन मां के साथ मारपीट करता है। राजू शराब पीकर घर पहुंचा मां के साथ मारपीट की और फिर उसे घसीटते हुए रोड पर लेकर आया, जहां सरेराह मारपीट की। इस मामले में पुलिस ने आरोपी के ऊपर कठोर कार्यवाही करने की बात कही है।

# जबलपुर-कोलकाता के बीच हवाई सफर शुरू 28 यात्रियों को लेकर उड़ा पहला विमान





### जनप्रतिनिधियों ने किया यात्रियों का स्वागत

### दिया वाटर केनन सैल्यूट

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

जबलपुर और कोलकाता के बीच प्रतीक्षित सीधी हवाई सेवा का शनिवार को विधिवत शुभारंभ हो गया। एलायंस एयर का एटीआर-72 विमान सुबह कोलकाता से उड़ान भरकर 9.20 बजे जबलपुर के डुमना एयरपोर्ट पहुंचा। इसके साथ ही महाकौशल क्षेत्र को पूर्वी भारत से सीधी हवाई कनेक्टिविटी मिल गई। डुमना विमानतल पर कोलकाता से आई पहली उड़ान का वाटर केनन सैल्यूट से स्वागत किया गया। नई सेवा के शुभारंभ पर डुमना एयरपोर्ट को फूलों और बैनरों से सजाया गया था। सांसद आशीष दुबे के नेतृत्व में कोलकाता से आए यात्रियों और जबलपुर से कोलकाता जा रहे यात्रियों का स्वागत किया गया। सांसद श्री दुबे और अन्य जनप्रतिनिधियों ने यात्रियों को बोर्डिंग पास और पुष्प गुच्छ देकर अभिनंदन किया और उन्हें नई उड़ान के लिए शुभकामनाएं दीं।

### लंबे समय से थी मांग

विमान सुबह कोलकाता से 7.05 बजे रवाना हुआ और 9.20 बजे जबलपुर पहुंचा। ठहराव के बाद यही विमान सुबह 10 बजे जबलपुर से कोलकाता के लिए रवाना हुआ और दोपहर 12.35 बजे कोलकाता पहुंचा। शुभारंभ अवसर पर सांसद आशीष दुबे ने कहा कि जबलपुर-कोलकाता सीधी उड़ान पूरे महाकौशल के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि लंबे समय से क्षेत्र के नागरिकों, बांग्लाभाषी समाज, छात्रों, व्यापारियों और उद्योग जगत की ओर से कोलकाता के लिए सीधी उड़ान की मांग की जा रही थी। इस अवसर पर मप्र मेला एवं तीर्थ क्षेत्र प्राधिकरण के अध्यक्ष विनोद गोंटिया, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, भाजपा प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, विधायक अशोक रोहाणी, अभिलाष पांडे, निगम अध्यक्ष रिकुंज विज, जेडीए अध्यक्ष संदीप जैन, भाजपा ग्रामीण जिलाध्यक्ष राजकुमार पटेल आदि उपस्थित रहे।




हितकारिणी प्रकाशन प्रायवेट लिमिटेड के लिए **प्रकाशक एवं मुद्रक- राम असरानी** द्वारा प्रेस काम्पलेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस, सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. **प्रबंध सम्पादक- सुबोध दुबे, सम्पादक- राजेन्द्र मिश्रा,** *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयनार्थ उत्तरदायी।
ई-मेल-smatjbp1@gmail.com, फोन- 0761-2411414, 4032436 समस्त विवाद जबलपुर न्यायालयाधीन. पोस्टल रजि. नं. एसएसपी जबलपुर/13/2026-28, **RNI No. 64561/96.**